आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

लखनऊ में आरटीई दाखिले को लेकर सख्ती: सिटी मोंटेसरी...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



रविवार 29 जून, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 254 | www.janexpresslive.com/epaper

पीएम मोदी ने स्पेस मिशन पर गए शुभांशु... 12

## माफियाओं के सामने नाक रगड़ते थे जाति के नाम पर बांटने वाले, कहा

# एक रहोगे तो नेक रहोगे: सीएम योगी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**





दानवीर भामाशाह जयंती और व्यापारी कल्याण दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातिगत विभाजन पैदा करने वालों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जाति के नाम पर समाज को बांटने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने सत्ता में रहते हुए माफियाओं के सामने नाक रगड़ी और सरकार को गिरवी रख दिया था। उन्होंने कहा कि ये लोग पहले नौकरी के नाम पर वसूली करते थे, अब जाति के नाम पर बांटने का काम कर रहे हैं इसीलिए मैं कहता हूं कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सबसे ज्यादा राजस्व कर देने वाले व्यापारियों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद को शिकागो धर्म सम्मेलन में भेजने के लिए मैसूर के राजा चामराजेन्द्र वाडियार और खेतड़ी के राजा अजीत सिंह के सहयोग की चर्चा की। साथ ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को विदेश पढ़ाई के लिए वडोदरा के राजा सैयाजीराव गायकवाड द्वारा दी गई स्कॉलरशिप का जिक्र करते हुए कहा कि इन महापुरुषों के सहयोग में जाति कहां थी? ये सहयोग सात्विक और सकारात्मक भाव से किया गया, जिसके परिणामस्वरूप विश्व को विवेकानंद और अंबेडकर जैसे रत्न मिले। सीएम योगी ने कहा कि भामाशाह ने अकबर से लड़ने के लिए अपनी पूरी संपत्ति महाराणा प्रताप को दान कर दी और उनका यही त्याग 'नेशन फर्स्ट' की भावना का प्रतीक है।

### रोजगार सृजन और नदी संरक्षण से जुड़े व्यापारी

मुख्यमंत्री ने श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि धन की तीन गति होती हैं- दान, भोग और नाश। दान देश, काल और पात्र को देखकर किया जाए तो वह पीढ़ियों को यशस्वी बनाता है। भामाशाह का दान सात्विक था। उन्होंने ने व्यापारियों से कहा कि आप आज के 'भामाशाह' हैं। इस रूप में हर जिले में एक नदी के पुनरोद्धार, पौधरोपण और रोजगार सृजन से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महापौर सुषमा खर्कवाल, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, विधायक डॉ नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, व्यापारी कल्याण बोर्ड यूपी के पूर्व अध्यक्ष रविकांत गर्ग, संदीप बंसल, राज्य कर विभाग के प्रमुख सचिव एम. देवराज और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने इन व्यापारियों का किया सम्मान

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सर्वाधिक कर देने वाले एवं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों में रचना गर्ग (913 करोड़ जीएसटी), हेमंत शर्मा (436 करोड़), इंडियन आयल (13138 करोडड़ वैट), भारती एयरटेल (246 करोड़) और वरुण बेवेरेजेस (246 करोड़) के अलावा नितेश अग्रवाल, प्रतीश कुमार, राजेश कुमार अग्रहरि, डॉ मिथिलेश अग्रवाल, अरविंद चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, पुष्पदंत जैन, दिनेश गोयल, साहिल गर्ग को मुख्यंमंत्री ने सम्मानित किया।

### हर वर्ष प्रत्येक जनपद में आयोजित होगा व्यापारी कल्याण दिवस

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि हर वर्ष प्रदेश के शीर्ष 10 जीएसटी देने वाले व्यापारियों को लखनऊ और प्रत्येक जनपद के शीर्ष 10 व्यापारियों को स्थानीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। दुर्घटना का शिकार होने वाले पंजीकृत व्यापारियों को 10 लाख रुपये की सहायता भी इस दिन दी जाएगी।

### व्यापारी और बेटी की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों का टिकट यमराज काटेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 में लखनऊ में व्यापारी की निर्मम हत्या हुई। सुल्तानपुर में सराफा व्यवसायी को गोली मारी गई। उस समय की सरकार लुटेरों को संरक्षण दे रही थी। हमारी सरकार ने व्यापारी और बेटी की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों का टिकट यमराज काटेंगे। जब बदमाशों का हिसाब हुआ, तब जाति के नाम पर बांटने वाले घड़ियाली आंसू बहाने लगे। जाति के नाम पर बांटने वालों ने 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' की तर्ज पर 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' का मॉडल चलाया।

## सिस्टम बेबस, बेटा मजबूर: मां के शव को स्ट्रेचर पर एक किमी पैदल ले गया

- यमुना पुल की मरम्मत के चलते शव वाहन को नहीं दी गई एंट्री
- गिड़गिड़ाते रहे परिजन, प्रशासन ने नहीं दिखाई कोई नरमी
- बेटे ने मां के शव को स्ट्रेचर पर रखकर पार किया पुल
- हर शनिवार-रविवार को वाहनों की आवाजाही पर रोक से लोग परेशान



**जन एक्सप्रेस। हमीरपुर**

सरकारी सिस्टम की सख्ती और संवेदनहीनता का नज़ारा शनिवार को उस वक्त देखने को मिला जब एक युवक को अपनी मृत मां के शव को स्ट्रेचर पर रखकर एक किलोमीटर लंबा यमुना पुल पैदल पार करना पड़ा। ये घटना उस वक्त हुई जब कानपुर-सागर हाईवे पर स्थित यमुना पुल पर मरम्मत कार्य के कारण वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई थी। सुबह करीब साढ़े नौ बजे कानपुर की ओर से एक शव वाहन यमुना पुल पर पहुंचा, जिसमें मां का पार्थिव शरीर लेकर बेटा और अन्य परिजन मौजूद थे। लेकिन पुल पर मौजूद कर्मियों ने वाहन को आगे जाने की अनुमति नहीं दी। परिजनों ने बार-बार विनती की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरी में बेटे ने शव वाहन के ड्राइवर की मदद से मां के शव को स्ट्रेचर पर रखा और लगभग एक किलोमीटर पैदल पुल पार किया। इस दौरान वे चार बार शव को बीच रास्ते में नीचे रखने को मजबूर हुए, फिर हिम्मत करके आगे बढ़े। यह मंजर देख राहगीरों की आंखें भी नम हो गईं। हर शनिवार और रविवार को यमुना पुल की मरम्मत के चलते वाहन संचालन पर रोक लगा दी जाती है। लेकिन ऐसे मामलों में कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय लोगों ने इस घटना को लेकर कड़ा रोष व्यक्त किया और सवाल उठाया कि क्या मानवता से बढ़कर नियम हो सकते हैं? शव वाहन को रोकना क्या किसी भी दृष्टिकोण से उचित था?

## आज पूरे प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट

### चक्रवात की वजह से चल सकती हैं तेज हवाएं



**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

दक्षिणी उत्तर प्रदेश में हो रही बारिश अब तेजी के साथ उत्तरी क्षेत्र की ओर बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार और सोमवार को पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश के आसार नजर आ रहे हैं। तापमान में भी राहत मिलेगी। शनिवार को भी कई क्षेत्रों में बारिश हुई। कई जगह तेज हवा के बीच कहीं बूंदाबांदी तो कहीं तेज फुहारें पड़ीं। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण उत्तर प्रदेश के मध्य भागों पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है और यह समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है। आंचलिक मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसून की सक्रियता बढ़ने से प्रदेश में झमाझम बारिश के आसार हैं। रविवार और सोमवार को पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लगभग सभी स्थानों पर वर्षा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ बारिश की संभावना है। इसके अलावा एक से चार जुलाई तक प्रदेश के अनेक स्थानों पर वर्षा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं।

### 24 घंटों में पूरे प्रदेश में सक्रिय होगा मानसून

अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में मानसून की सक्रियता में बढ़ोतरी होने से पिछले 24 घंटों के दौरान सोनभद्र व सहारनपुर में कहीं-कहीं भारी बारिश दर्ज की गई। आगामी 24 घंटों में इसके पूरे प्रदेश में सक्रिय हो जाने से प्रदेश भर में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ आगामी 2-3 दिनों के दौरान प्रदेश के उत्तरी एवं संलग्न मध्यवर्ती भागों में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होगी। 30 जून को तराई इलाकों में अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। इसके बाद मौसमी द्रोणी के पुनः दक्षिणी दिशा में खिसकने से एक जुलाई से भारी से बहुत भारी वर्षा की बेल्ट प्रदेश के दक्षिणी भाग की ओर खिसकने की संभावना है। इसी क्रम में आगामी 24-48 घंटों के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून के प्रदेश के शेष हिस्सों को आच्छादित कर लेने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। शनिवार को सबसे अधिक तापमान मुजफ्फरनगर का रहा। यहां अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री दर्ज किया गया। मुरादाबाद का अधिकतम तापमान 39.5 रहा। वहीं प्रयागराज में अधिकतम तापमान 30 डिग्री रहा जो सामान्य से 6.3 डिग्री कम रहा। नसीबाबाद में अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 7.3 डिग्री कम रहा।

### यहां पर भारी वर्षा की संभावना

सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संतरविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, सीतापुर, बाराबंकी, अंबेडकरनगर, शामली, बागपत, मेरठ, संभल और बदायूं समेत आसपास के इलाके।

## टीबी नहीं, डॉक्टरों की लापरवाही ने ली

# बेटी की जान!

- सीएससी कोमावां की शर्मनाक हकीकत, न इलाज, न इंसानियत, सिर्फ़ मनमानी

**जन एक्सप्रेस। हरदोई**



मेरी बेटी समय पर इलाज पाती, तो आज जिंदा होती। लेकिन डॉक्टरों ने न देखा, न सुना, न समझा और मेरी बेटी ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। ये चीख है एक पिता की, जिसकी 18 साल की मासूम बेटी पूर्णिमा गुप्ता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोमावां की बेरहम व्यवस्था और डॉक्टरों की मनमानी ने निगल लिया। नीरज गुप्ता, निवासी सिकलिन टोला, बेनीगंज, संडीला – अपनी बेटी की बिगड़ती तबीयत को लेकर कोमावां के सीएचसी पहुँचे थे। वहाँ डॉक्टरों ने एक्स-रे के बाद बताया कि फेफड़े में पानी है, टीबी है, और दावा किया कि छह महीने में ठीक हो जाएगी। लेकिन हकीकत इससे उलट निकली। इलाज शुरू होते ही पूर्णिमा की हालत बिगड़ने लगी। पिता बार-बार डॉक्टरों से गुहार लगाते रहे कि बेटी को देख लें, लेकिन ओपीडी डॉक्टर दिवाकर पांडेय, विनोद कुमार, और टीबी विभाग के डॉक्टर मित्रा कुमार व अजीत कुमार ने एक न सुनी। उल्टा, जांच लिखकर औपचारिकता निभा दी और फिर किसी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। जब लड़की चलने-फिरने तक में असमर्थ हो गई, तब भी डॉक्टरों का दिल नहीं पसीजा। जब प्रार्थी दोबारा डॉक्टरों के पास पहुँचे, तो उन्हें कमरे से बाहर निकाल दिया गया हद तो तब हो गई जब जिला अस्पताल भेजा गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जिला अस्पताल में डॉक्टर शिवम गुप्ता ने साफ़ कहा, अब बचने की कोई गुंजाइश नहीं है। और लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज की आस और पैसों के इंतज़ाम के बीच पूर्णिमा की सांसे थम गईं उस सिस्टम के सामने जिसने उसे जीने का मौका भी नहीं दिया।

### प्रशासन क्या कर रहा है?

अब तक कोई जवाबदेही तय नहीं। शिकायत ज़िलाधिकारी तक पहुँच चुकी है, लेकिन क्या लापरवाह डॉक्टरों पर कार्रवाई होगी या फिर यह मामला भी सरकारी फाइलों में दब जाएगा?

### कौन है दोषी?

- डॉक्टर मित्रा कुमार (टीबी विभाग)
- डॉक्टर अजीत कुमार (टीबी विभाग)
- डॉक्टर दिवाकर पांडेय (ओपीडी)
- डॉक्टर विनोद कुमार (ओपीडी)
- सीएचसी कोमावां के प्रभारी विपुल वर्मा- जिनकी शिथिल कार्यशैली ने इस मौत की जमीन तैयार की।

### सवाल तो उठेंगे

- क्या सरकारी अस्पताल अब मौत के कुएं बन चुके हैं?
- किसके भरोसे आम आदमी इलाज के लिए जाए?
- अगर यह डॉक्टरों की लापरवाही नहीं तो और क्या है?
- पूर्णिमा अब नहीं रही, लेकिन उसकी मौत सवाल छोड़ गई जवाब प्रशासन को देना होगा।

### जन एक्सप्रेस की माँग

- दोषी डॉक्टरों पर हत्या के प्रयास जैसी धाराओं में एफआईआर हो।
- लापरवाह चिकित्सा अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए।
- सीएचसी कोमावां की कार्यप्रणाली की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

## उत्तराखंड: त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की नई तिथियां हुई घोषित, दो चरणों में होंगे संपन्न




**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की नई तिथियों की घोषणा कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, पंचायत चुनाव दो चरणों में संपन्न होंगे। पहले चरण का मतदान 24 जुलाई को, दूसरे चरण का 28 जुलाई को और मतगणना 31 जुलाई को होगी। नामांकन की प्रक्रिया 2 जुलाई से शुरू होकर 5 जुलाई तक चलेगी। तिथियों के अनुसार प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र निर्धारित समय में भर सकेंगे। चुनाव की अधिसूचनाएं जिलाधिकारी 30 जून को जारी करेंगे। इसके साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता भी प्रभावी हो गई है, जो चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक लागू रहेगी। पंचायत चुनाव को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों को समय पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। चुनाव की घोषणा के साथ ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। विभिन्न दलों और संभावित प्रत्याशियों ने अपने-अपने स्तर पर जनसंपर्क और प्रचार की रणनीतियाँ बनानी शुरू कर दी हैं।

## अगले 24 घंटे में अत्यधिक बारिश की संभावना, सीएम धामी ने की सभी से अलर्ट रहने की अपील

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

उत्तराखंड में मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के भीतर पहाड़ी और कुछ मैदानी क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा की संभावना जताई है। चेतावनी को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग अनावश्यक यात्रा से बचें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से पीसीएस परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र के लिए प्रस्थान करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा और परीक्षा दोनों हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। धामी ने बताया कि राज्य सरकार मौसम की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और स्थानीय प्रशासन को हर आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने जनता से संयम और सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। राज्य के कई क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण भूस्खलन और यातायात अवरुद्ध होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में लोगों से आग्रह किया गया है कि वे किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन से संपर्क करें।



## जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह, पीएम मोदी ने डाक टिकट, सिक्के जारी किए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




पीएम मोदी शनिवार को जैन मुनि आचार्य विद्यानंद महाराज के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यानंद का डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट की ओर से किया गया। ट्रस्ट ने पीएम को धर्म चक्रवर्ती की उपाधि से सम्मानित किया। इस मौके पर मोदी ने कहा, ÷मैं खुद को इस उपाधि के योग्य नहीं मानता, लेकिन हमारी संस्कृति में यह परंपरा है कि संतों से जो भी मिलता है, हम उसे प्रसाद मानकर स्वीकार करते हैं। इस वजह से मैं इस सम्मान को प्रसाद रूप में विनम्रता से स्वीकार करता हूं और इसे मां भारती को समर्पित करता हूं। पीएम ने कहा- आज का दिन इसलिए भी खास है क्योंकि 28 जून 1987 को आचार्य विद्यानंद मुनिराज को आचार्य की उपाधि दी गई थी। यह सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि जैन संस्कृति को विचारों, संयम और करुणा से जोड़ने वाली एक पवित्र धारा भी थी। जब हम आज उनके जन्म के 100 साल मना रहे हैं, तो वह ऐतिहासिक पल फिर याद आता है। आचार्य विद्यानंद महाराज का जन्म शताब्दी समारोह पूरे साल भर चलेगा। इस दौरान जैन समाज की ओर से देशभर में जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### कौन थे आचार्य विद्यानंद महाराज?

आचार्य विद्यानंद महाराज जैन धर्म के संत, विद्वान और समाज-सुधारक थे। उनका जन्म 22 अप्रैल 1925 को शेदबल गांव, बेलगावी (अब कर्नाटक) में हुआ था। बहुत कम उम्र में उन्होंने संन्यास ले लिया और पूरी जिंदगी संयम, साधना और सेवा में लगा दी। वे जैन धर्म के सबसे बड़े विद्वानों में माने जाते हैं। उन्होंने 8,000 से ज्यादा जैन ग्रंथों के श्लोक कंठस्थ कर रखे थे। उन्होंने जैन दर्शन, नैतिकता और प्राकृत भाषा पर 50 से अधिक किताबें लिखीं। आचार्य विद्यानंद जी ने देशभर में कई पुराने जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने जीवनभर नंगे पांव यात्रा की और कठोर तप, ब्रह्मचर्य और ध्यान का पालन किया।

### आज का दिन विशेष...

पीएम मोदी का कहना था कि आज का ये दिन एक और वजह से बहुत विशेष है. 28 जून यानी, 1987 में आज की तारीख पर ही आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज को आचार्य पद की उपाधि प्राप्त हुई थी. ये सिर्फ एक सम्मान नहीं था, बल्कि जैन परंपरा को विचार, संयम और करूणा से जोड़ने वाली एक पवित्र धारा प्रवाहित हुई. आज जब हम उनकी जन्म शताब्दी मना रहे हैं तब ये तारीख हमें उस ऐतिहासिक क्षण की याद दिलाती है. इस अवसर पर आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज की चरणों में नमन करता हूं. उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, ये प्रार्थना करता हूं.

### जैन ध्वज के निर्माता

आचार्य विद्यानंद जी महाराज साल 1975 में भगवान महावीर के 2,500वें निर्वाण महोत्सव के समय, उन्होंने सभी जैन संप्रदायों की सहमति से आधिकारिक जैन ध्वज और अहिंसा प्रतीक तैयार किया।

### हमारा चिंतन अमर है, हमारा दर्शन अमर है

पीएम मोदी ने कहा, भारत विश्व की सबसे प्राचीन जीवंत सभ्यता है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि... हमारे विचार अमर हैं, हमारा चिंतन अमर है, हमारा दर्शन अमर है। इस दर्शन के स्रोत हैं- हमारे ऋषि-मुनि, महर्षि, संत और आचार्य। आचार्य विद्यानंद जी मुनिराज, भारत के इसी परंपरा के आधुनिक प्रकाश स्तंभ हैं। आचार्य विद्यानंद महाराज कहते थे कि जीवन तभी धर्ममय हो सकता है, जब जीवन स्वयं ही सेवामय बन जाए। उनका ये विचार जैन दर्शन की मूल भावना से जुड़ा हुआ है, ये विचार... भारत की चेतना से जुड़ा हुआ है।

### विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ना

पीएम मोदी ने कहा, प्राकृत भारत की सबसे पुरानी भाषाओं में से एक है। ये भगवान महावीर के उपदेशों की भाषा है, लेकिन अपनी संस्कृति की उपेक्षा करने वालों के कारण ये भाषा सामान्य प्रयोग से बाहर होने लगी थी। हमने आचार्य श्री जैसे संतों के प्रयासों को देश का प्रयास बनाया। हमारी सरकार ने प्राकृत को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया। हम भारत की प्राचीन पाण्डुलिपियों को डिजिटलीकरण करने का अभियान भी चला रहे हैं। हमें विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ना है। इसी संकल्प को केंद्र में रखकर हम भारत के सांस्कृतिक स्थलों का, तीर्थ स्थानों का भी विकास कर रहे हैं। पीएम ने कहा- भारत दुनिया की सबसे प्राचीन और जीवित संस्कृति है। हम हजारों वर्षों से अमर हैं, क्योंकि हमारे विचार अमर हैं, हमारी सोच अमर है, हमारा दर्शन अमर है। इस अमर दर्शन का स्रोत हमारे ऋषि, मुनि, संत और आचार्य हैं।

# जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक में डीएम ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने सरकार द्वारा संचालित उद्योग व रोजगार से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में डीएम ने निवेश मित्र पोर्टल, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना सहित विभिन्न योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विभागीय योजनाओं में प्रगति कराने के निर्देश दिए। कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा के अंदर निस्तारित करें। बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना' प्रारंभ की गई है, जिसके तहत युवा रोजगार को बढ़ावा देना है। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक को निर्देश दिए कि योजना के तहत सभी बैंकों के माध्यम से अधिक से अधिक ऋण वितरण कराकर युवाओं को रोजगार मुहैया कराए।

कहा कि धारा 80 की लम्बित पत्रावलियों को उपायुक्त उद्योग केन्द्र संबंधित तहसीलों से संपर्क करके एक सप्ताह के अंदर निस्तारित कराएं। निर्देश दिए कि सभी योजनाओं में प्रगति कराई जाएं ताकि सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। राज्य कर उपायुक्त को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा ई-मेल के माध्यम से भेजी गई नोटिस वैट नियमावली के नियम 72 के अनुसार वैध तामीली नहीं है, उसको नियम के अंतर्गत कराए ताकि व्यापारियों को कोई समस्या न हो। बैठक में वन विभाग व उद्यान विभाग के अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर डीएम ने वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला उद्योग केंद्र उपायुक्त एसके केशरवानी, पर्यटन उपनिदेशक आरके रावत, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत मनोज कुमार सिंह, राजापुर शिवकुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ/राजापुर बीके गौतम, मानिकपुर भारत सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री ओम केशरवानी, गल्ला व्यापार मंडल गुलाब गुप्ता, महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल सुनील द्विवेदी, अरुण गुप्ता, शिवपूजन गुप्ता, बृजेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव ने महापंचायत में सुनी किसानों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत शनिवार को मऊ तहसील में आयोजित की गई। जिसमें भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव ने किसानों की समस्याओं को सुना तथा राज्यस्तरीय बैठक में समस्याएं उठाने की बात कही। महापंचायत में जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव राजबीर सिंह जादौन से बताया कि जनपद के किसानों को सिंचाई के लिए मात्र आठ घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

जबकि पुराने रोस्टर के अनुसार 18 घंटे बिजली देने का नियम है। इसके साथ ही सरकार प्रदेश में 27 हजार प्राथमिक विद्यालयो को बंद करना चाहती है और शिक्षा का निजीकरण कर गांव के गरीब बच्चों को अशिक्षित करना चाहती है। बताया कि जनपद में बंदरों, वनरोज एवं अन्ना जानवरों से किसानों की फैसले चैपट हो रही है। मांग की कि ट्रैक्टर को एनजीटी कानून से बाहर रखा जाए एवं कृषि यंत्रों को जीएसटी मुक्त रखा जाए। किसानों की खतौनी की नकले गाटावार के बजाय खतावार किया जाए, जिससे किसानों के ऊपर आर्थिक बोझ न पड़े। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा सोलर फिंगसिंग योजना के दायरे को 10 हेक्टेयर से घटाकर दो या तीन हेक्टेयर रखा जाए जिससे अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिल सके भूमि।

इसके अलावा जनपद के किसानों ने 2013 में बने भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने, स्थानीय स्तर पर समयानुसार सर्किल रेट बढ़ाने सहित खाद आदि समस्याएं बताईं। जिस पर इस पर भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव राजबीर सिंह जादौन ने समस्याओं को राज्य स्तरीय बैठक के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने की बात कही। कानपुर जोनल अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए ग्राम इकाई पर कमेटियों का गठन किया जाए।

कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर जिले में 15 जुलाई तक जानवरों को संरक्षित नहीं किया गया तो 16 जून से किसान अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेगा इस मौके पर जालौन जिलाध्यक्ष डॉ दिवजेंद्र सिंह, जिला प्रवक्ता दिनेश प्रताप, मण्डल उपाध्यक्ष भगत सिंह राजपूत, राजपाल सिंह चंदेल, रामकरण सिंह, ओमनारायण गर्ग, उदयनारायण सिंह, छोटेबाबा, अरुण कुमार पाण्डेय, अर्जुन सिंह, सिद्धार्थ विक्रम सिंह, शिवदयाल सिंह बघेल, नीलकंठ द्विवेदी, नरेश तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, विनय कुमार त्रिपाठी, राजकिशोर सिंह, विजय सिंह, नरेश सिंह, जसवंत सिंह, तीरथ सिंह फौजी, रामशरण, शिव सिंह, कुलदीप पटेल, संतगोपाल, रमेश फौजी, श्रीकेशन राजपूत, जयनारायण सिंह, रामेश्वर, राजकुमार, शत्रुघ्न सिंह, रामपाल यादव, अखिलेश मिश्रा, बद्री पटेल, मनोज द्विवेदी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

शनिवार को जनपद में विभिन्न थानों थाना समाधान दिवस का अयोजन किया गया। जिसमें पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया।



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता व मानिकपुर एसडीएम मोहम्मद जसीम की उपस्थिति में थाना मानिकपुर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी व एसडीएम ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस दौरान एसपी ने कहा कि भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम को संयुक्त रुप से मौके पर भेजकर निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। इस मौके पर मानिकपुर थाना प्रभारी श्रीप्रकाश, अपराध निरीक्षक विनय विक्रम सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी प्रकार थाना राजापुर में उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित। जिसमें एसडीएम ने फरियादियों की समस्याएँ सुनते हुए राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारियों को मामलों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया। कहा कि प्रार्थना पत्र को पारदर्शिता के साथ निस्तारित करने के लिए वादी व प्रतिवादी की सहमति पर न्याय किया जाए। इस दौरान प्राप्त हुल दो प्रार्थना पत्रों में से एक निस्तारण मौके पर किया गया। इस मौके पर सहायक चकबंदी अधिकारी राजीव कुमार दुबे, थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह, उप निरीक्षक अनिल सिंह, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र सिंह, सदर लेखपाल प्रदीप तिवारी, चंद्रिका प्रसाद पाण्डेय, चंद्रप्रकाश गौर, आनंद कुमार यादव, अनूप सिंह, रवि कटिहार आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में थाना पहाड़ी में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अपर एसपी ने प्रार्थना पत्र लेकर आए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का शासन की मंशानुरुप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। साथ ही निस्तारण से सम्बन्धित समस्याग्रस्त व्यक्ति को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। इस मौके पर पहाड़ी थानाध्यक्ष पंकज तिवारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# जिला कारागार में 160 बंदियों ने ली गायत्री मंत्र की दीक्षा



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला कारागार में बंदी सुधार कार्यक्रम के तहत भारतीय संस्कृति के संरक्षण में समर्पित होने के लिए पहली बार 50 बंदियों ने जनेऊ धारण किया तथा 160 बंदियों ने गायत्री मन्त्र की दीक्षा ली।

गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि जहां समाज के बीच जातियों की खाई बढ़ती जा रहीं, वहीं गायत्री परिवार सभी जाति के लोगों को एक परिवार मानकर कार्य कर रहा है। बताया कि गायत्री परिवार जेल के बंदियों के बीच निःस्वार्थ प्रेम आत्मीयता के साथ राष्ट्रीयता और सनातन धर्म की व्यवहारिकता की स्थापना करने में लगा है। जिसके कारण जिला कारागार के बंदी गायत्री परिवार की भावनाओं से प्रभावित होकर गायत्री मंत्री की दीक्षा ली। बताया कि गायत्री तीर्थ शांतिकुंज के प्रतिनिधि रघुनाथ हजारी ने दीक्षा संस्कार सम्पन्न कराया। इसके साथ ही बंदी सुधार कार्यक्रम के समन्वयक प्रेमलाल कुशवाहा साहित्य और साधन जुटाने की व्यवस्था कर रहे हैं।

# कत्ल की कोशिश के दो गुनाहगारों को हुआ दस-दस साल की सजा के साथ ही बीस हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के राठ कस्बे के सिकन्दरपुर में 18 अप्रैल 2014 को सुबह दस बजे के करीब गोली (कन्चे) खेल रहे बच्चों में हुये झगड़े को लेकर अभियुक्तों ने एक राय होकर अमर सिंह के चचेरे भाई बीरु सहित बड़े पापा कैलाश को जान से मारने के इरादे से अवैध असलहे से गोली चलाकर जख्मी कर दिया था, वही दोनों जख्मियों को इलाज के लिये सरकारी अस्पताल में एडमिट कराया गया था, घटना के बाद अमर सिंह की तहरीर पर राठ पुलिस ने कस्बे के ही उदय पुत्र सुरेश निवासी सिकन्दरपुरा राठ हमीरपुर,अरविन्द पुत्र हीरालाल निवासी सिकन्दरपुरा राठ हमीरपुर, साले सोनू पुत्र गोपाल निवासी ग्वालटोली कानपुर नगर सहित अमन पुत्र भूरे निवासी ग्वालटोली कानपुर के खिलाफ मु0अ0सं0-465/2014 धारा-307,504,506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। वही आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर अपर जिला, सत्र अदालत के स्कालर जज प्रहलाद सिंह सेकेंड ने उदय पुत्र सुरेश,अरविन्द पुत्र हीरालाल को गुनाहगार मानते हुये दस-दस साल की सख्त सजा के साथ ही किया दस-दस हजार रुपये का जुर्माना। वही अभियुक्त सोनू पुत्र गोपाल, अमन पुत्र भूरे के खिलाफ गैर जमानती वारण्ट जारी किया गया है। वही मामले की जांच एस आई गौतम कुमार ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी, जबकि अभियोजन की तरफ से अदालत में जोरदार पैरवी करते हुये एडीजीसी महेश चन्द्र द्विवेदी ने बचाव पक्ष की हवा निकाल दी।

## खेत पर बुवाई करते समय जहरीले कीड़ के काटने से किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वोहदपुरा में खेत की बुवाई करते समय किसान को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वोहदपुरा निवासी 42 वर्ष धर्मेंद्र कुमार पुत्र वृजलाल शुक्रवार की दोपहर के खेत पर गया था। जहां पर वखराई के साथ ही खेत पर तिल बोआई का काम चल रहा था। इसी दौरान उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिसके वाद वह खेत की मेड़ पर ही गिर गया और उसकी मौत हो गई। देर शाम अन्य किसान खेत पर पहुंचे और उन्होंने किसान को आवाज दी लेकिन कोई उत्तर न मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने उसे मृत अवस्था पड़ा देखकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। खवर मिलते ही किसान के पुत्र मोहित व नितिन मौके पर पहुंच गए। और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिए और पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पति से हुए विवाद के वाद पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुरौती में पति से हुए मामूली विवाद के वाद पत्नी ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पति सहित ससुरालियों पर प्रताणित करने का आरोप लगाया। माधौगढ़ के कुरौती निवासी रागनी 30 वर्ष का पति संजीव चौधरी से शुक्रवार की शाम को किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके वाद पति कही घर से वाहर निकल गया, तभी रागनी ने गुस्से में आकर घर के कमरे में लगी लकड़ी की वल्ली से साफी वांध कर खुद कुशी करली। जव पति घर पहुंचा तो उसने पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देखा, तत्काल घटना की जानकारी परिजनों को दी।

# महिलाओं की सुरक्षा, सुविधा और सम्मान सर्वोपरि : अर्चना पटेल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने जिला अस्पताल, वन स्टॉप सेंटर एवं जिला कारागार का निरीक्षण कर महिलाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में महिला वार्ड, चिकित्सकीय सुविधाएं, महिला मरीजों से मिलने वाले व्यवहार तथा प्रसवोत्तर सेवाओं की स्थिति को देखा। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को दी जा रही परामर्श, चिकित्सा, कानूनी सहायता जैसी सुविधाओं की जानकारी ली और उनके क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति को परखा। जिला कारागार निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला बंदियों से संवाद कर उनके रहन-सहन, चिकित्सा, स्वच्छता, मनो-सामाजिक सहयोग तथा विधिक सहायता की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि ÷बंदियों के अधिकारों का पूरी तरह सम्मान किया जाए और महिला कैदियों को कोई भी मूलभूत सुविधा वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और गरिमा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। निरीक्षण का उद्देश्य व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानकर सुधारात्मक पहल को गति देना है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला संबंधित संस्थानों में केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और परिणामपरक सेवा भावना होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान नामित अधिकारीगण, संबंधित विभागों के प्रभारी, मेडिकल कॉलेज प्रशासन, जेल अधीक्षक एवं महिला कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।



# सीएमओ व औषधि निरीक्षक ने बजरंग व दुर्गा मेडिकल स्टोर का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनडी शर्मा और औषधि निरीक्षक देवयानी दुबे ने संयुक्त रूप से जिला चिकित्सालय उरई के बाहर स्थित बजरंग मेडिकल स्टोर और दुर्गा मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपराह्न 01 बजे शनिवार को बजरंग मेडिकल स्टोर में कम्प्यूटर से बिलिंग नहीं की जा रही थी। दवाओं का रख रखाव समुचित नहीं पाया गया। साथ ही साफ सफाई भी दुरुस्त नहीं पायी गई, एक्सपायरी दवायें भी स्टोर में पायी गई। इन अनियमितताओं के दृष्टिगत संचालक को अग्रिम आदेशों एवं नियमानुसार व्यवस्थाएं किए जाने तक संचालन बंद करने के निर्देश औषधि निरीक्षक द्वारा दिए गए तथा समुचित व्यवस्थाएं ना किए जाने की स्थिति में लाइसेंस निरस्त किए जाने की चेतावनी दी गई। दुर्गा मेडिकल स्टोर में बिलिंग कंप्यूटर द्वारा की जा रही थी। दवाओं का रखरखाव भी समुचित पाया गया, लेकिन संचालक दवाओं के स्टॉक तथा बिक्री का विवरण नहीं दिखा सका। जिसके लिए औषधि निरीक्षक द्वारा चेतावनी दी गई तथा एक रोगी का तीमारदार जो दवा लेने आया था उससे मेडिकल स्टोर के कर्मचारी द्वारा अभद्रता की जा रही। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा कर्मचारी को दवा लेने आने वालों से अच्छा व्यवहार करने की हिदायत दी गई।



# जालौन में महिला आयोग की सदस्य को नहीं मिला सम्मान

**जन एक्सप्रेस । उरई**

राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल के साथ जालौन जनपद में हुई उपेक्षा ने जिले के प्रशासनिक सिस्टम की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आयोग की सदस्य शनिवार को महिलाओं की समस्याएं सुनने के उद्देश्य से ललितपुर से जालौन जिले के उरई मुख्यालय पहुंची थीं, लेकिन तय कार्यक्रम के बावजूद जिला प्रशासन की लापरवाही सामने आ गई। पहले से निर्धारित जनसुनवाई के लिए न तो कोई व्यवस्था की गई थी और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहा। इस उपेक्षा से नाराज होकर अर्चना पटेल ने जनसुनवाई का बहिष्कार कर दिया और पीडब्ल्यूडी विभाग के विश्रामगृह से ही बेरंग लौट गई। अर्चना पटेल ललितपुर से करीब 200 किलोमीटर की यात्रा कर बारिश के बीच उरई पहुंची थीं।



28 जून को महिलाओं की जनसुनवाई का कार्यक्रम पहले से तय था और इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को समय रहते भेज दी गई थी। इसके बावजूद न तो जनसुनवाई के लिए कोई स्थान निर्धारित किया गया और न ही कोई अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित हुआ। यह न सिर्फ महिला आयोग की सदस्य के साथ उपेक्षा थी, बल्कि महिलाओं की समस्याओं को लेकर प्रशासन की उदासीनता भी उजागर हुई। इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए अर्चना पटेल ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, ÷मैं 200 किलोमीटर दूर से बारिश के बीच यहां आ सकती हूं, लेकिन जिले के अधिकारी एक किलो मीटर दूर से भी जनसुनवाई में नहीं पहुंच सके। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक बात है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब राज्य महिला आयोग की सदस्य के साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, तो आम महिलाओं की शिकायतों का क्या हाल होता होगा? यह महिलाओं के प्रति प्रशासन की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। अर्चना पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम की सूचना पूर्व में ही जिले के सूचना अधिकारी को दी जा चुकी थी। इसके बावजूद इसने, किसी भी विभागीय अधिकारी को इस संबंध में जानकारी नहीं दी गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि सूचना अधिकारी ने कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके चलते यह स्थिति बनी। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि प्रशासन महिलाओं से जुड़े मसलों को लेकर कतई गंभीर नहीं है।घटना से आहत होकर अर्चना पटेल ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार को फोन कर संबंधित अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत की। इसके बाद क्षेत्राधिकारी उरई अर्चना सिंह समेत अन्य अधिकारी सर्किट हाउस पहुंचे और उन्हें मनाने की कोशिश की। हालांकि, आयोग की सदस्य इस लापरवाही से इतनी आहत थीं कि उन्होंने किसी की बात नहीं मानी और तुरंत ललितपुर के लिए रवाना हो गईं।

## ट्रक को ओवर टेक करने के चक्कर में कार हुई हादसे से का शिकार, कार चालक की मौत

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में तेज रफ्तार कार यूपी 78- क्यू वी 3982 ट्रक को ओवर टेक करने के चक्कर में हादसे का हुई शिकार, जिसमें कार चालक सहित चारों लोग बुरी तरह जख्मी हो गये, जबकि चारों जख्मियों को चौकी पुलिस की मदद से इलाज के लिये स्वास्थ्य केन्द्र में एडमिट कराया गया, जहाँ इलाज के दौरान कार चला रहे युवक की मौत हो गई,जबकि जख्मियों को डाक्टरों ने कानपुर रैफर कर दिया, वही पुलिस ने कार चला रहे युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जानकारी के मुताबिक हादसे का शिकार हुई तेज रफ्तार कार मौदहा से कानपुर की तरफ जा रही थी, तभी सुमेरपुर इंडस्ट्रियल एरिये में हिन्दुस्तान लीवर फैक्ट्री के सामने तेज रफ्तार कार ट्रक को ओवर टेक करने के चक्कर में ट्रक में पीछे से जा घुसी, हादसे में कार चला रहे 30 वर्षीय शिवरतन पैलेस के मालिक सम्राट गुप्ता, शानू गुप्ता, विशाल सैनी जबकि बर्रा निवासी आदर्श सिंह चन्देल बुरी तरह जख्मी हो गये।

# पुलिस ने छापामारी कर पकड़े दस जुआरी

**जन एक्सप्रेस । जालौन**

कोतवाली क्षेत्र के रनवां में सार्वजनिक स्थल पर चल रहे जुआ के फड़ पर पुलिस ने छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगा रहे 10 लोगों को पकड़ा है। जिनके पास से पुलिस ने 75800 रुपए बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शुक्रवार की देर शाम ग्राम रनवां में एक मकान के सामने खाली पड़ी जमीन पर हार-जीत लगाने का खेल चल रहा था। इसी दौरान किसी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मुखबिर की सूचना मिलते ही एसआई राजेश वशिष्ठ, मनीष कुमार तिवारी, शिवम सिंह सेंगर अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर हार-जीत की बाजी लगा रहे सूरज उर्फ शिवम, राहुल निवासीगण मुरलीमनोहर, इमरान, अब्दुल रहमान निवासीगण मोहल्ला तोपखाना, अंशुल कछोरन, जयनारायण निवासी ग्राम भेंड, हासिम निवासी मोहल्ला नारोभास्कर, कृष्ण कुमार पटेल व कृष्णा निवासीगण ग्राम सुढ़ार व मोनू पटेल निवासी रनवां को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से दो ताश की गड्डी, मालफड़ 69500 रुपये व जामा तलाशी में 6300 रुपये बरामद किए। इसके अलावा मोबाइल फोन व बरामद व बाइक भी बरामद की हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

फोटो परिचय 4

# डीएम-एसपी ने ने थाना समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में थाना कालपी परिसर में थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस के दौरान उन्होंने जनसमस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की हर शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और उसका निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए। कहा कि थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस का यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है, जिससे जनविश्वास में वृद्धि हो रही है और समस्याओं का समाधान भी प्रभावी ढंग से हो पा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने भी जनसमस्याओं की सुनवाई के दौरान कई मामलों में तत्परता दिखाई और पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पीड़ितों की शिकायतो का निस्तारण पारदर्शी व निष्पक्ष किया जाए। थाना दिवस के दौरान भूमि विवाद, आपसी रंजिश, घरेलू हिंसा, अवैध कब्जे, रास्ता अवरोध और अन्य संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से कई मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के संबंध में आवश्यक जांच कर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। डीएम व एसपी ने राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग और नगर पंचायत के अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतेंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।





### देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंग...

देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंग हुई। शनिवार को बिहार के 26 जिलों की 42 नगर पालिकाओं के उपचुनाव हुए। कुल 62.41 फीसदी वोटिंग हुई। इसमें छह नगर पालिकाओं में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ई-वोटिंग हुई। ई वोटिंग, बूथ वोटिंग से 16 फीसदी... पढ़ें पेज 12 पर...

# आरटीई दाखिले को लेकर सख्ती

## सिटी मोंटेसरी स्कूल, जयपुरिया जैसे स्कूल निशाने पर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ में निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत वंचित वर्ग के बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन को लेकर प्रशासन ने अब सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। 27 जून को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जो भी स्कूल अब तक आरटीई के तहत नामांकित बच्चों को दाखिला नहीं दे रहे हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी और उनकी मान्यता रद्द करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

### स्कूलों पर टेढ़ी नजर, कार्रवाई की तैयारी

इस बैठक में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों (बी एस ए ) को निर्देश दिया गया कि वे निर्देशों का पूरी कड़ाई से पालन कराएं। बीएसए ने भी दो टूक कह दिया कि जिन स्कूलों ने अब तक आरटीई के तहत बच्चों को दाखिला नहीं दिया है, उनके प्रबंधक और प्रधानाचार्य के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। साथ ही ऐसे स्कूलों की मान्यता रद्द करने की संस्तुति विभाग को भेजी जाएगी।




### लखनऊ बना पूरे प्रदेश के लिए मॉडल

सूत्र बताते हैं कि लखनऊ के जिलाधिकारी की लगातार मॉनिटरिंग और सख्ती के चलते आरटीई दाखिले की प्रक्रिया पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे प्रभावी रूप से लखनऊ जिले में लागू की गई है। प्रशासन का दावा है कि अगले सप्ताह तक 100त्न नामांकन पूरा कर लिया जाएगा।

### 17,570 में से 95 प्रतिशत बच्चों का हो चुका है दाखिला

बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार, लखनऊ जिले में अब तक आरटीई पोर्टल पर 17,570 बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया गया है। इनमें से लगभग 95त्न बच्चों का दाखिला पूरा हो चुका है। इसके अलावा करीब 3000 बच्चों ने स्वेच्छा से स्कूल में प्रवेश लेने से इनकार किया, जिसे अलग से दर्ज किया गया है।

### इन नामी स्कूलों पर कार्रवाई संभव

सूत्रों के मुताबिक, जिन स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर लापरवाही पाई गई है या जिनके यहां आरटीई के तहत दाखिले की संख्या अत्यंत कम रही है, उनमें लखनऊ के कुछ प्रमुख नामी स्कूल शामिल हैं:-

- सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल, गोमती नगर
- सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस )
- बाल गाइड स्कूल
- जी.डी. गोयनका स्कूल, लखनऊ

इन स्कूलों के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। बीएसए ने बताया कि स्कूलों से बार-बार संपर्क के बावजूद प्रवेश प्रक्रिया में सक्रियता नहीं दिखाई गई।

### शिक्षा का हक सबका, लखनऊ प्रशासन की पहल बनी प्रेरणा

शिक्षा का अधिकार कानून 2009 यह सुनिश्चित करता है कि समाज के हर तबके के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। लखनऊ प्रशासन की यह पहल न केवल कानून के पालन को सख्ती से सुनिश्चित कर रही है, बल्कि यह एक सशक्त सामाजिक संदेश भी दे रही है कि शिक्षा के अधिकार में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# डीआरएम ने लखनऊ स्टेशन का निरीक्षण किया

## पार्किंग और लाइटिंग पर दिए सख्त निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुनील कुमार वर्मा ने शनिवार 28 जून को लखनऊ रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यातायात, पार्किंग, लाइटिंग और यात्रियों की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया और कई जरूरी निर्देश दिए। वहीं निरीक्षण के दौरान डीआरएम वर्मा ने सर्कुलेटिंग एरिया में अनधिकृत रूप से खड़े ऑटो और ई-रिक्शा पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन वाहनों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा कराया जाए। उन्होंने कहा कि यात्रियों को स्टेशन आने-जाने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए और हर हाल में सुगम व सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित किया जाए। वहीं डीआरएम ने यह भी कहा कि रात्रि के समय सर्कुलेटिंग एरिया में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि यात्रियों को किसी तरह की असुविधा या असुरक्षा का एहसास न हो। उन्होंने स्टाफ को निर्देश दिए कि लाइटिंग व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नियमित निगरानी की जायें,निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने साफ-सफाई, वाहन संचालन और पार्किंग की व्यवस्था को और बेहतर करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे का प्रयास है कि यात्रियों को स्टेशन परिसर में साफ-सुथरा, सुविधाजनक और व्यवस्थित माहौल मिले।



# अंसल पर एक ही दिन में दर्ज हुईं 10 एफआईआर, अब तक 224 मुकदमे हो चुके हैं दर्ज, कई करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सुशांत गोल्फ सिटी थाने में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को अंसल कंपनी के खिलाफ ठगी की दस एफआईआर दर्ज कराई गईं। पीड़ितों ने फ्लैट, विला और प्लॉट के नाम पर कुल 1.72 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। इसके साथ अंसल पर शहर भर के थानों में दर्ज मामलों की संख्या 224 हो गई है। सुशांत गोल्फ सिटी स्थित रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी तनुजा कृष्ण दुबे के मुताबिक, 2011 में पिता मदन मोहन चंद्रा ने अंसल कंपनी से उनकी सुशांत गोल्फ सिटी स्थित साइट में एक प्लॉट बुक कराया था। इसके लिए वर्ष 2015 तक किस्तों 33.60 लाख रुपये का भुगतान किया था, लेकिन उनके नाम पर प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं हुई। वर्ष 2022 में पिता की मृत्यु हो गई। तनुजा ने जब बतौर वारिस कंपनी से प्लॉट की रजिस्ट्री उनके नाम पर करने को कहा तो कंपनी के अधिकारियों ने उन्हें धमकी दी। उधर, गुरुग्राम निवासी डॉ. शचि त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने कंपनी को प्लॉट के लिए 25.32 लाख का भुगतान किया था, लेकिन प्लॉट का बैनामा उनके नाम नहीं किया गया। इसी तरह गोमतीनगर के विशाल खंड निवासी अमियकेत सिंह से प्लॉट के नाम पर 10.47 लाख की ठगी की गई।

### इनसे भी हुई ठगी

पीजीआई के साउथ सिटी निवासी रजनीश गौड़ से दो विला के नाम पर 31.30 लाख, अलीगंज के बड़ा चांदगंज के आशीष अग्निहोत्री से फ्लैट के नाम पर आठ लाख, आशियाना के सेक्टर में रहने वाले चेतराम से प्लॉट के नाम पर 10.22 लाख की ठगी की गई। उधर, अलीगंज निवासी शैलेश अग्निहोत्री से 2 बीचके फ्लैट के नाम पर 2012 में आठ लाख, अर्जुनगंज निवासी पारस नाथ से 2010 में फ्लैट के नाम पर 5.38 लाख, आलमबाग के भिलावां साकेतपुरी निवासी अमित कुमार से फ्लैट के नाम पर 28 लाख और गौतमबुद्धनगर निवासी सरोज तिवारी से विला के नाम पर 12.35 लाख की ठगी की गई। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी उपेंद्र सिंह के मुताबिक सभी मामलों की तफ्तीश चल रही है।

# थाना समाधान दिवस में डीसीपी साउथ ने निगोहां में सुनीं समस्याएं, निगोहां व नगराम थाने में 31 शिकायतें दर्ज




- सैरपुर, बीकेटी, इटौंजा, महिगवां थाने पर समाधान दिवस संपन्न, थाना प्रभारीयों ने सुनी समस्याएं, कई विवाद का हुआ निपटारा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के साउथ जोन व उत्तरी जोन में शनिवार को सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। बता दें कि डीसीपी साउथ ने निगोहां थाने में समस्याओं को सुना, एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा भी इस दौरान मौजूद रहे। डीसीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगोहां थाने में 15 और नगराम थाने में 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। समाधान दिवस में कई छोटे-बड़े विवादों का मौके पर निपटारा किया गया। इससे आम जनता को राहत मिली। वहीं सैरपुर, बीकेटी, इटौंजा, महिगवां, माल उत्तरी जोन के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ। थाना समाधान दिवस पर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने थाने पर आयें जनता की समस्याएं सुनी, कई समस्याओं का निस्तारण किया। वहीं बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने थाने पर आयें शिकायतकर्ताओं की शिकायत सुनकर निस्तारण करवाया। महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर शिकायतों का निपटारा करवाया। वहीं थाना समाधान दिवस पर जनता को कहीं ना कहीं राहत मिलती है, और कई मामलों में कार्यवाही न होने पर उनमें निराशा भी रहती है। इस दौरान थाना समाधान दिवस के अवसर पर कई लेखपाल, थाना प्रभारी सहित शिकायतकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रपति की भव्य अगवानी करेगा गोरखपुर: योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु की अगवानी में कोई खामी न रहे, इसे लेकर सीएम ने दूसरे दिन भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का भ्रमण-निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण के बाद राष्ट्रपति सड़क मार्ग से गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। सीएम ने गोरखनाथ मंदिर से आयुष विश्वविद्यालय तक राष्ट्रपति के रूट का जायजा लिया। 30 जून और एक जुलाई को राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे के कार्यक्रमों को लेकर शुक्रवार दोपहर बाद से शनिवार पूर्वाह्न तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार तैयारियों पर नजर बनाए है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 30 जून को एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगी। गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण, सोनबरसा बालापार में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण और गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी।

# जानकीपुरम में पेट्रोल-पंप मालिक के घर चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

- मास्टर माइंड समेत चार गिरफ्तार, गहनों का खरीदार ज्वेलर भी गिरफ़्तार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ




लखनऊ कमिश्नरेट के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप मालिक के घर 18 जून को चोरी करने वाले गिरोह के चार लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। बता दें कि इसमें चोरी के गहने खरीदने वाले ज्वेलर भी शामिल है। वह इन लोगों से चोरी का माल खरीदता था। वहीं एडीसीपी उत्तरी जितेन्द्र दुबे ने बताया कि गिरोह के सदस्य ऑटो से घूम-घूम कर बंद घरों की रेकी करते थे और वाहन पर नेम प्लेट नही लगाते थे जिससे कोई उनको ट्रेस नहीं कर सकें और चोरी करके माल को आपस में बांट लेते थे। एडीसीपी ने बताया कि पेट्रोल पंप मालिक दुर्गेश कुमार मिश्रा के घर चोरी के खुलासे के लिए थाना पुलिस के साथ क्राइम टीम को लगाया गया था, सीसीटीवी, सर्विलांस और मुखबिर की मदद से पारा निवासी गैंग लीडर राहुल गुप्ता, अलीगंज सेक्टर सी निवासी रामू रावत, उन्नाव के सोहरामऊ निवासी विमलेश कुमार और पारा बादल खेड़ा निवासी सुनार राजीव रस्तोगी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं गैंग लीडर राहुल ने पुलिस को बताया कि, चोरी का सामान ज्वैलर्स को बेच देते थे, जिसको वह गला कर अन्य आभूषण तैयार कर लेता था। पुलिस जांच में सामने आया कि गैंग लीटर राहुल गुप्ता पर 15, रामू पर 5, विमलेश के ऊपर 10 मुकदमे दर्ज हैं। इन लोगों ने लखनऊ के साथ ही आसपास के जिलों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। इनके पास से 4.08 लाख रुपए, लाखों की कीमत के चांदी-सोने चांदी के जेवर, 50 चांदी के सिक्के, ऑटो रिक्शा बरामद हुआ है। वहीं लखनऊ के जानकीपुरम खरगपुर जागीर निवासी दुर्गेश कुमार मिश्रा का सीतापुर रोड पर मिश्रा ब्रदर्स नाम से पेट्रोल पंप है। दुर्गेश 28 मई को अपने परिवार के साथ बहन सरिता के घर बेंगलुरु गए थे, जहां से 18 जून को लौटने पर चोरी की जानकारी हुई। जब वह घर पहुंचे थे तो मुख्य दरवाजा की कुंडी टूटी मिली थी, लॉक सही था, इसके बाद लॉक खोलकर अंदर गए तो कमरे का लॉक टूटा मिला और सारा सामान बिखरा था। वहीं पुलिस ने चार व्यक्तियों को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है।

# कृष्ण गोपाल व अवनीश ने किया एडटेक प्रशिक्षण संस्थान, रेमंड टेलरिंग सेंटर का निरीक्षण

- टाटा टेक्नोलॉजीज और उत्तर प्रदेश सरकार के एमओयू से प्रशिक्षण की और सुधरेगी गुणवत्ता
- प्रशिक्षित युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने का किया जाए प्रयास

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

टाटा टेक्नोलॉजीज व उत्तर प्रदेश सरकार के मध्य एमओयू के माध्यम से चलाया जा रहा प्रयास प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार लाएगा और प्रशिक्षुओं को टाटा मोटर्स सहित नामी कंपनियों में सेवायोजन का अवसर भी देगा। यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सहकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल व मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज में टाटा टेक्नोलॉजीज लि. द्वारा स्थापित एडटेक प्रशिक्षण संस्थान एवं रेमंड टेलरिंग सेंटर का निरीक्षण करने के दौरान कहीं। निरीक्षण के दौरान रेमंड टेलरिंग सेंटर में मशीनों एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया की जानकारी ली गई। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप प्रदेश में युवाओं को प्रशिक्षण के साथ शत प्रतिशत रोजगार देने हेतु व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग तथा टाटा टेक्नोलॉजीज लि. के बीच एमओयू किया गया है। इसके प्रथम चरण में प्रदेश के 149 संस्थानों में टीटीएल वर्कशॉप स्थापित की जा चुकी हैं, जिनमें प्रशिक्षण जारी है। 5 उत्कृष्ट सेंटर भी स्थापित किए जा रहे हैं। द्वितीय चरण में 62 वर्कशॉप के लिए एमओयू कर निर्माण कार्य प्रगति पर है।निरीक्षण के अवसर पर विभाग के निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन अभिषेक सिंह, संयुक्त निदेशक अनिल वर्मा, संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव, उपप्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, संस्थान के कार्यदेशक, अनुदेशक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# भाजपा और कांग्रेस बदलना चाहती हैं संविधान, देश में फिर से चाहती हैं जातिवादी ढांचा: मायावती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक बार फिर से संविधान में बदलाव का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा संविधान को बदलकर एक बार फिर से पुराने जातिवादी ढांचे में बदलना चाहती हैं। संविधान बदलने के लिए मुद्दे पर दोनों दल आपस से मिले हैं। उन्होंने कहा दोनों मिलकर समय-समय पर संविधान में गैरजरूरी बदलाव करके खासकर दलितों, आदिवासियों व अन्य पिछड़े वर्गों को मिलकर आरक्षण के हक को छीनना चाहती हैं। बसपा सुप्रीमो शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि संविधान में बदलाव की निंदा करते हुए कहा कि लंबे समय तक सत्ता में रहकर कांग्रेस और भाजपा की सरकारों ने अपनी सरकार की गलत नीतियों एवं जनविरोधी चाल, लोगों का ध्यान हटाने के लिए ही संविधान में बदलाव करती रही हैं।

# यूपी में नया आर्बिटल रेल कॉरिडोर, यातायात में सुधार की दिशा में कदम

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में नया ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर यातायात व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है इससे शहर का यातायात काफी सुगम हो जाएगा। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल योजना को जल्द ही लागू करेगा। यह आर्बिटल रेल कॉरिडोर शहर को चारों ओर से घेरते हुए बनाया जाएगा।लखनऊ में यातायात को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। पहले से बने आउटर रिंग रोड के साथ अब रेलवे द्वारा आर्बिटल रेल कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। रेलवे ने लखनऊ में कॉरिडोर के लिए अंतिम स्थान का सर्वेक्षण करने की अनुमति दी है। इसका उद्देश्य शहर के चारों ओर एक रिंग के रूप में रेलमार्ग निर्माण करना है, जिससे शहर में ट्रेनों का दबाव कम होगा। इसके लिए रेलवे 4.25 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल इस योजना को जल्द ही शुरू करेगा। यह आर्बिटल रेल कॉरिडोर लगभग 170 किमी लंबा होगा और शहर को बाहरी घेरे में कवर करेगा, जैसा कि अन्य बड़े शहरों में होता है। लखनऊ के आसपास के रेलवे स्टेशन पूरे शहर को जोड़ेंगे, जिससे रेलवे का भार कम होगा। योजना के तहत प्रमुख क्षेत्रों में रेलवे स्टेशनों को जोड़ा जाएगा, जैसे आलमनगर, मानकनगर,मल्हौर, उतरेटिया, महोबुल्लापुर, सुल्तानपुर, अनूपगंज, बक्कास और बादशाह नगर लिये गये हैं।

# यूपीएससी एवं यूपीपीएससी मेंस पास पूर्व प्रशिक्षुओं को मेंटर बनने का मौका

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- छत्रपति शाहूजी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ने मांगे आवेदन
- समाज कल्याण विभाग संचालित प्रशिक्षण संस्थान में आईएएस, पीसीएस की होती है कोचिंग

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान भागीदारी भवनगोमती नगर, लखनऊ में मेंटरशिप कार्यक्रम के अंतर्गत एक खास पहल की गई है। इस बार उन युवाओं को मेंटर बनने का अवसर दिया जा रहा है, जिन्होंने पूर्व के वर्षों 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 में संस्थान से कोचिंग ली है और संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी अथवा उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यूपीपीएससी की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की है। संस्थान द्वारा पूर्व में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जो वर्तमान बैच के छात्रों को मार्गदर्शन और प्रेरणा देने के इच्छुक हैं। आवेदन की अंतिम तारीख 11 जुलाई है। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट पर जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी पवन कुमार यादव ने बताया कि 5 युवाओं का चयन किया जाएगा, जिन्हें प्रत्येक कक्षा के लिए 500 रुपये का मानदेय दिया जाएगा। संस्थान के अनुसार चयनित प्रेरकों को अनिवार्य रूप से तय समयावधि के लिए मेंटरिंग गतिविधियों में सहभागिता करनी होगी। यह पहल पूर्व के उम्मीदवारों के अनुभव का लाभ वर्तमान अभ्यर्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित छत्रपति शाहूजी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान में एससी एसटी तथा ओबीसी के युवा उम्मीदवारों को आईएएस,पीसीएस व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी करवाई जाती है।

# गोरखपुर में विरासत गलियारा-कारिडोर के नाम पर लूट तंत्र सक्रिय: अखिलेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ मेंअखिलेश यादव गोरखपुर में सपा कार्यकर्ताओं से अभद्रता को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। पार्टी दफ्तर में मीडिया से मुखातिब अखिलेश यादव ने कहा कि हमारे कार्यकर्ताओं को भाजपा के लोगों ने बुलडोजर लेकर रोका। पीड़ित दुकानदारों से मिलने नहीं दिया। पुलिस-प्रशासन उन्हीं लोगों का साथ दे रहा था। श्री यादव ने कहा, सीएम ने गोरखपुर के लिए सबसे पहली घोषणा झांसी से की थी। उन्होंने कहा था कि झांसी और गोरखपुर में मेट्रो बनाएंगे। सरकार के नौ साल होने जा रहे हैं। न झांसी में मेट्रो बनी न गोरखपुर में। गोरखपुर में गोरखधंधा चल रहा है। गोरखपुर वालों ने अपने मुंह खोल दिए तो वहां पर विरासत गलियारा की जगह हिरासत गलियारा बनवाना पड़ेगा।गोरखपुर में जमीन मकान का मुआवजा आपसी सहमति से नहीं, बल्कि बाजार की कीमत के हिसाब से देना चाहिए। सरकार पुलिस को आगे करके, डरा धमकाकर व्यापारियों और लोगों से जबरदस्ती सहमति पत्र जारी करा रही है। सीएम योगी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जब उनकी खुद की जमीन का मामला था तो सर्वाधिक संभव मुआवजा लिया। जमीन देने की बात कहकर वाहवाही लूटी।कारिडोर के नाम पर लूट तंत्र सक्रिय है। यह आसपास के लोंगो की जमीन औने-पौने दाम में ले लेते हैं। बाद में ऊंचे दाम में बेचते हैं या वहां व्यापार करते हैं। भाजपा वाले मलाई काट रहे हैं। स्थानीय लोगों के साथ धोखा हो रहा है। जहां जमीन दिखती, भाजपा कब्जा करने लगती है। यही कारण रहा कि अयोध्या और प्रयागराज में लोकसभा सीट हारी। बनारस हारते-हारते बची। अगला नंबर मथुरा और गोरखपुर का है। गोरखपुर के डीएम व एसएसपी पर अभी कारवाई नहीं हुई तो सपा सरकार बनने पर इन अधिकारियों पर कारवाई होगी। जो लोग आरक्षण के विरोधी हैं, वह सोशलिस्ट व सेकुलरिज्म का विरोध कर रहे हैं।

# श्रावस्ती को प्रमुख बौद्ध तीर्थ एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: जयवीर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

श्रावस्ती स्थित महामंगोल बौद्ध विहार परिसर में भगवान बुद्ध की विशाल प्रतिमा अब रात में भी रोशनी में नजर आएगी। इस ऐतिहासिक स्थल पर फसाड लाइटिंग की व्यवस्था के लिए 80 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत प्रतिमा और परिसर की भव्यता रात के समय और बढ़ जाएगी, जो पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। पर्यटन विभाग का उद्देश्य है कि प्रदेश स्थित बौद्ध स्थलों को पर्यटक अनुकूल बनाया जाए, ताकि देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्रावस्ती राज्य का प्राचीन शहर है। सनातन के साथ बौद्ध व जैन धर्म की जड़ें भी यहां से जुड़ी हैं। यह क्षेत्र पर्यटन व धार्मिक यात्रा के लिए आगंतुकों को रास आता है। देश ही नहीं दुनिया भर के बौद्ध धर्मावलंबी हर साल यहां भ्रमण के लिए आते हैं। पर्यटक सुविधाओं के विकास एवं सौंदर्यीकरण से आगंतुकों को बेहतर सुविधा मिलेगी।झील, नदी, पहाड़ व जंगल से घिरा श्रावस्ती जिला अध्यात्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। श्रावस्ती भगवान बुद्ध की प्रमुख कर्मस्थलियों में से एक है, जहां उन्होंने जीवन के सबसे अधिक वर्षावास व्यतीत किए। दुनियाभर से आने वाले बौद्ध श्रद्धालुओं के लिए यह स्थान अत्यंत पवित्र माना जाता है। अब फसाड लाइटिंग के जरिए इस स्थल की भव्यता को और बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इस पूरे परिसर में रोशनी की ऐसी व्यवस्था की जाएगी, कि वह 360 डिग्री से देखने पर समान रूप से भव्य नजर आएगा। विशेष त्योहारों और अवसरों पर थीम आधारित बहु-स्तरीय प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में श्रावस्ती में 1,27,222 पर्यटक आए थे। इनमें 1,20,540 घरेलू पर्यटक जबकि 6,682 विदेशी आगंतुक थे। विभाग को उम्मीद है कि उनके प्रयासों का सकारात्मक प्रतिफल सामने आएगा। श्रावस्ती आने वाले जेतवन महाविहार, अंगुलिमाल गुफा, आनंद बोधि वृक्ष सहित महात्मा बुद्ध से जुड़े अन्य स्थलों की सैर करते हैं। सरकार श्रावस्ती को एक प्रमुख बौद्ध तीर्थ एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग का सतत प्रयास है कि श्रावस्ती की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता को वैश्विक पहचान दिलाई जाए। इस दिशा में फसाड लाइटिंग की समुचित व्यवस्था की जा रही है, जिससे न केवल श्रद्धालु बल्कि आम पर्यटक भी आकर्षित होंगे। फसाड लाइटिंग की समुचित व्यवस्था न केवल श्रद्धालुओं बल्कि आम पर्यटकों को भी आकर्षित करेगी। यह पहल पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति देने का कार्य करेगी।



# उर्वरक विक्रेताओं का कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन, खाद कंपनियों पर ओवररेटिंग का आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

■ **विक्रेताओं ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

जिले में खाद की अधिक कीमत और ओवररेटिंग से परेशान उर्वरक विक्रेताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले जुटे करीब 300 दुकानदारों ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए खाद कंपनियों पर मनमानी का आरोप लगाया।विक्रेताओं ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों को 266.50 रुपये प्रति बोरी की दर से यूरिया बेचने का निर्देश है,जबकि कंपनियां उन्हें 242 से 246 रुपये प्रति बोरी की दर से खाद उपलब्ध करा रही हैं।इसमें 30 से 40 रुपये प्रति बोरी ट्रांसपोर्ट का खर्च अलग से जोड़ने पर उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।इस समय जिले में धान की रोपाई का कार्य चल रहा है, ऐसे में खाद की मांग चरम पर है। विक्रेताओं का कहना है कि कंपनियां सात बड़े थोक विक्रेताओं के माध्यम से ही खाद की आपूर्ति कर रही हैं, जबकि नियमानुसार खाद सीधे खुदरा दुकानदारों तक पहुंचनी चाहिए। विक्रेताओं ने विभागीय छापेमारी और नियमों के दोहरे पालन को लेकर भी नाराजगी जताई।प्रदर्शन में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला महामंत्री राम किशोर त्रिवेदी,संदीप मिश्र समेत सैकड़ों विक्रेता शामिल रहे। बताया गया कि जिले में लगभग 600 खाद विक्रेताओं की दुकानें संचालित हो रही हैं। विक्रेताओं ने मांग की है कि खाद की आपूर्ति और मूल्य निर्धारण की व्यवस्था पारदर्शी बनाई जाए ताकि किसान और दुकानदार दोनों को राहत मिल सके।



# जिलाधिकारी ने पोषाहार उत्पादन इकाई का किया स्थलीय निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी संजय चौहान ने शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संरक्षित एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित जागृति माइक्रो इन्टरप्राइजेज आंगनबाड़ी पोषाहार उत्पादन इकाई शहबाजपुर गौरीगंज का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने डीसी एनआरएल एम से प्रतिदिन पोषाहार उत्पादन की जानकारी ली तथा उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोषाहार उत्पादन इकाई पर पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाए तथा गुणवत्तापूर्ण पोषाहार का उत्पादन किया जाए। उन्होंने समूह की महिलाओं से भुगतान आदि के संबंध में जानकारी ली।उन्होंने पोषाहार उत्पादन के लिए कच्चे माल के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि पोषाहार बनाते समय शुद्धता व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पोषाहार उत्पादन से लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों तक वितरण के संबंध में पूरी प्रक्रिया की जानकारी डीसी एनआरएलएम से ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस दौरान डीसी एनआर एलएम प्रवीणा शुक्ला सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# तिलोई का कंप्यूटर ऑपरेटर स्थानांतरण के बाद भी पद पर बना हुआ




**जन एक्सप्रेस । तिलोई, अमेठी**

विकासखंड तिलोई में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर का स्थानांतरण बीएसए संजय तिवारी द्वारा आदेशित किया गया,लेकिन तीन दिन बीत जाने के बावजूद उक्त ऑपरेटर को कार्यमुक्त नहीं किया गया है। विभागीय लापरवाही और मिलीभगत के चलते स्थानांतरण आदेश ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार तिलोई में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर ने स्थानांतरण आदेश का अनुपालन करने के बजाय मेडिकल अवकाश का सहारा लेकर पद पर बने रहने की जुगत शुरू कर दी है।हालांकि यह अवकाश महज कागजी बताया जा रहा है। हकीकत यह है कि ऑपरेटर अब भी विभागीय कामकाज से जुड़ा हुआ है और प्रभावशाली लोगों के माध्यम से स्थानांतरण रुकवाने के प्रयास में जुटा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपने आदेश में यह स्पष्ट निर्देश दिए थे कि बिना प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किए तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण किया जाए। इसके बावजूद, तिलोई के जिम्मेदार अधिकारी आदेश का पालन कराने में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। शिक्षक संगठनों का कहना है कि जब बीएसए के आदेशों का ही पालन नहीं होगा,तो विभाग में अनुशासन की बात बेमानी हो जाती है।

# 03 माह के लिए बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु ब्लैक बेल्ट अभ्यर्थी करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया है कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों से सामना करने एवं शारीरिक व मानसिक रूप से सशक्त बनाने हेतु जनपद के चयनित 41 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को 03 माह तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

जिसके लिए जनपदीय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के क्रम में मार्शल आर्ट (कुंग फू, जूडो कराटे, ताइक्वांडो आदि) में ब्लैक बेल्ट योग्यताधारी प्रशिक्षकों का तीन माह के लिए चयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 12 जुलाई 2025 निर्धारित है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने नियम व शर्तें के बारे में बताया है कि आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र सीधे कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली या कार्यालय जिला क्रीडा अधिकारी रायबरेली के डाक पटल पर जमा करा सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से निर्धारित पते (कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, रेलवे स्टेशन रोड, निकट मंशा देवी मंदिर, रायबरेली, पिन कोड-229001) पर प्रेषित कर सकते हैं।

प्रत्येक राजकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उपरान्त सम्बन्धित प्रधानाचार्य द्वारा प्रतिमाह 5000/- की दर से प्रशिक्षक को प्रति विद्यालय भुगतान किया जायेगा। प्रशिक्षण की अवधि प्रति विद्यालय प्रतिदिन न्यूनतम 40 मिनट की होगी। प्रशिक्षकों के चयन में महिला प्रशिक्षकों को वरीयता दी जायेगी।

पर्याप्त संख्या में महिला प्रशिक्षक उपलब्ध न होने पर पुरुष प्रशिक्षकों का चयन किया जायेगा। आवेदन करने वाले प्रशिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में प्रशिक्षण प्रदान करने की सहमति आवेदन में देनी होगी। सहमति न देने वाले आवेदकों का चयन नहीं किया जायेगा। प्रशिक्षण की अवधि 03 माह की होगी। प्रशिक्षकों का चयन नितान्त अस्थायी होगा।

# प्राथमिक स्कूल बंद होने से गरीब की बेटियाँ हो जाएँगी शिक्षा से वंचित- राम विलास यादव

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को स्वराज इंडिया पार्टी के पदाधिकारी ने विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपा है। सरकार के आदेश के खिलाफ यहां विरोध किया जा रहा है। कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों को बंद करके उनके छात्रों को अन्य किसी विद्यालय में मर्ज किए जाने वाले शासनादेश के खिलाफ स्वराज इंडिया पार्टी ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन देकर उक्त फैसले को वापस लिए जाने की मांग की है। स्वराज इंडिया पार्टी की रायबरेली इकाई के सैकड़ों लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर विद्यालयों को बंद ना किए जाने की मांग की है। स्वराज इंडिया पार्टी के जिलाध्यक्ष राम विलास यादव ने कहा कि आए दिन बेटियों के साथ अपराध होने की घटनाएं प्रकाश में आती है ऐसे में यदि विद्यालय घर से दूर हो जाएँगे तो बेटियों के साथ अपराध की घटना होने की सम्भावना बढ़ सकती है। विद्यालय दूर हो जाने की दशा में अभिवावको के मन में बेटियों के साथ अपराध की आशंका रहेगी और तब अभिवावक बेटियों की शिक्षा बंद करवा सकते है और परिणाम स्वरुप ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां शिक्षा से वंचित हो जाएँगी। पार्टी के प्रांतीय नेता पुष्कर पाल ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वालों छात्रों के अभिवावक खेती या दिहाड़ी मजदूरी करते है, विद्यालय दूर हो जाने की दशा में इन अभिवावकों के पास अपने बच्चों को स्कूल लेने या छोड़ने जाने का समय नहीं रहेगा क्योंकि यदि ये अपने बच्चों को स्कूल लेने और छोड़ने जाएँगे तब ये खेती या मजदूरी नहीं कर पाएंगे परिणाम स्वरुप ये अभिवावक बच्चों की पढ़ाई बंद करवा कर उन्हें घर पर बिठा देंगे या मजदूरी में लगा देंगे, साथ ही यदि सरकारी स्कूल बंद होंगे तब प्राइवेट विद्यालयों की मन मानी बढ़ जाएगी, जिससे शिक्षा का व्यवसायी करण हो जाएगा।

इसलिए सरकार को इस गरीब व मजदूर विरोधी फैसले को वापस लेना चाहिए। ज्ञापन देने में संजय कुमार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जय किसान आंदोलन, राकेश सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष स्वराज इंडिया पार्टी शिव प्रताप मौर्य, जिला अध्यक्ष जय किसान आंदोलन रायबरेली, संजय यादव, रेखा, गौरी, पूजा, हसमत, सुनीता, औसाना, प्रीतम, शिवशंकर, अवनीश, अखिलेश श्रीवास्तव, ऋषभ, ब्रजेश, रवी मौर्य, धनंजय साहू, धीरज कुमार, संतराम आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में रोडवेज कर्मी व मेडिकल संचालक की मौत

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

बलरामपुर/गौरा चौराहा। जिले में शुक्रवार को अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसों में मारे गए दोनों युवकों ने हेलमेट नहीं पहना था।

फत्तेजोत मोहम्मदपुर गांव निवासी अरविंद (26) शुक्रवार सुबह बाइक से ड्यूटी पर आ रहे थे। उनके साथ मनीष (25) और गोपाल (20) भी सवार थे। उतरौला मार्ग पर पीछे से आई तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों उछलकर सड़क पर गिर पड़े। अरविंद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मनीष को हालत बिगड़ने पर लखनऊ रेफर किया गया है।

# डीएम-एसपी ने थाना दिवस पर बछरावां में सुनी लोगों की फरियाद

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ थाना बछरावां में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं।

जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करें। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिये। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादों को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए।

इस अवसर पर एसडीएम महराजगंज सचिन यादव सहित पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धान रोपाई के समय लो वोल्टेज से किसान त्रस्त

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे किसान धान की रोपाई को लेकर परेशान हैं। महराजगंज विद्युत उपकेंद्र पर पिछले 20 वर्षों से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। लेकिन आज तक इसका समाधान नहीं हुआ। इस बार तो लो वोल्टेज से सबमर्सिबल पंप न चलने के कारण खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। जिससे धान की रोपाई बाधित है। चंदापुर फीडर के ओया असर्फाबाद, खैरहना, इमामगंज, मोहब्बत नगर, बधैल, लोनार, पहरेमऊबहादुर नगर सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में लो वोल्टेज की समस्या से किसान जूझ रहे हैं। असर्फाबाद गांव निवासी शारदा सिंह कहते हैं कि चंदापुर फीडर पर लो वोल्टेज की समस्या है। ऐसे में सबमर्सिबल पंप नहीं चल पा रहे हैं, जिससे खेतों की सिंचाई बाधित है।

# थाना समाधान दिवस के दौरान थाना जामों में डीएम व एसपी ने सुनी जन समस्याएं



**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के चौथे शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने जामों थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।डीएम ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।इस अवसर पर थानाध्यक्ष जामों वी के सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# जगतपुर : दबंग ठेकेदार की खुली छूट, बिना अनुमति महुआ पेड़ों का हो रहा खुलेआम कटान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



जिले के जगतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुटूपुर बिच्छूरा गांव में इन दिनों वन विभाग की लापरवाही और ठेकेदारों की दबंगई से वन संपदा की खुलेआम लूट चल रही है। गांव के पास स्थित राम नगर गिट्टी प्लांट के सामने दर्जनों महुआ के पेड़ बिना किसी सरकारी अनुमति के काट दिए गए हैं। यह कारनामा अंजाम दिया है स्थानीय ठेकेदार पट्टू ने, जो दिनदहाड़े भारी मशीनों से पेड़ों को काट रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई नई बात नहीं है। ठेकेदार पट्टू कई दिनों से जगतपुर और आसपास के क्षेत्रों में घूम-घूमकर पेड़ों की अवैध कटाई करवा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह सब कुछ वन विभाग और थाना पुलिस की जानकारी में होते हुए भी बिना किसी रोक-टोक के हो रहा है।महुआ का पेड़ सिर्फ पेड़ नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों में जीवन का एक अहम हिस्सा है। इसके फूल, बीज और लकड़ी का इस्तेमाल खाने, दवाइयों, तेल और ईंधन में किया जाता है। इसके बावजूद, इस तरह की बर्बर कटाई यह दर्शाती है कि प्राकृतिक संसाधनों की लूट अब कानून की पकड़ से बाहर होती जा रही है।

**प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल**

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ठेकेदार पट्टू वन विभाग के अधिकारियों को मोटी रकम देकर अवैध कटान करता है। अधिकारियों और ठेकेदार के बीच मिलीभगत के चलते अब तक कोई भी सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। इस तरह की चुप्पी प्रशासन की नीयत और नीतियों दोनों पर सवाल खड़े करती है। भारतीय वन अधिनियम के तहत किसी भी पेड़ को काटने के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य है। लेकिन जगतपुर में कानून को दरकिनार कर पेड़ों की हत्या की जा रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या कानून सिर्फ आम आदमी पर लागू होता है और रसूखदारों के लिए नहीं?

# अयोध्या में निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या में शुक्रवार शाम भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धा और उल्लास के साथ प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा ट्रस्ट की ओर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। यह यात्रा श्रीजगन्नाथ पुरी की तर्ज पर निकाली जाती है, जो अयोध्या की धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। शाम 6 बजे आरती और पूजन के बाद भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की मूर्तियों को सुसज्जित रथ पर विराजमान कर भक्तों के दर्शन के लिए यात्रा प्रारंभ हुई। रथयात्रा में बड़ी संख्या में साधु-संत, धर्माचार्य, महिलाएं, बच्चे और श्रद्धालु जन शामिल हुए। भक्तों ने हरि नाम संकीर्तन करते हुए नगर भ्रमण किया और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। रथयात्रा के मार्ग पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए थे। नगरवासियों और श्रद्धालुओं ने भी विभिन्न स्थानों पर जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की।

# पहली मोहर्रम का मातमी जुलूस इमामबाड़ा मीर वाजिद अली मे संपन्न हुआ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



शुक्रवार से मोहर्रम का आगाज़ हो गया गौरतलब है कि शिया समुदाय 2 माह 8 दिन तक क़र्बला के शहीदों का गम मातम मजलिस कर के मनाते हैं।

इसी सिलसिले से शुक्रवार की सुबह से शहर के अज़ाखानो में मातम मजलिस का दौर शुरु हो गया रात्रि लगभग 9 बजे जहानाबाद स्थित स्व0 इरशाद वकील के घर के बहार से अंजुमन सज्जादिया रजि0 रायबरेली की सरपरस्ती में पहली मोहर्रम का मातमी जुलूस शान शौक़त और अक़ीदत के साथ बरामद हुआ जिसमे अलम ताज़िया के साये में अंजुमन दस्ता ए ज़ैनुल एबा रजिस्टर्ड रायबरेली के नौहख्वानों के नौहों पर बुज़ुर्गों, नौजवानों, बच्चों ने नौहों पर ज़बरदस्त सीनाज़नी कर अपने इमाम को पुरसा पेश किया।

जूलूस में हसन, साजिद जाफरी, रिज़वान हैदर, जौहर नक़वी, शान ज़ैदी, फ़राज़ अल्वी वा साथियों ने की। जुलूस अपने क़दीमी रास्तों जहानाबाद, अली मियाँ चौक, खिन्नी तला, जोशियाना पुल, होता हुआ खलिस हाट स्थित इमामबारगाह वक़्फ़ मीर वाजिद अली मे संपन्न हुआ। बाद जुलूस उक्त इमामबारगाह में एक मजलिस हुई जिसे जनाब ऐजाज़ अस्करी साहब ने मर्सिया पढ़कर ख़िताब किया, जिसमें उन्होंने करबाला में हुए ज़ुल्मों और क़ुर्बानियों का ज़िक्र किया जो अस्ल इस्लाम और इंसानियत की हिफाज़त के लिए इमाम हुसैन ने खुदा का शुक्र करते हुए दी। बाद मजलिस मुतवल्ली वक़्फ़् मीर वाजिद अली एवं आयोजक अली सरवर नकवी (मीसम) ने बताया कि जुलूस में अंजुमन सज्जादिया रजि0 रायबरेली के पदाधिकारियों में सिकंदर ज़ैदी महासचिव, मोहम्मद हसन बिलग्रामी सेक्रेटरी अज़ा, इमरान रज़ा, दिलशाद नक़वी मीडिया प्रभारी तथा अन्य पदाधिकारियों के अलावा हसन रायबरेलवी, यादगार काज़मी, सफी अब्बास नक़वी, नय्यर नक़वी, नासिर मेहंदी, इंजी ताजदार नक़वी, जायर हुसैन रिज़वी, लख़्ते जाफर, एडवोकेट अकबर अली, अख्तर रायबरेलवी, शावेज़ अली, रज़ा मेहंदी, इरफ़ान ज़ैदी, मुकर्रम नक़वी, अश्तर नक़वी, नासिर मेहंदी, शाहकार रिज़वी एडवोकेट, सय्यद वसी नक़वी, रज़ा अब्बास, एडवोकेट सलमान नक़वी बिलाल नक़वी सहित अन्य मातमदार भारी संख्या में मौजूद रहे।



### नगर पंचायत बनकटी कार्यालय...

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के अस प्रभारी एवं पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने आदर्श नगर पंचायत बनकटी के कार्यालय भवन का विधि विधान से वैदिक मंत्रों के बीच... शेष पेज 10 पर...

# ऑपरेशन सिंदूर कप 2025 ग्रीनपार्क में सांसद–सेना क्रिकेट मुकाबले के साथ नज़र आएगा देशभक्ति का महोत्सव

## ट्रॉफी अनावरण के साथ शुरू हुई भव्य तैयारियां, सांसद रमेश अवस्थी, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, ब्रिगेडियर सबरुल हसन प्रेसवार्ता में हुए शामिल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम में 29 जून 2025 को होने वाले ऑपरेशन सिंदूर कप 2025 के लिए तैयारियां अपने चरम पर हैं। यह टी-20 क्रिकेट मुकाबला सांसद एकादश और सेना एकादश के बीच खेला जाएगा, जो भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और सम्मान को समर्पित है। इस अनोखे आयोजन का उद्देश्य देशवासियों और सेना के बीच के रिश्ते को और मजबूत करना है। आज ग्रीनपार्क स्टेडियम में आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद रमेश अवस्थी और कानपुर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया और कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा साझा की। सांसद अवस्थी ने इसे एक ऐतिहासिक आयोजन करार देते हुए कहा, यह मुकाबला उन जवानों को सलामी है जो हर पल हमारी रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं।

### देशभक्ति से सराबोर होगा उद्घाटन समारोह

प्रेस वार्ता में सांसद रमेश अवस्थी ने बताया कि 29 जून को ग्रीनपार्क स्टेडियम में दर्शकों की एंट्री दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। उद्घाटन समारोह शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें देशभक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। समारोह की शुरुआत मशहूर गायिका स्वाति मिश्रा के गीत ÷राम आएंगे तो अंगना सजाऊँगी÷ से होगी, जिसने देशभर में ख्याति अर्जित की है। इसके बाद प्रख्यात कवयित्री कविता तिवारी और कवि गौरव चौहान अपनी ओजस्वी देशभक्ति कविताओं से दर्शकों में जोश भरेंगे। कविता तिवारी पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन भी करेंगी। प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल के शामिल होने की भी संभावना है, जो इस आयोजन को और यादगार बनाएंगे।

### सेना के बैंड और देशभक्ति का जश्न

मैच का टॉस शाम 6:15 बजे होगा, और 6:30 बजे से यह बहुप्रतीक्षित टी-20 मुकाबला शुरू होगा। लगभग 20 हजार दर्शक ग्रीनपार्क स्टेडियम में इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनेंगे, जहां तिरंगे की छांव में देशभक्ति का उत्सव मनाया जाएगा। पहली पारी के बाद भारतीय सेना का मशहूर बैंड देशभक्ति से ओतप्रोत गीत-संगीत की प्रस्तुति देगा, जो इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। यह संगीतमय प्रस्तुति दर्शकों के दिलों में देशप्रेम की भावना को और प्रज्वलित करेगी।

### विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति

इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कई मंत्री, सांसद और गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। आयोजन के दौरान समाज सेवा और उत्कृष्ट योगदान के लिए 25 विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा, जो इस कार्यक्रम को सामाजिक सरोकारों से जोड़ेगा।

### सेना एकादश की संभावित टीम

- 1. ब्रिगेडियर शब्बरुल हसन, ब्रिगेड कमांडर, कानपुर
- 2. ब्रिगेडियर नवाब खान, डिप्टी जीओसी, प्रयागराज
- 3. कर्नल सुनील नांदल, कमांडिंग ऑफिसर, 8वीं बटालियन द राजपूताना राइफल्स, कानपुर
- 4. नवनीत सहगल, अध्यक्ष, प्रसार भारती
- 5. अखिल कुमार, पुलिस आयुक्त, कानपुर
- 6. अभिषेक कुमार, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, छावनी बोर्ड, कानपुर
- 7. सुधीर कुमार, नगर आयुक्त, कानपुर
- 8. आशुतोष कुमार, मुख्य परिवहन प्रबंधक, कानपुर
- 9. कासिम अबीदी, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (अपराध), कानपुर
- 10. राजेश के. सिंह, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर), कानपुर
- 11. गौरांग राठी, जिला मजिस्ट्रेट, उन्नाव
- 12. मनीष निगम, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (अपराध), कानपुर
- 13. सैमुअल पॉल, प्रबंध निदेशक, केस्को

### संसद एकादश की संभावित टीम

- 1. मनोज तिवारी, सांसद, उत्तर पूर्वी दिल्ली
- 2. रमेश अवस्थी, सांसद, कानपुर
- 3. विजय दुबे, सांसद, कुशीनगर
- 4. देवेश शाक्य, सांसद, एटा
- 5. डॉ. प्रशांत वाई. पडोले, सांसद, भंडारा गोंदिया
- 6. मनोज राजोरिया, पूर्व सांसद, करौली–धौलपुर
- 7. सुब्रत पाठक, पूर्व सांसद, कन्नौज
- 8. सोमेंद्र तोमर, राज्य मंत्री, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, उत्तर प्रदेश
- 9. दानिश अंसारी, राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ
- 10. पी.एन. पाठक, विधायक, कुशीनगर
- 11. अभिजीत सिंह सांगा, विधायक, बिठूर, कानपुर
- 12. पुनीत शर्मा, एमसीडी अध्यक्ष
- 13. निशिकांत दुबे, सांसद, गोड्डा, झारखंड

**नोट– उपरोक्त सूची संभावित खिलाड़ियों की है, अंतिम टीम में बदलाव संभव है।**

### सेना के सम्मान में एक अनूठा आयोजन

ऑपरेशन सिंदूर कप 2025 कोई साधारण क्रिकेट मैच नहीं है। यह भारतीय सेना के जांबाजों को सम्मानित करने और देशवासियों में देशभक्ति की भावना को प्रज्वलित करने का एक अनूठा मंच है। मैदान पर एक ओर नीति–निर्माता सांसद होंगे, तो दूसरी ओर देश की रक्षा करने वाले सेना के नायक। यह मुकाबला खेल के साथ–साथ देश के प्रति समर्पण और एकता का प्रतीक होगा। सांसद रमेश अवस्थी ने इस आयोजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, 卐यह आयोजन सेना के साहस, बलिदान और गौरव को समर्पित है। हम चाहते हैं कि देश की जनता और सेना के बीच का जुड़ाव और मजबूत हो।卐 यह आयोजन न केवल कानपुर, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक क्षण होगा, जो ग्रीनपार्क स्टेडियम में देशभक्ति के रंग में रंगा जाएगा।

## बिल्हौर में भाजपा नेता विक्रम मिश्रा के घर पहुंच सांसद अशोक रावत ने धीरज बधाया, जल्द खुलासा होगा

- बिल्हौर ककवन रोड रेलवे फाटक 64 नंबर का ओवर ब्रिज प्रकरण डीएम की चौखट पर पहुंचा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर कस्बे के शांति नगर में भाजपा नेता वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम मिश्रा के आवास पर हुई चोरी की घटना के बाद सांत्वना देने पहुंचे मिश्रिख के सांसद अशोक रावत ने शुक्रवार को उनके घर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यह चोरी 21/22 जून की रात उस समय हुई थी जब विक्रम मिश्रा परिवार के साथ दार्जिलिंग गए हुए थे। लोकप्रिय मिश्रिख सांसद रावत ने शुक्रवार को बिल्हौर क्षेत्र का दौरा किया और कई स्थानों पर रुककर लोगों से मुलाकात की। ककवन मंडल अध्यक्ष शानू राठौर के निवास पर भी गए और उनका हालचाल पूछा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में शानू राठौर की माता जी का निधन हो गया था, जिस पर सांसद ने पहुंचकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम मिश्रा के घर हुई चोरी की घटना ने क्षेत्र में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। सांसद अशोक रावत ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने और चोरी हुआ सामान बरामद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है और ऐसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। ककवन क्षेत्र के कई भाजपा पदाधिकारी ने सांसद से मुलाकात कर ककवन थानाध्यक्ष को हटाने की मांग की है सभी के बाद सुनने के बाद में सांसद ने डीसीपी से उनके सामने ही बात की और उन्होंने इस पर जल्द कार्रवाई करने का शासन दिया।

## परियर जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे बारिश की वजह से धंसे, हो रही दर्घटनाएं

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



परियर। विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी के परियर से बिठूर पुल तक बनी सड़क अधिक वर्षा के कारण किनारे पर कई जगह कटान हो गई है। जिससे सड़क धसने का खतरा बन गया है। रात्रि के वक्त रोड के किनारे स्ट्रीट लाइट ना होने के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। कई बार विभाग में शिकायत किए जाने के बाद भी अभी तक अधिकारियों के कानों में जूं तक नहीं रेंगी है।

मालूम हो कि उन्नाव से कानपुर को जोड़ने वाली परियर से बिठूर गंगा पुल तक दो किलोमीटर लम्बी सड़क वर्षा के कारण लगभग 20 जगह पर किनारे की मिट्टी बह जाने से कट रही है।जिससे सड़क भी धसने की कगार पर पहुंच गई है। किनारों पर बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से दुर्घटना भी हो सकती हैं। ग्रामीण शंकर स्वरूप अवस्थी, देवीप्रसाद, अयोध्या, हिमांशु, अलोक, शिव प्रकाश आदि ने बताया यदि तुरंत कुछ नही किया गया तो सड़क कट सकती हैं। जिससे आवागमन बाधित हो सकता हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क पर स्ट्रीट लाइट नहीं है जिसकी वजह से रात्रि के बाद सड़क के किनारे बने गड्ढे ठीक से नजर नहीं आते। जिसकी वजह से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। वही

इस संबंध में एई शाह रहमान ने बताया कि जल्द सड़क के दोनों किनारों को सही करा दिया जाएगा।

## पीड़िता की जब किसी ने नहीं सुनी फरियाद तो न्याय के लिए डीआईजी का दरवाजा खटखटाया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिठूर थाना क्षेत्र के तात्या टोपे नगर नयागंज के रहने वाली राजकुमारी पत्नी सुशील कुमार ने डीआईजी को दिए प्रार्थना पत्र के माध्यम से यह आरोप लगाया है। कि राजकुमारी का काफी समय से जमीन का विवाद चल रहा था। 26 जून के दोपहर करीब 2:00 बजे कुछ दबंग लोग जबरन उसके घर में घुस गए और जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं उसके जेवर और ?50000 नकद एक सोने की जंजीर कान का बाला आठ आने भर की एक अंगूठी, 200 ग्राम की पायल, 200 ग्राम कमर पेटी, गले का माल सहित लगभग ?300000 रुपए तक का सामान छीन लिया। पीड़िता नहीं अभी आरोप लगाया कि मारपीट करने वालों में सोमवती पत्नी विनोद निवासी नारायण नया पुरवा थाना भिवली जिला कानपुर देहात, बबली पत्नी राजेश बाबू निवासी नया पुरवा थाना मंगलपुर, कन्हाई पत्नी चांदनी निवासी नयागंज तात्या टोपे नगर ने मिलकर पहले तो मकान में तोड़फोड़ की और जब राजकुमारी ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। डीआईजी को दिए गए प्रार्थना पत्र में प्रार्थिनी ने यह भी आरोप लगाया है। कि जब वह रात 10:00 बजे थाने पहुंची तो पुलिस ने उसे बैठा रखा लेकिन उसकी फरियाद नहीं सुनी। राजकुमारी ने यह भी बताया कि मकान से संबंधित एक मुकदमा भी न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन चतुर्थ में विचाराधीन है। पीड़िता ने यह भी बताया कि जिस मकान को छोड़े जाने का उसे पर दबाव बनाया जा रहा है वह वास्तविकता में उसी का है। और मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पीड़िता ने यह भी बताया कि यदि उसकी अब भी सुनवाई नहीं होती तो वह मुख्यमंत्री के पास भी गुहार लगाने के लिए जाएगी।

## संजय सिंह को एक्सीलेंस अवार्ड से डिप्टी सीएम ने सम्मानित किया

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर कस्बा स्थित सिटी हॉस्पिटल के संचालक संजय सिंह एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने किया चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए सम्मान उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा एक गरिमापूर्ण समारोह में प्रदान किया गया, जिसने चिकित्सा जगत में बिल्हौर सिटी हॉस्पिटल और श्री संजय सिंह के योगदान को रेखांकित किया। यह सम्मान समारोह हाल ही में आयोजित किया गया था, जहाँ प्रदेशभर से चिकित्सा और अन्य क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने श्री संजय सिंह को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की। श्री संजय सिंह के नेतृत्व में बिल्हौर सिटी हॉस्पिटल ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अस्पताल न केवल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है, बल्कि इसने किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराकर आम जनता का विश्वास भी जीता है। विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के मरीजों के लिए यह अस्पताल एक महत्वपूर्ण सहारा बन गया है।

## बादल रहेंगे पर झमाझम बारिश एक जुलाई को, मौसम विभाग ने दी ये जानकारी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

हवाओं के रुख की वजह से मानसूनी बादल सुस्त पड़ जा रहे हैं। बादल छाए तो रहते हैं लेकिन बारिश नहीं होती। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि हवाओं का रुख बदल गया है। शुष्क हवाएं भी बादलों में जा रही हैं। इससे बादलों के अंदर नमी घटती है और बारिश नहीं होती।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि (सीएसए) के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि एक तो बादल ऊंचाई पर नहीं जा पा रहे। इसके अलावा शुष्क हवा बादलों में जाने से नमी कम हो रही। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाओं में नमी कम हो जा रही है। इससे ढंग से बारिश नहीं हो पा रही। सीएसए के मौसम विभाग ने एक जुलाई के बीच गरज-चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

## कानपुर ग्रामीण कांग्रेस जिला इकाई घोषित होने पर युवाओं में जोरदार जोश



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी ग्रामीण इकाइयों को नए सिरे से घोषित कर व पार्टी को मजबूत करने में जुटी हुई है इसी को लेकर बिल्हौर निवासी डॉ अभिषेक कटियार को कांग्रेस ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए सचिव नियुक्त किया है जिस मौके पर अमन शोएब अहमद, समाजसेविका वरुण राज कठेरिया, अखिल को कानपुर नगर ग्रामीण का जिला सचिव बनाया गया है इस मौके पर कांग्रेस कार्यसमिति पदाधिकारी में खुशी की लहर दौड़ उठी पंडित श्रीकांत शर्मा, आनंद प्रकाश वर्मा तू फेल अहमद नरेंद्र चंचल रामशरण पांडे अजीत किशोर कटियार आदिल उपस्थित रहे डॉ अभिषेक कटियार अमर ने कहा की पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारियां का कर्तव्य निर्वहन करूंगा युवा किसानों और पीड़ितों की आवाज उठाने का भरपूर कोशिश करूंगा।

## एक हजार की आबादी को पानी की किल्लत







**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कल्याणपुर के पॉश इलाके सत्यम विहार में लीकेज के चलते एक सप्ताह से पानी की समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। करीब एक हजार लोग पानी की किल्लत झेलने को मजबूर है। स्थानीय निवासियों का कहना है। विभाग द्वारा की गई खुदाई से पाइपलाइन लीकेज हो गई है। जलकल विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।लोगो में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है। शनिवार को सुशील, नीरज, दिलीप अवस्थी समेत कई गुस्साए लोगो ने स्थानीय पार्षद कौशल मिश्रा को पानी की समस्या से रूबरू कराते हुए समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई। जिसके बाद जल कल विभाग द्वारा पाइप लाइन के लीकेज को ठीक करने का काम शुरू कराया गया है।

पार्षद कौशल मिश्रा ने बताया कि लीकेज की वजह से दिक्कत हो रही थी।

लोगो ने उनसे शिकायत की। जलकल विभाग के कर्मचारी लीकेज को ठीक करने में जुटे है। जल्द ही पानी की समस्या से निजात मिल जाएगी।

वही जलकल विभाग के एक्स ई एन से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में 50, 20 और 10 बच्चों से कम वाले विद्यालय बंद हो सकते हैं

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर खंड शिक्षा कार्यालय के अंतर्गत 72 सरकारी स्कूलों में 50 बच्चों से कम संख्या है और 20 बच्चों से कम संख्या वाले 9 विद्यालय हैं। शिवराजपुर खंड शिक्षा कार्यालय के अंतर्गत 50 बच्चों से कम संख्या वाले 76 सरकारी स्कूल है और 20 बच्चों से कम संख्या वाले विद्यालय 13 है । 10 बच्चों से कम संख्या वाले 3 सरकारी विद्यालय हैं। चौबेपुर खंड शिक्षा कार्यालय के अंतर्गत 50 बच्चों से कम संख्या वाले 71 सरकारी स्कूल है 20 बच्चों से कम संख्या वाले 11 विद्यालय हैं। ककवन खंड शिक्षा कार्यालय के अंतर्गत 50 बच्चों से कम संख्या वाले 28 सरकारी विद्यालय हैं। 20 बच्चों से कम संख्या वाले 2 सरकारी विद्यालय हैं। बिल्हौर तहसील क्षेत्र में 29 सरकारी विद्यालय ऐसे हैं जहां पर प्रत्येक विद्यालय में कम से कम पांच टीचर हैं और संख्या बच्चों की 10 से कम है। शिक्षकों में भी बेचैनी हो गई है कि आप उनको दूसरे विद्यालय में बच्चों सहित जाना होगा आने-जाने में असुविधा होगी और वहां पर जो दूसरे विद्यालय से इंचार्ज अध्यापक जाएगा वह क्या सहायक अध्यापक बनेगा तमाम सवालों की चर्चाएं ग्रुपों से पर लेकर मोबाइल पर अध्यापक आपस में करते नजर आ रहे हैं अभी शासन की मंशा के अनुरूप कम बच्चे स्कूल में होने पर दूसरे स्कूलों में भेजे जाएंगे और वहां अध्यापक भी जाएंगे एक समय ऐसा आएगा कि बच्चों की संख्या कम होगी अध्यापकों की संख्या मानक से अधिक होगी। क्या इस पर भी सरकार कोई कदम उठाएगी।

## मकनपुर चौकी परिसर में आगामी मोहर्रम के पर्व पीस कमेटी की बैठक में डीसीपी पहुंचे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के मकनपुर कस्बे की चौकी में पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में चौकी मकनपुर परिसर में आगामी त्यौहार मोहर्रम को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, समाजसेवियों, विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों, ताजिया रखने वाले व्यक्तियों तथा जुलूस आयोजकों ने प्रतिभाग किया।

बैठक के मुख्य बिंदु निम्नलिखित रहे मोहर्रम के दौरान निकलने वाले सभी जुलूसों को शांतिपूर्ण एवं स्व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराए जाने हेतु चर्चा की गई। आयोजकों से समुचित समन्वय बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह अथवा अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्कता बरतने की अपील की गई।पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की आराजकता फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उन पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त, बिल्हौर अमरनाथ यादव, अरौल थानाध्यक्ष जनार्दन सिंह मकनपुर चौकी इंचार्ज, मकनपुर प्रधान मजाहिर हुसैन जाफरी, नजीबुल बाकी, चांद आलम सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और पुलिस बल तैनात रहे।

 पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



**सम्पादकीय**

# राजनाथ सिंह की हुंकार झुकेगा नहीं भारत

**भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा, हम चाहते थे कि दस्तावेज में आतंकवाद से संबंधित हमारी चिंता को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाए, लेकिन एक सदस्य देश को यह स्वीकार नहीं था। यह बयान साफ करता है कि भारत अपने सिद्धांतों पर अडिग है और किसी भी दस्तावेज को स्वीकार नहीं करेगा जो उसके रुख को कमजोर करता हो। राजनाथ सिंह ने यह भी रेखांकित किया कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंड अपनाने वाले देशों की आलोचना में एससीओ को संकोच नहीं करना चाहिए।**

*जब विश्व मंच पर सत्य की गूंज उठती है और साहस की हुंकार न केवल आकाश को चीरती है, बल्कि इतिहास के पन्नों को अमर कर देती है, तब एक नया युग जन्म लेता है। 26 जून 2025 को चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऐसा ही एक स्वर्णिम क्षण रचा। उन्होंने संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से स्पष्ट इनकार कर दिया, क्योंकि उसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले का कोई जिक्र नहीं था, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने ली थी। इसके विपरीत, बयान में बलूचिस्तान का उल्लेख था, जिसे भारत पर परोक्ष रूप से आरोप लगाने की साजिश के तहत शामिल किया गया था। राजनाथ सिंह के इस साहसिक कदम ने न केवल पाकिस्तान और चीन की दोहरी नीतियों को नंगे सत्य के सामने ला खड़ा किया, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया कि भारत अब वैश्विक मंचों पर न झुकता है, न चुप रहता है। यह क्षण भारत की कूटनीतिक शक्ति और आतंकवाद के खिलाफ उसकी अटल प्रतिबद्धता का प्रतीक बन गया, जो विश्व को यह संदेश देता है कि भारत अब अपनी शर्तों पर इतिहास लिखता है। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में आतंकवाद को वैश्विक शांति और सुरक्षा का सबसे बड़ा शत्रु करार दिया। उन्होंने कहा, ÷हमारे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। इनका मूल कारण कट्टरवाद, उग्रवाद और आतंकवाद है।÷ यह बयान आतंकवाद को एक वैश्विक खतरे के रूप में रेखांकित करता है और उन देशों पर कटाक्ष करता है जो इसे अपनी नीति का हथियार बनाते हैं। बिना नाम लिए, उन्होंने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा, ÷कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंड अस्वीकार्य हैं।÷ यह बयान न केवल पाकिस्तान की नीतियों को उजागर करता है, बल्कि एससीओ जैसे मंचों पर उसकी विश्वसनीयता को चुनौती देता है। पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने बताया कि इसमें पीड़ितों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया, जो लश्कर-ए-तैयबा के पुराने पैटर्न से मेल खाता है। इस हमले के जवाब में भारत ने 7 मई 2025 को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर लक्षित हवाई हमले किए गए। इस ऑपरेशन ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ सक्रिय और आक्रामक रणनीति को प्रदर्शित किया, साथ ही यह संदेश दिया कि आतंकवाद के गढ़ अब सुरक्षित नहीं हैं। राजनाथ सिंह ने कहा, ÷हमने दिखाया है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। अगर हम पर हमला होगा, तो हम उसका माकूल जवाब देने का अधिकार रखते हैं।÷ यह बयान भारत की नई रक्षा नीति का प्रतीक है, जो आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई पर जोर देता है। चीन, जो इस समय एससीओ की अध्यक्षता कर रहा था, ने संयुक्त बयान में पहलगाम हमले को शामिल न करके और बलूचिस्तान का उल्लेख करके भारत के खिलाफ कूटनीतिक चाल चलने की कोशिश की।*

**एक्सप्रेस आलेख**

दि इकोनॉमिस्ट और दि गार्जियन सहित कुछ अन्य विदेशी अखबारों के पत्रकार धमकियां मिलने के बाद स्वदेश लौट गए। 29 विदेशी पत्रकारों के भारत में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल के दौरान प्रेस की स्थिति को लेकर एक श्वेत पत्र पहली अगस्त 1977 को संसद में पेश किया गया। सत्या सी पेज के श्वेतपत्र से यह स्पष्ट हुआ कि आपातकाल के दौरान प्रेस की नीति खुद तानाशाह इंदिरा गांधी ने तय की थी। तानाशाही की इच्छा रखने वाली इंदिरा गांधी ने अपनी अध्यक्षता में तय किया था कि प्रेस काउंसिल को भंग कर दिया जाए और तत्कालीन चारों समाचार एजेंसियों को मिलाकर एक कर दिया जाए।

# मीडिया का गला घोटा गया



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने लिखा है, प्रेस पर ऐसे कठोर अंकुश लगाने का दुष्परिणाम यह हुआ कि इंदिरा गांधी जमीनी हकीकत से काफी दूर हो गईं। जनता के बड़े वर्ग में भीतर-भीतर ऐसा आक्रोश पनपा कि जब आपातकाल हटने के बाद मार्च 1977 में संसदीय चुनाव हुए, तब लगभग पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस का सफाया हो गया। प्रेस की आजादी छीनने की कीमत इंदिरा गांधी को अपनी सत्ता गंवा कर चुकानी पड़ी थी।**

पच्चीस जून, 1975 की वो तारीख जब आधी रात को देश में आपातकाल की घोषणा की गई। देश में आपातकाल लग चुका है इसका ऐलान खुद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रेडियो पर किया। आपातकाल की घोषणा के दो दिन के भीतर ही राजनीतिक विरोधियों और आंदोलनकारियों की गतिविधियों पर तो पहरा बिठा ही दिया गया। इस अवधि के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन की रिपोर्ट व्यापक रूप से प्रसारित और बहस की गई हैं, लेकिन इस अवधि का सबसे महत्वपूर्ण पहलू प्रेस पर सेंसरशिप थी। इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने मीडिया पर शिकंजा कसा और प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए सभी प्रयास किए। उस दौरान लोगों तक सूचना पहुंचाने का एकमात्र स्रोत अखबार और रेडियो थे। आपातकाल स्वतंत्र प्रेस के लिए उस वक्त का कोरोना काल साबित हुआ। उस दौर में प्रमुख अखबारों के कार्यालय दिल्ली के जिस बहादुर शाह जफर मार्ग पर थे, वहां की बिजली काट दी गई। जो अखबार छप भी गए, उनके बंडल जब्त कर लिए गए। हॉकरों से अखबार छीन लिए गए। 28 जून 1975 को भारत में आपातकाल के दौरान सरकार विरोधी प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में केंद्र ने स्वतंत्रता के बाद मीडिया पर भी सबसे कठोर प्रेस सेंसरशिप लागू किया। इस तरह की सेंसरशिप के खिलाफ सीमित ही सही, अपने-अपने ढंग से प्रतिरोध भी हुआ। सेंसरशिप के विरोध में 28 जून को इंडियन एक्सप्रेस, स्टेट्समैन और नई दुनिया जैसे अखबारों और हिम्मत पत्रिका ने सम्पादकीय की जगह पर ब्लैंक स्पेस (खाली जगह) छोड़ दिया। यह आपातकाल और सेंसरशिप के विरोध का ही एक तरीका था। बाद में सरकार ने पत्र-पत्रिकाओं में 'ब्लैंक स्पेस' छोड़ने पर भी पाबंदी लगा दी। एक अखबार ने सेंसरशिप की आंखों से बचकर शोक संदेश के कॉलम में छापा-'आजादी की मां और स्वतंत्रता की बेटी लोकतंत्र की 26 जून, 1975 को मृत्यु हो गई।' आपातकाल से जुड़ी खबरें सामने न आने पाए, इसके लिए इंदिरा गांधी की सरकार ने कई तरह के उपाय किए। अखबारों के दफ्तरों की बिजली काटने के अलावा सरकार ने अखबारों और पत्रिकाओं को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाने के लिए उनको मिलने वाले सरकारी विज्ञापनों पर रोक लगा दी। न्यूज पेपर के ऑफिस में अधिकारियों की तैनाती कर दी गई। उनकी बिना इजाजत राजनीतिक खबरों को छापने की मंजूरी नहीं थी। आपातकाल के दौरान 3801 समाचार पत्रों के डिक्लेरेशन जब्त कर लिए गए। 327 पत्रकारों को मीसा में बंद कर दिया गया और 290 अखबारों के विज्ञापन बंद कर दिए गए। 50 से अधिक पत्रकारों और कैमरामैन की मान्यता रद्द कर दी गई। हालात इस कदर बिगड़े कि टाइम और गार्जियन अखबारों के समाचार-प्रतिनिधियों को भारत से जाने के लिए कह दिया गया। रॉयटर



**एक अखबार ने सेंसरशिप की आंखों से बचकर शोक संदेश के कॉलम में छापा-'आजादी की मां और स्वतंत्रता की बेटी लोकतंत्र की 26 जून, 1975 को मृत्यु हो गई।' आपातकाल से जुड़ी खबरें सामने न आने पाए, इसके लिए इंदिरा की सरकार ने कई तरह के उपाय किए।**

सहित अन्य एजेंसियों के टेलेक्स और टेलीफोन कनेक्शन काट दिए गए। सरकार के आदेश के मुताबिक काम करने से मना करने पर पत्रकारों को जेल भेजा जाने लगा। जिन पत्रकारों को गिरफ्तार किया गया था उनमें मशहूर पत्रकार कुलदीप नैयर और केआर मलकानी शामिल थे। इसके अलावा महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी के नेतृत्व में निकलने वाली साप्ताहिक पत्रिका हिम्मत को कुछ आपत्तिजनक खबरें प्रकाशित करने के आरोप में जुर्माना लगाया गया था। सरकार की ओर से प्रेस के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए। अफवाहों और आपत्तिजनक खबर को छापने की सख्त मनाही थी, जो सरकार के खिलाफ विपक्ष को भड़का सकता था। ऐसे सभी कार्टूनों, तस्वीरों और विज्ञापनों को पहले सेंसरशिप के लिए सौंपना पड़ता था, जो सेंसरशिप के दायरे में आते थे। अधिकारियों को न्यूज एजेंसियों के दफ्तरों में तैनात कर दिया गया था, ताकि ये आपत्तिजनक खबरों को उनके स्रोत पर ही दबा दें। विदेशी न्यूज एजेंसियों की आने वाली कॉपी को जांच की जाती थी। जब इंद्र कुमार गुजराल सरकार के मनोनुकूल मीडिया को नियंत्रित नहीं कर पाए तो आपातकाल के शुरुआती दिनों में उन्हें हटा कर विद्याचरण शुक्ल को नया सूचना एवं प्रसारण मंत्री बनाया गया। प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया को भंग कर दिया गया। इतना ही नहीं आयकर, बिजली, नगर पालिका के बकाये की आड़ में अखबारों पर छापे डाले गए। बैंकों को कर्ज देने से रोका गया। इनसाइड स्टोरी ऑफ इमरजेंसी में वरिष्ठ पत्रकार कुलदीप नैयर लिखते हैं- आपातकाल के दौरान दिल्ली के संपादकों की एक बैठक बुलाई और उन्हें कड़े शब्दों में कह दिया गया था कि सरकार कभी बकवास बर्दाश्त नहीं करेगी। यह सरकार रहेगी और राज करेगी। किसी संपादकीय, लेख या कहीं और खाली जगह को भी विरोध माना जाएगा। बता दें यह तरीका अंग्रेजी राज में सेंसरशिप का विरोध करने के लिए भारतीय अखबार आमतौर पर अपनाते थे। सेंसरशिप के कारण जेपी सहित अन्य कौन-कौन नेता कब गिरफ्तार हुए, उन्हें किन-किन जेलों में रखा गया, ये खबरें समाचार पत्रों को छापने नहीं दी गईं। यहां तक कि संसद एवं न्यायालय की कार्यवाही पर भी सेंसरशिप लागू थी। संसद में अगर किसी सदस्य ने आपातकाल, प्रधानमंत्री या सेंसरशिप के खिलाफ भाषण दिया तो वह कहीं नहीं छप सकता था। सीपीएम नेता नंबूदरीपाद ने इंदिरा गांधी को पत्र लिख कर कहा था कि आजादी के आंदोलन में भी अंग्रेजों ने विरोधी नेताओं के नाम और बयान छापने पर रोक नहीं लगाई थी। न्यायालय द्वारा सरकार के विरुद्ध दिए गए निर्णयों को भी छापने की मनाही थी। हालांकि आपातकाल की ज्यादतियों के समाचार को विदेशी अखबारों में छपने से सरकार रोक नहीं पा रही थी। इंदिरा जी विदेशी पत्रकारों पर काफी नाराज थीं। लोग विश्वसनीय समाचार के लिए आकाशवाणी के बजाय बीबीसी न्यूज पर भरोसा करने लगे थे। भारत में बीबीसी के प्रमुख संवाददाता मार्क टुली को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने के लिए बाध्य किया गया था। सरकार ने दि टाइम्स, लंदन, वाशिंगटन पोस्ट, लास एंजेलिस टाइम्स सहित सात विदेशी अखबारों के संवाददाताओं को भारत से निष्कासित कर दिया। दि इकोनॉमिस्ट और दि गार्जियन सहित कुछ अन्य विदेशी अखबारों के पत्रकार धमकियां मिलने के बाद स्वदेश लौट गए। 29 विदेशी पत्रकारों के भारत में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल के दौरान प्रेस की स्थिति को लेकर एक श्वेत पत्र पहली अगस्त 1977 को संसद में पेश किया गया। सत्या सी पेज के श्वेतपत्र से यह स्पष्ट हुआ कि आपातकाल के दौरान प्रेस की नीति खुद तानाशाह इंदिरा गांधी ने तय की थी। तानाशाही की इच्छा रखने वाली इंदिरा गांधी ने अपनी अध्यक्षता में तय किया था कि प्रेस काउंसिल को भंग कर दिया जाए और तत्कालीन चारों समाचार एजेंसियों को मिलाकर एक कर दिया जाए, जिससे उन्हें सेंसर करने और संभालने में आसानी होगी। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने लिखा है, प्रेस पर ऐसे कठोर अंकुश लगाने का दुष्परिणाम यह हुआ कि इंदिरा गांधी जमीनी हकीकत से काफी दूर हो गईं। जनता के बड़े वर्ग में भीतर-भीतर ऐसा आक्रोश पनपा कि जब आपातकाल हटने के बाद मार्च 1977 में संसदीय चुनाव हुए, तब लगभग पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस का सफाया हो गया। प्रेस की आजादी छीनने की कीमत इंदिरा गांधी को अपनी सत्ता गंवा कर चुकानी पड़ी थी।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | चतुर्थी 09:18 तक |
| नक्षत्र: | आश्लेषा 06:31 तक |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | रविवार |
| योग: | वज्र, 17:58 |
| सूर्योदय: | 05:30 |
| सूर्यास्त: | 19:18 |
| चंद्रमा: | कर्क राशि में |
| राहुकाल: | 11:56-12:51 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्त: | 12:00-12:48 |

## जन एक्सप्रेस

**बात नहीं बन पाई !**

*आएंगे दो बंधु ।*
*फिर से साथ साथ ।।*
*सत्ता के गलियारे में ।*
*फिलहाल वो अनाथ ।।*
*लग रहा है जोर ।*
*आ रहे बयान ।।*
*लौट आता कब तक ?*
*देखते सम्मान ।।*
*कोशिश है पुरानी ।*
*हो जाए बस मेल ।।*
*लेकिन अंदर बाहर से ।*
*चालू रहता खेल ।।*
*अहं का टकराव ।*
*बात नहीं बन पाई ।।*
*स्थिति विचित्र है ।*
*घड़ी आज जो आई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

**एक्सप्रेस स्वास्थ्य**

# काली किशमिश और सौंफ को भिगोकर खाने के फायदे



**औषधीय** गुणों से भरपूर सौंफ और काली किशमिश में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इनका सेवन करने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं। इनको भिगोकर साथ खाने से कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है। सौंफ में अच्छी मात्रा में डायटरी फाइबर, पोटैशियम, मैंगनीज और विटामिन-सी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, साथ ही, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल के गुण पाए जाते हैं। वहीं, काली किशमिश में भरपूर मात्रा में आयरन, फाइबर कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम, नेचुरल शुगर और विटामिन्स होता है, साथ ही, इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स के गुण पाए जाते हैं। इससे स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं।

**पाचन को दुरुस्त करे:** काली किशमिश और सौंफ दोनों में अच्छी मात्रा में फाइबर होता है। ऐसे में इनको साथ खाने से गैस, ब्लोटिंग, अपच, एसिडिटी से राहत देने, कब्ज से राहत देने और मल त्याग को बढ़ावा देने में मदद मिलती है, साथ ही, इनको खाने से पाचन प्रक्रिया को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

**शरीर में खून की कमी दूर करे:** काली किशमिश में भरपूर मात्रा में आयरन होता है। ऐसे में इनको साथ खाने से शरीर में आयरन की कमी को दूर करने, जिससे शरीर में रेड ब्लड सेल्स के उत्पादन को बढ़ावा देने, हीमोग्लोबिन के स्तर को बेहतर कर खून की कमी को दूर करने में मदद मिलती है। यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

**रोज काली किशमिश खाने से क्या होता है?:** काली किशमिश का सेवन करने से शरीर को एनर्जी देने, पाचन को दुरुस्त करने, हड्डियों को मजबूती देने, मुंह के छाले से राहत देने, इम्यूनिटी को बूस्ट करने, शरीर में खून की कमी को दूर करने, वजन कम करने, एसिडिटी और ब्लोटिंग को कम करने जैसे स्वास्थ्य के लिए कई तरीकों से फायदेमंद है।

**सौंफ खाने से कौन-कौन सी बीमारी ठीक होती है?:** सौंफ का सेवन करने से ब्लड शुगर को कंट्रोल करने, आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने, पाचन को दुरुस्त रखने, स्किन को हेल्दी बनाए रखने, मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। ध्यान रहे, इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें।

**सौंफ कब नहीं खानी चाहिए?:** कई लोगों को स्किन एलर्जी होने, खुजली होने, रैशेज होने, सूजन आने, हार्मोन्स के असंतुलित होने, ब्लड थिनर्स की दवाइयों का सेवन करने वाले लोगों, ब्लोटिंग, इंडाइजेशन और गैस जैसी पाचन से जुड़ी समस्याओं से परेशान लोगों को सौंफ का सेवन करने से बचना चाहिए।

**एक्सप्रेस विशेष**

# भारत में लड़की होने की सजा



अश्वनी कुमार

**हर 1000 लड़कों पर सिर्फ 919 लड़कियाँ थीं। कुछ राज्यों में यह संख्या और भी कम है। 2021 की रिपोर्ट में भी यही दिखा कि स्थिति चिंताजनक है। यह समस्या सिर्फ गाँवों में नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे और अमीर परिवारों में भी है।**

**हमारा** देश देवी माँ की पूजा करता है और इतिहास की वीर नारियों को सम्मान देता है। लेकिन आज भी यहाँ बेटियों के साथ भेदभाव होता है। बहुत से लोग लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार देते हैं, जिसे भ्रूण हत्या कहा जाता है। कुछ लोग जन्म के बाद भी बेटियों को मार देते हैं। यह बहुत दुख की बात है। यह सोच इसलिए है क्योंकि हमारा समाज पुरुष प्रधान है। लोग मानते हैं कि बेटा वंश चलाता है, कमाई करता है और बुढ़ापे में माँ-बाप का सहारा बनता है। वहीं, बेटी को बोझ समझा जाता है क्योंकि उसकी शादी में दहेज देना पड़ता है और वह शादी के बाद दूसरे घर चली जाती है। इस डर से कई लोग बेटियों को जन्म ही नहीं लेने देते। कुछ परंपराएं भी इस सोच को बढ़ावा देती हैं। जैसे, माना जाता है कि अंतिम संस्कार बेटा ही कर सकता है। ऐसे विचार आज भी समाज में फैले हुए हैं। बेटी को पराया धन कहना बहुत गलत है। इससे लड़कियों की अहमियत कम होती है। इस सोच के कारण देश में लड़कियों की संख्या कम हो रही है। 2011 की जनगणना के अनुसार, हर 1000 लड़कों पर सिर्फ 919 लड़कियाँ थीं। कुछ राज्यों में यह संख्या और भी कम है। 2021 की रिपोर्ट में भी यही दिखा कि स्थिति चिंताजनक है। यह समस्या सिर्फ गाँवों में नहीं, बल्कि पढ़े-लिखे और अमीर परिवारों में भी है। जब समाज में लड़कियाँ कम हो जाती हैं, तो कई समस्याएँ पैदा होती हैं जैसे मानव तस्करी, जबरन शादियाँ और महिलाओं पर हिंसा। कई जगहों पर दूसरी राज्यों से लड़कियाँ लाकर शादी कराई जाती है, जिससे उनके अधिकारों का हनन होता है। ऐसा समाज न तो न्यायपूर्ण होता है, न ही सुरक्षित। इसके अलावा, ऐसी सोच से लड़कियों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति भी खराब होती है। उन्हें लगता है कि वे बोझ हैं। इससे उनकी पढ़ाई, सेहत और आगे बढ़ने के मौके छिन जाते हैं। सरकार ने इस समस्या को रोकने के लिए कई कानून बनाए हैं। 1994 में बना पीसीपीएनडीटी कानून यह कहता है कि गर्भ में बच्चे का लिंग जांचना और उसी आधार पर गर्भपात करना गैरकानूनी है। 2015 में %बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ% अभियान शुरू हुआ ताकि लोगों की सोच बदले और लड़कियों को पढ़ने का मौका मिले। पर अब भी ज़मीन पर इन नियमों को ठीक से लागू नहीं किया गया है। सिर्फ कानून बनाने से कुछ नहीं होगा। हमें समाज की सोच बदलनी होगी। स्कूलों में बच्चों को बराबरी का महत्व समझाना चाहिए। माँ-बाप, शिक्षक और समाज के लोग मिलकर लड़कियों का स्वागत करें, उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। मीडिया को भी इस बदलाव में भूमिका निभानी चाहिए। फिल्में, टीवी और सोशल मीडिया पर ऐसी कहानियाँ दिखनी चाहिए जो लड़कियों को ताकतवर और सफल दिखाएँ। धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाओं को भी पुरानी परंपराओं की नई और समानता वाली व्याख्या करनी चाहिए। गाँवों में महिला समूह और स्वयंसेवी संस्थाएँ बदलाव ला सकती हैं। इनकी मदद से लोगों में जागरूकता फैलाई जा सकती है और समाज का दबाव झेल रही लड़कियों को सहारा दिया जा सकता है। अंत में, यह मुद्दा सिर्फ जनसंख्या या परंपरा का नहीं है- यह नैतिक सवाल है। हमें यह सोचना चाहिए कि हम कैसा समाज बना रहे हैं। अगर हम आधी आबादी के साथ भेदभाव करेंगे, तो देश आगे नहीं बढ़ सकता। हर लड़की एक नेता, एक नवप्रवर्तक और समाज की प्रेरणा बन सकती है। उसे जन्म लेने का अधिकार मिलना ही चाहिए। भारत ने कई क्षेत्रों में तरक्की की है, लेकिन असली तरक्की तभी होगी जब हर लड़की को जीने और आगे बढ़ने का समान अवसर मिलेगा। अब समय है कि हम सिर्फ बेटी को बचाएँ नहीं, बल्कि उसकी खुशियाँ भी मनाएँ। हमारा भविष्य उसी पर टिका है।

**माँ-बाप, शिक्षक और समाज के लोग मिलकर लड़कियों का स्वागत करें, उन्हें आगे बढ़ने का मौका दें। मीडिया को भी इस बदलाव में भूमिका निभानी चाहिए। फिल्में, टीवी और सोशल मीडिया पर ऐसी कहानियाँ दिखनी चाहिए जो लड़कियों को ताकतवर और सफल दिखाएँ। धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाओं को भी पुरानी परंपराओं की नई और समानता वाली व्याख्या करनी चाहिए।**



*(अश्वनी कुमार, आईएएस, निदेशक, डाइटेक, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, असम सरकार)*

# बिजली विभाग की लापरवाही से खंभे में लगी आग, बाल-बाल बची बाइक

- व्यापार मंडल जिलाअध्यक्ष बोले दो माह से हो रही शिकायत, मंत्री और डीएम के निर्देश भी बेअसर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




नगर के बीचोंबीच शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब पुरानी तहसील के सामने स्थित बंसल स्टेशनरी मार्ट के पास लगे बिजली के खंभे से अचानक चिंगारी उठकर एक बाइक पर जा गिरी।

गनीमत रही कि बाइक सवार समय रहते पीछे हट गया और आग विकराल रूप धारण करने से पहले ही स्थानीय नागरिकों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया।

इस घटना ने एक बार फिर बिजली विभाग की लापरवाही को उजागर कर दिया है। क्षेत्रीय व्यापारियों और आम नागरिकों का कहना है कि इस खंभे से बीते दो महीनों से चिंगारियां निकल रही थीं, जिसकी शिकायतें लगातार की जा रही थीं, लेकिन न विभाग चेता और न ही कोई कार्रवाई की गई।

### मंत्री और डीएम से की गई शिकायतें भी रहीं बेअसर

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष देवेश बंसल ने घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने इस समस्या को लेकर गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार और जिलाधिकारी को भी लिखित व मौखिक शिकायतें दी थीं, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले। यहां तक कि एक्सईएन द्वारा भी आश्वासन दिया गया था कि एक दिन में कार्य पूरा कर दिया जाएगा, लेकिन हकीकत यह है कि कोई भी मरम्मत कार्य समय पर नहीं कराया गया।

देवेश बंसल ने स्पष्ट आरोप लगाते हुए कहा कि यदि मंत्री और जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद भी कार्य न हो, तो यह साफ दर्शाता है कि विभाग में लापरवाही और मनमानी चरम पर है। उन्होंने कहा कि शायद विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, जिसके बाद ही उसे होश आएगा।

### वीडियो बनाकर प्रशासन को भेजा, फैला रोष

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में इस घटना के बाद गहरा आक्रोश व्याप्त है। कई लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से अधिकारियों को भेजा है, ताकि उन्हें वास्तविक स्थिति की जानकारी हो सके।वहीं आसपास के दुकानदारों का कहना है कि यदि आग बाइक तक ही सीमित न रहती और आस-पास की कॉपी-किताब की दुकानों में फैल जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। इलाके में कई गोदाम और स्टेशनरी शोरूम हैं, जहां बड़ी मात्रा में कागज और किताबें रखी गई हैं। ऐसे में आग लगने पर जान-माल की भारी हानि हो सकती थी।

### व्यापार मंडल की प्रशासन से मांग

व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही खंभों और तारों की स्थिति का निरीक्षण कर तत्काल मरम्मत सुनिश्चित की जाए।

यह घटना केवल एक बाइक की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की असफलता को दर्शाती है। यदि समय रहते बिजली विभाग सक्रिय होता तो यह स्थिति ही उत्पन्न न होती। अब जरूरत है जवाबदेही तय करने की, ताकि कोई और जान-माल का नुकसान न हो।

### एक्सईएन बोले - तीन घंटे में समाधान

इस मामले में एक्सईएन पंकज भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि ÷बंसल स्टेशनरी के सामने जिस खंभे से चिंगारी निकली थी, उसकी जानकारी संज्ञान में आई है। क्षेत्र में लोड अधिक होने के कारण पूर्व में एक केबल डलवाया गया था, लेकिन अब एक अतिरिक्त केबल और डालना पड़ेगा। हम तीन घंटे के भीतर इस समस्या का स्थायी समाधान कर देंगे।

# 110 किसानों को मिले मिनीकिट बीज, विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने किया वितरण

- मिलेट्स एवं तिलहन योजनाओं के तहत पीलीभीत में किसानों को मिला उन्नत बीज
- उत्पादन बढ़ाने की दिशा में सशक्त कदम, विधायक प्रवक्तानंद ने भाजपा सरकार की गिनाई उपलब्धियां

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



गांधी स्टेडियम रोड स्थित केन्द्रीय कृषि बीज भंडार केंद्र पर शनिवार को आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में जनपद के 110 किसानों को मिलेट्स एवं तिलहन योजनांतर्गत उन्नत किस्म के बीजों के मिनीकिट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने कर-कमलों से बीज वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने किसानों से गौ-आधारित प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील की और बताया कि इससे न केवल खेती की लागत घटेगी, बल्कि भूमि की उर्वरता भी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि ÷यह बीज वितरण कार्यक्रम केवल एक सहायता नहीं, बल्कि किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि यंत्रीकरण योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना आदि की भी जानकारी दी और किसानों से इनका लाभ उठाने का आग्रह किया।

### विकासखंड मरौरी के किसानों को मिले दलहन व तिलहन बीज

इस अवसर पर विकासखंड मरौरी क्षेत्र से आए किसानों को उर्द, मूंग, अरहर जैसे दलहनी बीजों के साथ तिल, मूंगफली और मोटे अनाज जैसे सांवा, कोदो, ज्वार, बाजरा, रागी की उन्नत किस्में वितरित की गईं। कुल 110 किसानों को ये मिनीकिट प्रदान किए गए, जिससे किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### आधुनिक तकनीकों से जुड़कर बढ़ेगी किसानों की आय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी इंजीनियर कौशल किशोर ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री, प्रमाणित बीजों पर मिलने वाले अनुदान तथा कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत मिलने वाली सहायता की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने का प्रयास है, जिससे उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

### किसानों ने जताया सरकार और विधायक का आभार

कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने इस पहल को सराहनीय बताया और कहा कि महंगे बीजों की समस्या से राहत मिलने के साथ-साथ अब उन्हें बेहतर उत्पादन की उम्मीद है। उन्होंने विधायक एवं कृषि विभाग के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अन्य अधिकारी, क्षेत्रीय कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन किसानों की जिज्ञासाओं के समाधान और योजनाओं की विस्तृत जानकारी के साथ किया गया।

# नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचकर राज्य मंत्री ने जनता को किया संबोधित, विकास कराने का दिया आश्वासन

- राज्य मंत्री के कार्यक्रम में डीएम एसपी सहित पूरा अमला रहा मौजूद

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

हजारा। उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख शनिवार को नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचकर अन्नपूर्णा एवं पंचायत भवन का उद्घाटन किया है और क्षेत्र वासियों को तमाम विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया हैं।जनपद पीलीभीत की तहसील पूरनपुर के नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में शनिवार को आए उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार के कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने जहां बैल्हा गांव में बने अन्नपूर्णा भवन और पंचायत भवन का उद्घाटन किया वही सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज के गुरुद्वारा के मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहां कि यहां के किसानों को भूमि धरी का अधिकार दिलाने,गरीब तबके के लोगों को आवास दिलाने यहां की खस्ता हाल सड़कों को बनवाने, क्षेत्र में इंटर कॉलेज, अस्पताल का निर्माण कराये जाने और के अलावा सुरक्षा की दृष्टि से थाना स्थापित किए जाने समेत तमाम विकास कार्यों को शीघ्र कराए जाने का आश्वासन दिया है जिससे यहां के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

इस मौके पर हरपाल सिंह जग्गी ऑल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह राणा, जिला अध्यक्ष परमजीत सिंह उर्फ पीजी, मक्खन सिंह गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी संरक्षक, रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव के अलावा जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आलोक शर्मा, पूरनपुर के उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया पूरनपुर तहसीलदार हवीव उर रहमान अंसारी पीलीभीत पीडब्ल्यूडी विभाग के अभियंता अनूप कुमार कानूनगो महेश चंद लेखपाल आशीष निषाद श्याम मौर्या रामेश्वर चौहान भूपेंद्र शर्मा हजारा थानाध्यक्ष अमित सिंह ग्राम पंचायत बैल्हा के ग्राम प्रधान अमरीक सिंह बमनपुरी भगीरथ की ग्राम प्रधान कुलविंदर कौर सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज की ग्राम प्रधान परमजीत कौर पूर्व प्रधान गुरदेव सिंह, सुच्चा सिंह सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को तमाम वक्ता गणों ने भी संबोधित किया है।इस कार्यक्रम में बाजार घाट बैल्हा गुरुद्वारा साहिब कमेटी की अहम भूमिका रही।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन



रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह कार्यक्रम में आयें कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख से मुलाकात कर नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज बमनपुरी भगीरथ बैल्हा के नानक सागर बांध परियोजना के विस्थापितों उनकी भूमि पर मालिकाना हक के साथ-साथ उपनिवेंशन के तहत मिली भूमि का भूमिधरी का अधिकार दिलाने के अलावा क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए इंटर कॉलेज एवं डिग्री कालेज बनवाने और क्षेत्र के वंचित गांवों में उप स्वास्थ्य केन्द्र खुलवानें कृषकों के अनाज आदि फसल बिक्री करने के लिए मंडी स्थापित करने और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतपुर हजारा में लैब टेक्नीशियन तैनात कराने सहित अन्य विकास कार्यों को कराने की मांग करते हुए मांग पत्र सौंपा है।इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष रामप्रवेश कनौजिया व राजीव जायसवाल महामंत्री सत्यप्रकाश सिंह,रोहित मिश्र,रोशन लाल,युवा मोर्चा अध्यक्ष आदर्श सिंह परिहार पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा देवानंद आदि मौजूद रहे।

# बीएलओ और सुपरवाइजरों की कराई गई परीक्षा, दिया गया प्रशिक्षण



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

विधानसभा पूरनपुर के 203 बीएलओ व 20 सुपरवाइजरों को पहले दिन निर्वाचन सम्बन्धी प्रशिक्षण देकर सभी बीएलओ व सुपरवाइजरों को प्रश्नपत्र देकर दस प्रश्नों की बहुविकल्पीय परीक्षा कराई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी पीलीभीत के निर्देश पर पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र की भाग संख्या 01 से 99 तक के बीएलओ व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे से और भाग संख्या 100 से 203 तक के बीएलओ व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण अपरान्ह 2 बजे से तहसील सभागार में शुरू हुआ। प्रशिक्षण में नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित ने मतदाता के वोट बनाने, शुद्ध करने और विलोपित करने आदि निर्वाचन सम्बन्धी विभिन्न जानकारियाँ प्रशिक्षण में बीएलओ और सुपरवाइजरों को दी। उन्होंने बताया कि गांव का बीएलओ निर्वाचन आयोग का मुख्य अंग है। जिसमें बीएलओ के पास क्षेत्र के मतदाताओं की पूरी जानकारी रहती है। प्रशिक्षण में दोनों शिफ्टों में 203 बीएलओ और 20 सुपरवाइजरों को प्रश्नपत्र देकर दस प्रश्नों की बहुविकल्पीय परीक्षा कराई गई। जिसका परिणाम बाद में घोषित किया जाएगा। प्रशिक्षण में बीआरसी राजेश कुमार वर्मा, अरुन कुमार प्रजापति, दिनेश कुमार, मनोज गंगवार, सुपरवाइजर सूर्यप्रकाश गंगवार, ऋषि सक्सेना, राधाकृष्ण कुशवाहा, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, मो. फुरकान, विपिन दीक्षित, बीएलओ कंचन देवी कुशवाहा, राजेश्वरी, दुर्गा देवी, उर्मिला देवी, पुनीत वर्मा, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे। इसके अलावा भाग संख्या 204 से 387 तक के बीएलओ व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण 30 जून को समय सारिणी के अनुसार आयोजित होगा।

## लेखपाल की फेसबुक आईडी से की गई ऐसी पोस्ट, ब्राह्मण समाज ने जताया रोष

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। इटावा कथावाचक विवाद पर गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र के लेखपाल की फेसबुक आईडी पर एक पोस्ट साझा की गई। जिससे ब्राह्मण समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया।लोगों ने शनिवार को धरना प्रदर्शन किया और लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उधर, मामले में लेखपाल जयप्रकाश वर्मा ने पोस्ट डिलीट कर दी। उनका कहना है कि यह पोस्ट उनके द्वारा नहीं की गई। उनके सहयोगी ने पोस्ट कर दी थी। इस संबंध में उन्होंने पुलिस को तहरीर भी दी है। ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) युगांतर त्रिपाठी और एएसपी प्रशांत कुमार, जो सावन माह की तैयारियों के सिलसिले में मौजूद थे, को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी लेखपाल पर कार्रवाई की मांग की। मामले के बढ़ते दबाव को देखते हुए लेखपाल जयप्रकाश वर्मा ने अपनी फेसबुक पोस्ट को डिलीट कर दिया और एक वीडियो जारी कर सार्वजनिक रूप से माफी भी मांगी। धरना स्थल पर डॉ. पीयूष शुक्ला, विजय मिश्रा, हरिद्वार बाजपेई, राकेश त्रिपाठी एडवोकेट, अशोक शुक्ला एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### अमरनाथ यात्रा- पहले जत्थे में पूरनपुर से 9 शिव भक्त रवाना, दी गई विदाई

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। आज पूरनपुर नगर से बाबा अमरनाथ जी के दर्शन लिए पहले जत्थे में 9 तीर्थयात्री रवाना हुए। इन्हें कई जगह विदाई दी गई और मंगलमय यात्रा की कामना की गई। यह लोग बाल्टाल के रास्ते 3 जुलाई को पवित्र गुफा में पहुंचकर बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे। बाबा के दर्शन को जा रहे भक्तों के जत्थे का सर्वप्रथम नगर पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने अपने समर्थकों के साथ श्री राम दरबार निकट कोतवाली पूरनपुर पहुंचकर स्वागत सम्मान किया। यात्रा पर जा रहे ब्राह्मण महासभा के तहसील अध्यक्ष हरगोविंद बाजपेई, हरिओम पाण्डेय, गोपाल मिश्रा, गौरव पाण्डेय, रवि राज शर्मा, दीपक शर्मा, अनिल मिश्रा, आदित्य पाण्डेय, शिवम शर्मा गए हैं। ठाकुरद्वारा मंदिर में पंडित अनिल शास्त्री द्वारा बाबा की स्तुति करके सभी को शिव जी के पंचाक्षर मंत्र का जप करने की प्रेरणा दी। उन्होंने रामनामी दुपट्टे भी पहनाए। मंदिर समिति के संदीप जौली, नवनीत गुप्ता आदि ने अंगवस्त्र भेट किए। मंदिर का प्रसाद ग्रहण करके अमरनाथ बाबा के जयघोष के साथ सभी भक्त रवाना हुए। कवि व पत्रकार सतीश मिश्र ने अपनी पुस्तक श्री अमरनाथ जी यात्रा कथा भेट की। विदा करने वालों में दिनेश पांडे, नवनीत मिश्रा, सत्यप्रकाश पांडे, रामशंकर शुक्ल, राजू खंडेलवाल, मुकेश खंडेलवाल, श्री प्रकाश वाजपेई, अनुज गुप्ता सभासद, अचलेंद्र मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### नायब तहसीलदार ने सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। घुंघचाई थाने पर सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी व थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने पहुंच कर फरियाद लेकर आए लोगों की शिकायतें सुनी। जिसमे सबसे अधिक शिकायतें राजस्व बिभाग के अंतर्गत आई। कुछ शिकायतों का मौका पर ही निस्तारण करा दिया गया तो अन्य के लिए सबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। दिलावरपुर निवासी रुपा देवी ने गांव के कुछ लोगों पर खेत पर कब्जा करने की नीयत से उसके खेत में जबरन धान की रोपाई करने का आरोप लगाया। दूसरे शिकायतकर्ता पिपरिया मझरा निवासी विक्रम नाथ ने पडोस के ही कुछ लोगों पर लेखपाल के द्वारा की गई तूंदाबंदी के वावजूद तूंदा उखाडने का आरोप लगाया। इस दौरान थाना दिवस में क्षेत्र के हल्का लेखपाल,कानूनगो सहित कई मौजूद रहे।

### चयन वेतनमान की मांग को लेकर शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बीसलपुर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के शिक्षकों के शिष्य मंडल ने प्राथमिक और पूर्व प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की चयन वेतनमान से जुड़ी समस्याओं को लेकर शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह से भेंट की। इस दौरान उन्होंने एक ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। शिक्षकों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि जनवरी 2025 से चयन वेतनमान से वंचित किए जाने के कारण सैकड़ों शिक्षक मानसिक व आर्थिक रूप से परेशान हैं। अधिकारियों से बार-बार निवेदन के बावजूद उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिक्षकों का आरोप है कि संबंधित लिपिक मामले को जानबूझकर दबाए हुए है, जिससे शिक्षक वर्ग में भारी आक्रोश व्याप्त है।बीएसए ने शिक्षकों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि जल्द ही आवश्यक जांच कर कार्यवाही की जाएगी। हालांकि, संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आगामी दिनों में व्यापक स्तर पर आंदोलन छेड़ा जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के जिला अध्यक्ष मुकेश अवस्थी, संरक्षक भद्रपाल गंगवार, देवेंद्र कुमार, हितेश वर्मा सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी मुड़िया चौराहे से गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बिजुआ खीरी। शनिवार को पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विकास, जो राम सागर का पुत्र है, विकास खण्ड बिजुआ की ग्राम पंचायत दरियाबाद के मजरा राधनपुरवा का रहने वाला है।पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना भीरा पुलिस टीम ने 28 जून 2025 को मुड़िया चौराहे से आरोपी को पकड़ा। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा संख्या 244/2025 के अंतर्गत धारा 137(2)/87/64 बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 में मामला पंजीकृत है।गिरफ्तारी अभियान में बिजुआ चौकी इंचार्ज उप-निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। टीम में हेड कांस्टेबल अनुज कुमार यादव और कांस्टेबल मोहित कुमार शामिल थे।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है।

### एसपी खीरी की अध्यक्षता में थाना मोहम्मदी में समाधान दिवस का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। शनिवार को जनपद के प्रत्येक थानें पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा थाना मोहम्मदी पर उपस्थित रहकर समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रो का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर सम्बन्धित से समन्वय स्थापित कर समय से निस्तारण किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ खीरी नगर पंचायत सदस्यों ने दिया ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

नगर पंचायत खीरी के भ्रष्टाचारी ठेकेदार द्वारा मानक गुणवत्ता विहीन सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य कराये जाने को लेकर खीरी नगर पंचायत सदस्यों ने दिया ज्ञापन वार्ड संख्या-09 मोहल्ला कटरा सभासद, अलीमुद्दीन का कहना है मेरे वार्ड में नगर पंचायत खीरी के द्वारा पूर्व में एक टेंडर की विज्ञप्ति जारी की गई जिसमें मेरे वार्ड की हुब्बे अली शाह बाबा के मजार से गन्ना पुलिया तक सड़क इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण का कार्य दर्शाया गया है जिसमें समय अवधि दी गई थी काफी समय अवधि निकल जाने के बाद नगर पंचायत मैं रजिस्टर्ड उक्त ठेकेदार के द्वारा उक्त सड़क इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कराया जा रहा है जिसमें संबंधित ठेकेदार के द्वारा मानक गुणवत्ता विहीन अत्यंत घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है नीचे तल्ली में रोड़ा भी नहीं डाला गया है घटिया इंटरलॉकिंग ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है जे ई के द्वारा ऐसे मानक गुणवत्ता विहीन कार्य की एमबी करके रनिंग भुगतान भी नगर पंचायत के द्वारा कर दिया गया है जिससे कि मोहल्ले वासियों में काफी आक्रोश व्याप्त है कई बार मौखिक शिकायत अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष से की गई लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उक्त ठेकेदार फर्म के द्वारा कार्य बदस्तूर जारी है मैंने कई बार अनुरोध करने पर एक बार जे ई साहब मौका पर आए थे मौके पर जनता काफी एकत्र हो गई थी जनता ने भी जे ई के सामने मानक गुणवत्ता विहीन कार्य का मोहल्ले वासियों द्वारा विरोध प्रकट किया था लेकिन उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त एक अन्य कार्य उक्त वार्ड में नाला का निर्माण कार्य हड्डी मिल से कटरा पुलिया तक कराया गया है

जोकि मानक विहीन कार्य कराया गया है। नगर पंचायत के अवर अभियंता को उक्त मौका स्थल पर बुलाया गया किन्तु उनके भी द्वारा सही जांच नही की गई और नाला भी डैमेज हो रहा है जिससे की लोगों में काफी आक्रोश है भ्रष्टाचारी ठेकेदार के खिलाफ किसी सक्षम अधिकारी के द्वारा मानक गुणवत्ता विहीन सड़क इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य की जांच कर उक्त ठेकेदार के कार्रवाई की जाए और पूरे मामले को गंभीरता।

# पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने उत्तर प्रदेश गुड़ एवं खाण्डसारी मैनुफैक्चरर एसोसिएशन जनपद की प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



शनिवार को पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने उत्तर प्रदेश गुड़ एवं खाण्डसारी मैनुफैक्चरर एसोसिएशन लखीमपुर-खीरी की प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया।पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि बड़ी चीनी मिलों की जो क्षमता है वो पैसे से भी ज्यादा है और जो चीनी का उत्पादन होता है वह भी अधिक होता है और उसका प्रतिशत भी अधिक होता है क्योंकि उनके पास ऐसी टेक्नोलॉजी है जिससे उनका चीनी उत्पादन में दो से तीन प्रतिशत अधिक होता है। उसके साथ-साथ सह उत्पाद भी उनको मिलते है तो इसलिए उनको भी कठिनाई होती है। न तो 500 टीसीडी से कम वालो को कठिनाई थी और न ऐसी चीनी मिलों को जो वर्तमान में केवल खाण्डसारी के रूप में रजिस्टर्ड थी और जिनकी क्षमता 500 टीसीडी से ऊपर थी उनके लिए गहरा संकट है क्योंकि उनको 500 टीसीडी क्षमता से कम वाली चीनी मिलों के साथ जोड़ दिया गया उनके ऊपर वो प्रतिबन्ध नहीं है इनके ऊपर यह सारे प्रतिबन्ध लग गए और उसके साथ-साथ न तो टेक्नोलॉजी है और न गन्ना के लिए आरक्षित क्षेत्र है और न ही ऐसा कोई उत्पाद बनाते है। पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने बताया कि दिनांक 18.06.2025 को प्रहलाद जोशी मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार से मुलाकात हुई तो उन्हें जनपद की लगभग 30 खाण्डसारी इकाईयों जिनकी क्षमता 500 टीसीडी से 1300 टीसीडी के बीच में है तथा उनके पास भण्डारण की उचित सुविधा नहीं है, को पूर्व की भांति चीनी बिक्री से सम्बंधित समस्या बताई तो उस मुलाकात के बाद यह तय हुआ कि यह खाण्डसारी चीनी मिलों को जो प्रमुख मांगे है इनकी चीनी बिक्री पर कोई नियंत्रण नहीं रहेगा जैसे पहले चीनी बिक्री करते थे वैसे स्वतंत्र रूप से यह चीनी बिक्री कर सकेंगे।प्रेसवार्ता में एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश प्रसाद गुप्ता, एस.बी. सिंघल, रामऔतार अग्रवाल, मधुरेश गुप्ता, प्रभु प्रकाश अग्रवाल, पवन गुप्ता ब्लाक प्रमुख नकहा, मुन्ना सिंह प्रधान, विकास शुक्ला, अरविन्द सिंह 'संजय' पूर्व सांसद प्रतिनिधि, अम्बरीष सिंह पूर्व सांसद प्रवक्ता, डॉक्टर अजय पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# गरीबों को दस रुपए में मिलती थी भोजन थाली दबंगों ने वह भी दुकान कब्जा कर की बंद

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

एक कहावत चीत भी मेरी पट भी मेरी टंईया मेरे बाप की कुल मिलाकर सब मेरा है यह कहावत सच चरितार्थ हो रही है बसंत टाकिज रोड पर जिसकी खबर अतिक्रमण को लेकर अखबारों की सुर्खियां बन रही है।जिसमें रोज नयी नयी जानकारियां सामने आ रही है जिसकी बानगी अनाथालय पर लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है तथा गोविंद गुप्ता जो की गोविंद डेरी के मालिक हैं के द्वारा महेवा स्टेट से मिलकर अनाथालय की भूमि पर षड्यंत्र के तहत अपने नाम करा लेने का मामला प्रकाश में आया है। आपको बताते चलें जिस दुकान में गोविंद दूध डेरी चल रही है उक्त जगह का बैनामा भी महेवा स्टेट से करा लिया गया है वह भी नियम कायदे कानून ताख पर रख कर बगैर नक्शा पास किए हुए इतनी बड़ी बिल्डिंग बना ली गई तथा अतिक्रमण होने के नाम पर भी उसे बिल्डिंग पर से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है इसकी अतिरिक्त लेनदेन करके अनाथालय में अनाधिकृत रह रहे स्थानीय सभासद कुमदेश शंकर शुक्ला की मदद से अनाथालय पर कब्जा करने की तैयारी का प्रयास जारी हैं अनाथालय में वर्षों से कब्जा जमाए बैठे कुमदेश शंकर शुक्ला और उनके परिवार के लोग अनुज शुक्ला पुनित शुक्ला अनारकली बेवा कुबेर शंकर शुक्ला और उनके परिवार अनाथालय को बंद करके बाहरी दुकानों का किराया खा रहे हैं यह भी पता चला है कि उसमें चल रही 10 रूपए के खाने वाली दुकान पर जिससे गरीबों को भरपेट भोजन दिया जा रहा था।

कब्जा कर लिया गया है तथा दुकान बंद कर दी गई है इसी तरह से पूर्व में जो ट्रांसपोर्ट चल रहा था उसको बंद कर दिया गया है तथा अनाथालय मे गोविंद गुप्ता द्वारा मिलकर उस पर ताला लगा दिया गया।

## जर्जर बांस के सहारे चला रहे बिजली लाइन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

शहर के मोहल्ला शास्त्री नगर में बांस खंभे पर चल रही सिंगल फेस विद्युत लाइन बांस खंभे के टूट जाने के कारण विद्युत सप्लाई तो लड़खड़ा ही गई है साथ ही उससे लोगों को खतरा भी पैदा हो गया है। जानकारी के अनुसार इस संबंध में डॉक्टर अखिलेश शर्मा की पत्नी नीलम शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को एक प्रार्थना पत्र देखकर वहां पर खंभा लगाने हेतु अनुरोध किया था लेकिन लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई निस्तारण नहीं किया गया है। निवासियों की मांग है कि जल्दी समस्या का समाधान किया जाए।

# देवरिया का फतेहपुर गांव: स्कूल के बरामदे में सो रहे थे प्रबंधक, गला रेतकर हत्या

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**





सनसनीखेज हत्या को लेकर शनिवार की सुबह जिले में एक बार फिर फतेहपुर गांव चरचा में आ गया। 2 अक्टूबर 2023 को फतेहपुर गांव के लेहड़ा टोले पर छह हत्याओं से लोग दहल गए थे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव की हत्या के बाद आक्रोशित भीड़ ने प्रतिशोध में सत्यप्रकाश दूबे के परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी थी।

क्षेत्र के फतेहपुर गांव के रामनगर टोले पर शनिवार की सुबह एक स्कूल प्रबंधक की हत्या से सनसनी फैल गई। स्कूल के बरामदे में सो रहे प्रबंधक के सिर और गले पर कई वार कर हत्या की गई। घटना से करीब सौ मीटर की दूरी पर खून से सनी कुल्हाड़ी भी मिली। घर वाले फिलहाल हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं बता पा रहे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने को मेडिकल कॉलेज देवरिया भेज दिया।

रामनगर के रहने वाले धनंजय पाल 55 वर्ष गांव में अपनी जमीन पर डीडीएम पब्लिक स्कूल खोल रखे थे। वह स्कूल में ही हर रात सोने चले जाते थे। परिजनों के अनुसार शुक्रवार की रात भोजन करने के बाद वह स्कूल में सोने चले गए। शनिवार की सुबह करीब पांच बजे पड़ोस के लोगों ने बरामदे में पड़े तख्त पर उनकी लाश देखी। गले और चेहरे पर कई वार किए थे।

चेहरा बुरी तरह से कुल्हाड़ी के वार से कट गया था। घटना की सूचना पर सीओ हरिराम यादव ने पहुंच कर जांच शुरु की। घटना पर क्षेत्रीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। पुलिस घटना का कारण पता लगाने में जुटी है। दबे जुबां लोग घटना के पीछ स्कूल से जुड़ा विवाद होना बता रहे है। सीओ ने कहा कि पुलिस जांच में जुटी है।

**सनसनीखेज हत्या को लेकर फिर चरचा में आया फतेहपुर**

रुद्रपुर। सनसनीखेज हत्या को लेकर शनिवार की सुबह जिले में एक बार फिर फतेहपुर गांव चरचा में आ गया। 2 अक्टूबर 2023 को फतेहपुर गांव के लेहड़ा टोले पर छह हत्याओं से लोग दहल गए थे।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव की हत्या के बाद आक्रोशित भीड़ ने प्रतिशोध में सत्यप्रकाश दूबे के परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी थी। स्कूल प्रबंधक धनंजय पाल की हत्या के बाद एक बार फिर फतेहपुर गांव में सुर्खियों में आ गया। घटना को लेकर अफवाहों का बाजार भी गर्म रहा।

**जांच में जुटी पुलिस**

घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने निरीक्षण किया। एसपी के नेतृत्व में फॉरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड, स्वॉट और सर्विलांस टीम के साथ रुद्रपुर पुलिस छानबीन में जुट गई। जांच टीम ने खून से सनी कुल्हाड़ी और मौके मिले कुछ निशान को लेकर छानबीन में जुट गई। एसपी ने कहा कि पुलिस हर पहलुओं को ध्यान में रख कर जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## खड्डा की टीम ने जीता फाइनल मैच

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

ग्राम पंचायत सिसवा गोपाल में (सिसवा गोपाल प्रीमियर लीग) के क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में खडडा की टीम ने जीत हासिल कर शील्ड पर कब्जा कर लिया। यह आयोजन लगातार पांचवें वर्ष से हो रहा है और इस बार भी इसका आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में किया गया। तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में दुदही, कसया, सिसवा बाजार, डोमा, बरवा रतनपुर, खडडा और तुर्कहा सहित कई टीमों ने हिस्सा लिया।

फाइनल मुकाबला खड्डा और बरवा रतनपुर के बीच हुआ, जिसमें खड्डा की टीम ने पांच रनों से जीत हासिल की। फाइनल में खड्डा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बरवा रतनपुर को 39 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे बरवा रतनपुर की टीम हासिल नहीं कर सकी। इस मैच में बरवा रतनपुर के खिलाड़ी विकास को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया, जबकि खडडा के खिलाड़ी नमन सिंह ने अपनी शानदार फील्डिंग और बैटिंग से लोगों का दिल जीत लिया।

# सीएम योगी बोले- 'राष्ट्रपति की भव्य अगवानी करेगा गोरखपुर', दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**



आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री ने सड़क मार्ग से गोरखनाथ मंदिर से आयुष विश्वविद्यालय तक की यात्रा की। इस यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रपति के रूट का निरीक्षण-परीक्षण करना था। मुख्यमंत्री गोरखनाथ मंदिर से नकहा ओवरब्रिज, स्पोर्ट्स कॉलेज चौराहा, करीमनगर चौराहा, झुंगिया मोड़, मेडिकल कॉलेज रोड होते हुए आयुष विश्वविद्यालय आए।

प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में शामिल होने आ रहीं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु की भव्य अगवानी में कोई खामी न रहे, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन भटहट के पिपरी स्थित आयुष विश्वविद्यालय का भ्रमण-निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद राष्ट्रपति सड़क मार्ग से गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। लिहाजा मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर से आयुष विवि. तक राष्ट्रपति के रूट का भी जायजा लिया। 30 जून और एक जुलाई को राष्ट्रपति के दो दिवसीय दौरे के कार्यक्रमों को लेकर शुक्रवार दोपहर बाद से शनिवार पूर्वाह्न तक मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने लगातार तैयारियों पर नजर बनाए रखी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु 30 जून को एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होंगी। जबकि अगले दिन एक जुलाई को वह भटहट के पिपरी में बने राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण और सोनबरसा बालापार में महायोगी गोरखनाथ वि.वि. में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण और गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद राष्ट्रपति गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। अब तक दिख रही तैयारियों के अनुसार गोरखपुर में राष्ट्रपति का सभी कार्यक्रम स्थलों पर सड़क मार्ग से जाएंगी। शुक्रवार को आयुष विश्वविद्यालय और महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति के कार्यक्रम की तैयारियों को परखने के बाद शनिवार को मुख्यमंत्री ने सड़क मार्ग से गोरखनाथ मंदिर से आयुष विश्वविद्यालय तक की यात्रा की।

# जिले की खराब रैकिंग पर होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**



कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के अधिकारियों को बेहतर प्रदर्शन कर उनके विभाग की प्रगति ठीक करने के निर्देश दिया गया। डीएम ने अधिकारियों को चेताया कि कार्यो के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण सीएम डैश-बोर्ड पर खराब रैकिंग हुई को उसे बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समीक्षा के दौरान डीएम ने पीएम सूर्य घर योजना, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन योजना की विस्तार से जानकारी ली। इसमें लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम मिलने पर संबंधित अधिकारियों को कार्यों में सुधार लाने का निर्देश दिए। फैमिली आईडी बनाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि कोटेदारों से संपर्क कर फैमिली आईडी बनाने का लक्ष्य पूरा करें। फैमिली आईडी बनने से राशन कार्ड बनवाना आसान होगा। इसके बाद उन्होंने नई सड़कों के निर्माण, पर्यटन विभाग, ऋण वितरण वसूली, स्वास्थ्य विभाग की तरफ से संचालित विभिन्न परियोजनाएं, ई - ऑफिस प्रणाली, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग जन पेंशन, किसान सम्मान निधि, पीएम जन आरोग्य योजना, सामुहिक विवाह आदि योजनाओं की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी प्रत्येक दशा में योजनाओं के संचालन में समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। लोगों की शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराएं। योजनाओं को लक्ष्य के सापेक्ष समय पर पूरा करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

इस दौरान सीडीओ गुंजन द्विवेदी, डीएफओ वरूण कुमार, डीएसओ कृष्ण कुमार त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्रवण कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग अभय सुमन, उप कृषि निदेशक अतिंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रामाशंकर यादव आदि मौजूद रहे।

## उद्यमी दिवस पर 62 लाभार्थियों को दिए गए ऋण

**जन एक्सप्रेस | कुशीनगर**

जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र सभागार में अंतरराष्ट्रीय उद्यमी दिवस का आयोजन हुआ। इसमें सरकार की तरफ से युवाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान 62 लाभार्थियों को ऋण वितरण के तहत चेक दिया गया। उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र में युवाओं के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, वित्त पोषण योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना, पीएमईजीपी योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, तकनीकी उन्नयन योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना और ओडीओपी टूलकिट प्रशिक्षण योजना संचालित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ लेकर युवा स्वयं लाभान्वित होने के साथ अन्य युवाओं को रोजगार दे सकते हैं।

# जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा ठूठीबारी

- तीन मंदिरों से निकली भव्य रथ यात्रा, भक्तिमय माहौल में डूबा उपनगर

**जन एक्सप्रेस | महराजगंज**




ठूठीबारी उपनगर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। राधा कृष्ण मंदिर, ठाकुर मंदिर और शिव मंदिर परिसर से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की भव्य शोभायात्रा निकली, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा की तैयारियां कई दिन पूर्व से शुरू हो गई थीं। मंदिरों और रथ को फूलों, रंगोली और झालरों से सजाया गया था। विशेष पूजा-अर्चना के बाद भगवान की प्रतिमाओं को रथ पर विराजमान किया गया। जैसे ही मंत्रोच्चार और कीर्तन के साथ रथ यात्रा शुरू हुई, पूरा ठूठीबारी ÷जय जगन्नाथ÷ के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने रस्सियां पकड़कर रथ को खींचा और मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस वर्ष रथ यात्रा में श्रद्धालुओं की उपस्थिति पहले से अधिक रही। यात्रा के समापन पर महाप्रसाद वितरण हुआ, जिसमें सभी भक्तों ने भाग लिया। आयोजन में विश्वभर पाठक, अरुण पाठक, विनोद वर्मा, कृष्णा पाठक, दीपक गोयल, सत्यम कश्यप, बलिराम पाठक, दिनेश रौनियार, रुबेल श्रीवास्तव, शिव रौनियार, आकाश मौर्या आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

# 11.71 करोड़ से बना नगरीय सेवा केंद्र, 37 दिन में ही टपकने लगी ये 'छत', सीएम से कराया था उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 मई को इसका उद्घाटन किया था। चार दिन पूर्व ही नगर निगम ने जोन एक और तीन का जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य कार्यालय यहां स्थानांतरित किया है।

इस केंद्र के प्रत्येक फ्लोर में महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय बने हैं।

करोड़ों की लागत से एक महीने पहले सिविल लाइंस में बने नगरीय सेवा केंद्र के शौचालय की छत टपकने लगी है। वहां सेंसरयुक्त दरवाजा भी नहीं खुल रहा है। बिल्डिंग के बाहर शो के लिए लगी कुछ टाइल्स भी टेढ़ी हो गई हैं। नागरिकों को उच्च स्तरीय सुविधा देने के लिए नगर निगम ने सिविल लाइंस में तीन मंजिला नगरीय सेवा केंद्र का निर्माण 1171.64 लाख रुपये की लागत से किया है।इसमें उन्नत अग्निशमन प्रणाली, कैफेटेरिया, लिफ्ट और पूर्ण वातानूकुलित हॉल शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 मई को इसका उद्घाटन किया था। चार दिन पूर्व ही नगर निगम ने जोन एक और तीन का जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य कार्यालय यहां स्थानांतरित किया है।

इस केंद्र के प्रत्येक फ्लोर में महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय बने हैं। जैसे ही यह केंद्र शुरू हुआ, दूसरे फ्लोर पर स्थित शौचालय टपकने लगे हैं। एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर शौचालय दिखाया। कहा कि शौचालय पूरा गीला था। उन्होंने सोचा कि किसी ने गंदा कर दिया है।

इसके बाद इसे साफ कराया गया। जब वह दोबारा शौचालय में गए तो उनके ऊपर पानी टपका। पानी से पेशाब की बदबू आ रही थी। तब उन्हें पता चला शौचालय टपक रहा है। उन्होंने बताया कि यहां लगा सेंसर वाला दरवाजा काम नहीं कर रहा है। इस कारण उसे रिबन से बांधा गया है। उधर बिल्डिंग के बाहर सुंदर दिखने के लिए लगी मैटल टाइल भी कहीं-कहीं टेढ़ी हो गई है।

अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्र ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, इसे दिखाया जा रहा है।

## संविधान के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

रामपुर कारखाना। हिरंदापुर गांव में शुक्रवार को संविधान बचाओ कार्यक्रम आयोजित हुआ। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने कहा कि संविधान के साथ हो रहे खिलवाड़ को भारतीय कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि संविधान की सुरक्षा से ही नागरिकों की सुरक्षा जुड़ी है।

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष शहला अहरारी ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र किया और यूपीए सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

वक्ताओं ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, अपराध और महंगाई को लेकर कटाक्ष किए। नफरत की राजनीति को खत्म कर भाईचारे को बढ़ावा देने की बात कही। इंजीनियर जयप्रकाश धनगर ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान नागेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# सड़क बनवाने के लिए भटक रहा सीआरपीएफ जवान

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

खुखुंदू। मुजुरी बुजुर्ग गांव का रहने वाला सीआरपीएफ जवान को खुद की सड़क निर्माण कराने के लिए एक साल से इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। सरहद की रक्षा करने वाले जवान की हालत यह है कि वह जब भी छुट्टी पर गांव आते हैं तो अपने घर जाने के लिए खड़ंजा निर्माण कराने के लिए प्रधान सहित अन्य जिम्मेदारों के पास भाग-दौड़ करना शुरू कर देते हैं।

भाग-दौड़ करने में ही उनकी छुट्टियां गुजर जाती है। फिर वह ड्यूटी पर पहुंच देश की सेवा में लग जाते हैं। एक सप्ताह पहले छुट्टी पर गांव आए जवान शुक्रवार को चाचा के साथ थाने पहुंचकर एक बार फिर सड़क निर्माण के लिए पुलिस से गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार, खुखुंदू थाना क्षेत्र के मुजुरी बुजुर्ग गांव निवासी राम योगेश यादव सीआरपीएफ में छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में एएसआई पद पर तैनात हैं। उनका कहना है कि वह लोग आठ परिवार हैं। इसमें से एक परिवार गांव में मुख्य सड़क किनारे मकान बनवा रखा है, जबकि उनका मकान आबादी के बीच में बनवाए हैं, जहां आने-जाने के लिए कच्ची पगडंडी ही है। प्रधान डीह की भूमि में खड़ंजा सड़क निर्माण कराने के लिए तैयार हैं, मिट्टी भी गिरा दी गई थी, इसमें से एक परिवार गांव में मुख्य सड़क किनारे मकान बनवा रखा है, जबकि उनका मकान आबादी के बीच में बनवाए हैं, जहां आने-जाने के लिए कच्ची पगडंडी ही है। प्रधान डीह की भूमि में खड़ंजा सड़क निर्माण कराने के लिए तैयार हैं, मिट्टी भी गिरा दी गई थी, लेकिन एक परिवार सड़क निर्माण कराने से रोक रहा है। इसके चलते सड़क निर्माण कार्य अवरुद्ध पड़ा है। सेना के जवान का कहना है कि सब कुछ सही है, पैमाइश भी कराने की बात कही जा रही है, लेकिन अवरुद्ध करने वाला पक्ष तैयार नहीं है।

उन्होंने बताया कि मामले के लिए लगातार दो दिन एसडीएम कार्यालय भी गया, लेकिन एसडीएम से मुलाकात नहीं हुई। फिर थाने पहुंच इंस्पेक्टर कल्याण सिंह सागर से गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि सेना के जवान आए थे। दोनों पक्षों को शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर बुलाया गया है। यहां दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यालयों का विलय करने के फैसले से उबाल

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शुक्रवार को बीआरसी सदर से लेकर कलक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया। संगठन ने प्राथमिक विद्यालयों को छात्र संख्या के आधार पर बंद करने या अन्य विद्यालयों में मर्ज किए जाने के आदेश का जमकर विरोध किया।

नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि स्कूल बंद कर देना या जोड़ देना भविष्य की हत्या करने जैसा है। इस अन्याय के खिलाफ शिक्षक चुप नहीं बैठेंगे। जब तक यह आदेश वापस नहीं लिया जाता, संघर्ष जारी रहेगा। जिला मंत्री अवनीश दीक्षित ने कहा कि यदि विद्यालय बंद होते हैं तो वह चिराग खुद बुझ जाएंगे। शासन का यह कदम शिक्षा के अधिकार को कुचलने जैसा है। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष अंजनी द्विवेदी ने कहा कि मर्जर की नीति से ग्रामीण बालिकाओं की शिक्षा छीनने वाली है। इसके पूर्व बीआरसी पर शिक्षकों ने बैठक कर इस मुद्दे पर संघर्ष की रणनीति बनाई प्रदर्शन में संगीता चौरसिया, आनंदेश्वर सिंह, तेजेंद्र मोहन सिंह, बदरे आलम, केशव प्रताप शाही, रियाजुद्दीन सिद्दीकी, मनीष सिंह, स्वतंत्र तिवारी, शोएब अहमद आदि शामिल रहे। उधर, शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई गौरी बाजार के तत्वाधान में शुक्रवार को कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों को अन्य विद्यालयों के साथ मर्ज करने का शिक्षकों ने विरोध किया। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर इस आशय का ज्ञापन भी सौंपा। इसमें मांग की गई कि कम नामांकन वाले परिषदीय विद्यालयों को जुलाई तक नामांकन बढ़ाने का अवसर दिया जाए। मानकविहीन निजी विद्यालयों की मान्यता निरस्त की जाय। नामांकन में आधार कार्ड की अनिवार्यता समाप्त की जाय।

इस अवसर पर ब्लॉक सहसंयोजक ऋषि राय, संजय सिंह, परमदेव, शशिधर मिश्र, उमेश निषाद, ओंकार नाथ यादव, अवनींद्र शर्मा उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को बीआरसी पर बैठक का मुख्य एजेंडा पूरे प्रदेश में शासन की ओर से चलाए जा रहे 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के मर्जर के विरोध के लिए योजना बद्ध रणनीति बनाई गई।

जिला संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में बीएसए ज्ञापन भी दिया गया।, इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश मणि, संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल, संदीप द्विवेदी, बैजनाथपति त्रिपाठी,सफीक अहमद खान, विनोद मिश्रा,जयप्रकाश सिंह , निर्भय राय आदि मौजूद रहे।

## राप्ती नदी में मिली बाइक, जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस | देवरिया**

मदनपुर थाना क्षेत्र के मोहरा गांव स्थित राप्ती नदी में शुक्रवार को संदिग्ध हालत में एक बाइक मिली। पुलिस बाइक को कब्जे में लेकर कर थाने ले आई। नदी में मिली बाइक मई माह में चोरी होने की बात कही जा रही है।

मोहरा गांव स्थित नदी तट पर एक शव का दाह-संस्कार किया जा रहा था। इस दौरान कुछ लोग नदी में स्नान कर रहे थे। इदी में एक शख्स के पैर से बाइक टकराई। लोग शोर मचाने लगे। किसी ने सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बाइक को नदी से निकलवाया। इंस्पेक्टर मदनपुर अनिल कुमार ने बताया कि राप्ती नदी में मिली बाइक गौरीबाजार थाना क्षेत्र के लगहा लेढ़हा निवासी अजीत की है।

# जनता दर्शन: सीएम योगी का आश्वासन-बिटिया का इलाज कराएंगे

**जन एक्सप्रेस | गोरखपुर**



शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने नन्ही बिटिया के इलाज में मदद और आवास की व्यवस्था करने की गुहार के साथ बिटिया को गोद में लेकर बैठी महिला को भरोसा दिया कि बच्ची का अच्छे से अच्छा इलाज सरकार कराएगी। महिला और उसके परिवार के लिए आवास की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इसे लेकर सीएम योगी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित भी किया। जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं।

शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना।

ध्यान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए और निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने आवास के लिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजना से मकान दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।

लोगों से मुलाकात के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोद में बीमार बच्ची को लेकर कुर्सी पर बैठी महिला की समस्या सुन मुख्यमंत्री अत्यंत भावुक हो गए। महिला बच्ची के इलाज और आवास की समस्या लेकर आई थी। सीएम योगी ने उसे आश्वस्त किया कि दोनों समस्याओं इलाज और आवास की व्यवस्था, का समाधान सरकार कराएगी।

# एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन ने धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

- विधायक ने मुख्यमंत्री से वार्ता करने का दिया आश्वासन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**






जनपद बलरामपुर में शनिवार को एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के वैनर तले जिले भर के तमाम फुटकर उर्वरक विक्रेताओं ने दुकानों को बंद रखकर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा।
जानकारी के अनुसार 28 जून को एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ जिले भर के फुटकर उर्वरक विक्रेताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। सभी विक्रेता विकास भवन के पास एकत्रित हुए और वहीं से प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। संगठन के जिला अध्यक्ष महेश मिश्रा ने बताया कि थोक व्यापारियों द्वारा बढ़े दामों पर यूरिया तथा डीएपी उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है साथ में जिंक, नैनो यूरिया व फास्फोरस जैसे सहायक उत्पाद टैग करके दिया जा रहा है। फुटकर व्यापारी से किसान सहायक प्रोडक्ट नहीं खरीद रहा है । साथ ही बढ़े दामों पर यूरिया भी खरीदने को तैयार नहीं हैं।
जिला प्रशासन निर्धारित मूल्य पर उर्वरक बिक्री करने का निर्देश जारी कर रहा है। उन्होंने बताया कि बढ़े दामों पर खरीदी गई यूरिया व डीएपी सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर बिक्री कर पाना संभव नहीं है। व्यापारियोंके समस्याओं से सम्बंधित तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो प्रदेश भर के उर्वरक व्यापारी दुकानों को बंद करके हड़ताल पर चले जाएंगे। मांगों में प्रमुख रूप से भारत सरकार के नियमों के अनुसार सभी खाद रिटेलर के गोदाम तक एफओआर सुविधा के तहत पहुंचने चाहिए, लेकिन कोई भी कम्पनी एफओआर नहीं दे रही है, बल्कि व्यापारियों को अलग से भाड़ा वहन करना पड़ता है, जिसे तत्काल बंद किया जाए। सरकार द्वारा घोषित मूल्य 266.50 रुपए, इसके अलावा 30 से लेकर 40 प्रतिशत तक अन्य उत्पाद भी टैगिंग किया जा रहा है, वह जबरन दिया गया उत्पाद व्यापारियों के गोदाम में पड़ा रह जाता है और उसके कारण व्यापारियों की लागत बढ़ती जा रही है ।ऐसे में सरकारा द्वारा निर्धारित रेट 266.50 रुपए पर यूरिया किसानों को कैसे दी जाये जब व्यापारी को मिल ही नहीं रही है। यही स्थिति डीएपी तथा एनपीके पर भी है। विभाग द्वारा कीटनाशक की गुणवत्ता पर सवाल उठाकर व्यापारी के खिलाफ लाइसेंस निलम्बन और मुकदमे की कार्यवाही की जा रही है, जबकि उनकी सेल परमीशन लखनऊ से ही होती है और सभी के गोदाम भी वहीं पर हैं, क्या उनकी वहाँ बगैर जांच किये परमीशन दी जा रही है ।कीटनाशक अधिनियम की धारा 30 (3) के तहत व्यापारियों को यह साबित करने के लिए समय दिया जाना चाहिए कि उसने कम्पनी के मूल उत्पादन में बिना छेड़छाड़ किये माल बेचा है, तो सम्पूर्ण जवाबदारी निर्माता कम्पनी की है, विक्रेता की नहीं।
ऐसी स्थिति में यदि कोई कीटनाशक अमानक पाया जाता है तो सम्पूर्ण जवाबदारी निर्माता कम्पनी की होनी चाहिए, न कि विक्रेता की, क्योंकि कम्पनी के मूल पैकिंग में ही माल बेचते हैं और सिर्फ वही कम्पनियों के उत्पाद बेचते हैं, जिन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में बेचने की अनुमति जारी की जाती है। एसोसियेशन की मांग है कि हम सरकार और किसानों के साथ है, हमें फर्टिलाइजर 3 शासन द्वारा निर्धारित रेट में दिलाया जाये और सभी प्रकार की टैगिंग बन्द की जाए तथा कार्यवाही व्यापारी पर न होकर केवल निर्माता कम्पनी पर की जाये। प्रदेश में जिन व्यापारियों पर कार्यवाही की गयी है और मुकदमा दर्ज हुआ है, उसे निरस्त किया जाए। उन्होंने शासन प्रशासन को चेतावनी दी कि संगठन के आवाहन पर एक दिन की सांकेतिक प्रादेशिक बन्दी की गई है, यदि हमारी इन बातों पर गम्भीरता पूर्वक विचार नहीं किया जाता है, तो हमें अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होना पडेगा और आगामी खरीफ सीजन में प्रदेश के किसानों को खाद बीज एवं कीटनाशक प्राप्त करने में परेशानी होगी। उन्होंने अपील किया कि हमारी मांगों पर गम्भीरता पूर्वक विचार कर स्थिति का उचित समाधान किया जावे अन्यथा हम सब व्यापारी लाइसेंस समर्पण करने का कार्य करेंगे।

### विधायक से मिले संगठन के पदाधिकारी व व्यापारी

जिला प्रशासन ज्ञापन देने के बाद संगठन के लोग तथा व्यापारी विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला से मुलाकात कर ज्ञापन दिया तथा मुख्यमंत्री व कृषी मंत्री के वार्ता कर निराकरण करने की मांग किया। विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने व्यापारियों को आकर्षित किया कि वह मुख्यमंत्री तथा कृषि मंत्री से वार्ता कर निराकरण कराने का प्रयास करेंगे। ज्ञापन देते समय प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र श्रीवास्तव, हरि ओम महेश्वरी, अमन बंसल, चंद्र भवन तिवारी, राजेंद्र सिंह, सहजानंद मिश्रा, अनुराग मोदी, फिदा वारसी, रवि मिश्रा, साबिर अली, परमजीत सिंह, राम बरन तिवारी, सतीश अग्रवाल तथा अनिल वर्मा सहित पूरे जिले के उर्वरक विक्रेता मौजूद थे ।

## सीडीओ ने की मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमे मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के विभिन्न योजनाओ की सीडीओ द्वारा गहन समीक्षा की गयी।
बैठक में उपनिदेशक रेशम ने बताया कि मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के अंतर्गत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला समूह को लाभान्वित किया जाना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के तहत शहतूत वृक्षारोपण सहायता, कीट पालन गृह सहायता, उपकरण सहायता, प्रशिक्षण सहायता चार प्रमुख योजनाएं संचालित हैं। शहतूत वृक्षारोपण सहायता योजना के तहत विकासखण्ड-बलरामपुर, गैंसड़ी, तुलसीपुर तथा पचपेड़वा के अन्तर्गत एन0आर0एल0एम0 के 10-10 स्वयं सहायता समूहों को उक्त योजना से जोड़कर शहतूत के पौधे लगाए जाने हेतु निर्धारित स्थल की जियो टैगिंग कराते हुये 15 जुलाई, 2025 से शहतूत वृक्षारोपण प्रारंभ किया जाएगा।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व लड़कियों को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर पुलिस ने शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अंतर्गत बालिकाओं व छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया।
जानकारी के अनुसार 27 जून को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशानुसार एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो, गॉवों व भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं व बालिकाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- ओटीपी शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

# बीसीए-बीवीए में बढ़ी फीस के विरोध में एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में शोभित पोषित कोर्स बीसीए तथा बीसीए में शुल्क वृद्धि के विरोध में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंप कर तत्काल शुल्क वृद्धि वापस लेने का अनुरोध किया।
जानकारी के अनुसार 28 जून को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एमएलके कॉलेज में शुल्क वृद्धि के विरोध में ज्ञापन सौंप कर शुल्क वृध्दि तत्काल वापस लेने की मांग की। मांग पत्र में कहा गया है कि जहां एक ओर बलरामपुर जनपद की साक्षरता दर देश भर में सबसे कम है वहीं आए दिन जनपद में स्कूल कॉलेजों की बढ़ती फीस जिले की शिक्षा दर को और चूना लगाने का काम कर रही है। जिले के एमएलके पीजी कॉलेज में मनमाने तरीके से प्रबंधन तंत्र द्वारा धड़ल्ले से फीस वृद्धि कर दी गई है। जिसके विरोध में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य की अनुपस्थिति में प्राचार्य को सम्बोधित ज्ञापन परीक्षा प्रभारी को सौंपा है। कार्यकर्ताओं ने 48 घंटे के अंदर बढ़ी हुई फीस को कम करने की मांग की है।
अन्यथा भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अम्बुज भार्गव ने बताया कि बीते सत्र में बीसीए तीसरे व पांचवे सेमेस्टर में 1150 रुपए की शुल्क बढ़ोत्तरी हुई है। BCOM तृतीय सेमेस्टर का शुल्क 6669 रुपए था जो कि अब बढ़ाकर 6819 रुपए कर दिया गया है। BCOM पंचवे सेमेस्टर का शुल्क 6769 रुपए था जो कि बढ़ाकर 6919 कर दिया गया है। इसी प्रकार BBA तृतीय सेमेस्टर व पांचवे सेमेस्टर का शुल्क 14419 रुपए था जो कि बढ़ाकर 15569 रुपए कर दिया गया है। इसी प्रकार अन्य कोर्स में भी फीस वृद्धि देखने को मिली है। जिला संयोजक अनुराग तिवारी ने बताया कि फीस वृद्धि से छात्रों में भारी आक्रोश है। फीस वृद्धि से हर अभिभावक के जेब पर गहरा असर पड़ेगा।
कॉलेज इकाई अध्यक्ष शिवम दुबे ने कहा कि इस बढ़ी हुई फीस का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कड़ी शब्दों में निंदा करता है। यदि फीस कम नहीं हुई तो प्रबन्धन तंत्र के खिलाफ भूख हड़ताल करेंगे। इस दौरान पुनीत, पंकज तिवारी, आकाश गुप्ता, अखण्ड यादव, सलोनी कन्नौजिया, आलिया खान, अनुपम, अनुभव, अभिषेक, जिला संगठन मंत्री अनुज सहित भारी संख्या में अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्राचार्य ने कहा समान्य कक्षाओं के लिए नहीं की गई बढ़ोतरी

महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने बताया कि महाविद्यालय की सामान्य कक्षाओं बीए, बीएससी तथा बीकाम कक्षाओं के लिए शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की गई है। साथ ही प्रवेश फार्म में 200 रुपए की कटौती की गई है, जिसका लाभ हजारों छात्र-छात्राओं को मिलेगा। उन्होंने बताया कि शुल्क वृद्धि केवल स्ववित्त पोषित कक्षाओं बीसीए तथा बीवीए में किया गया है। इस शुल्क वृद्धि का प्रभाव चंद छात्र-छात्राओं के ऊपर ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन छात्र-छात्राओं के हित का बराबर ख्याल रख रहा है।

# एमपीयू द्वारा आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित, 138 परीक्षार्थी हुए उत्तीर्ण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



### पीएचडी प्रवेश परीक्षा की रूपरेखा

06 जून 2025 को पीएचडी प्रवेश हेतु अधियाचन जारी किया गया 07 जून 2025 से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। कुलपति द्वारा विलंब शुल्क के साथ आवेदन हेतु तिथि विस्तारित की गई। अंतिम तिथि तक कुल 545 अभ्यर्थियों ने विभिन्न विषयों में आवेदन किया। सम्पन्न हुई प्रवेश परीक्षा में 360 परीक्षार्थी उपस्थित हुए जबकि 74 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । प्रवेश परीक्षा एमएलके पीजी कॉलेज परिसर के 10 कमरों में आयोजित की गई। परीक्षा में मुख्य निरीक्षक प्रो. तबस्सुम फारुकी, डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी, एवं सहायक निरीक्षक डॉ. सुनील मिश्र एवं डॉ. जितेंद्र सिंह ने निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त प्रो. डी.डी. तिवारी (प्रवेश समिति सदस्य) एवं प्रो. राघवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

### चयन प्रक्रिया

प्रतिभागी छात्र-छात्राओं की अंतिम सूची प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को जोड़कर तैयार की जाएगी। कुलपति ने विश्वविद्यालय की प्रथम पीएचडी प्रवेश परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा समिति के सदस्यों को बधाई दी है एवं अपील की है कि वे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता हेतु अपना सर्वोत्तम योगदान दें, जिससे नव स्थापित मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सके।

जनपद बलरामपुर में नव सृजित मा पाटेश्वरी विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम बार आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया। 138 परीक्षार्थियों ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है जबकि 222 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं । कुल 360 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे।
जानकारी के अनुसार 28 जून को मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। 138 परीक्षार्थियों ने प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण किया है। 360 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे। नेट एवं जेआरएफ उड़ी कर चुके 111 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों एवं NET/JRF अर्ह अभ्यर्थियों का अंतिम चयन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित साक्षात्कार तिथि पर साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। बतातें चलें कि 23 जून 2025 को नव स्थापित मा पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय का प्रथम शैक्षणिक कार्यक्रम पीएचडी प्रवेश परीक्षा के रूप में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। परीक्षा का समन्वयन प्रो. राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। परीक्षा केंद्राध्यक्ष प्रो. जेपी पाण्डेय, सहायक केंद्राध्यक्ष डॉ. सदगुरू प्रकाश एवं डॉ. जितेंद्र की देखरेख में परीक्षा संचालन हुआ। परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन, सुचितापूर्ण एवं शासन के नियमानुसार सम्पन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री परमानंद सिंह, एवं विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रो. पी.के. सिंह एवं प्रो. अरविंद द्विवेदी की उपस्थिति में परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

## दुकानदारों ने किया कब्जा, कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

नगर निगम की टीम ने बोदला बिचपुरी मार्ग पर लगने वाले शुक्रवार बाजार में आये दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की। इन दुकानदारों द्वारा पूरी सड़क पर ही दुकानें सजा लीं थी। जिससे सड़क पर जाम के हालात बन रहे थे। नगर निगम की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। बोदला बिचपुरी रोड पर सालों से शुक्रवार बाजार लगता चला आ रहा है। मुख्य बाजार के बंद रहने से हजारों की संख्या में फड़ आदि लगाकर सामान बेचने वाले कारोबारी यहां पर व्यापार करने के लिए पहुंचते है। दुकानदारों की बढ़ती संख्या यहां के स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए समस्या का कारण बनती जा रही है। खाट, तखत, काउंटर आदि लगाकर सामान बेचने वालों ने अब मुख्य सड़क पर भी सामान रखकर कारोबार करना शुरू कर दिया है। सड़क पर सामान बेचने से सिकंदरा से बोदला होकर शाहगंज जाने वाले एवं आवास विकास और बिचपुरी की ओर जाने आने वाले राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# मामा के घर छुट्टी मनाने गई बच्ची के साथ दुष्कर्म

- सपा राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात
- उन्होंने आरोपी के खिलाफ रासुका लगाने और सख्त कार्रवाई की मांग की

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



### आरोपी पर रासुका लगाने की मांग

पीड़ित परिवारिजनों से मिलने पहुंचे सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्_ से मिलने पहुंचे सांसद रामजीलाल सुमन ने सरकार पर जमकर निशाना साधा साथ ही उन्होंने आरोपी के खिलाफ रासुका लगाने और सख्त कार्यवाही करने की मांग की।

थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिक बच्ची अपने मामा के घर छुट्टियां मनाने गई हुई थी। यहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के परिवार से मिलने सपा राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पहुंचे।
थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र अंतर्गत नगला रामबल की रहने वाली एक नाबालिक बच्ची अपने मामा के घर बमरौली कटारा छुट्टी मनाने गई हुई थी। पीड़ित पिता ने बताया कि गांव का ही रहने वाला युवक अभिषेक पुत्र लोकेंद्र बच्ची को अपने साथ ले गया, और उसके साथ गलत काम किया।
इसके बाद आरोपी उसे घर के पास छोड़कर वहां से चला गया। पीड़िता ने रोते हुए ये बात अपने मामा को बताई। बच्ची के मामा सौरभ ने इसकी जानकारी बच्ची के माता-पिता को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आरोपी अभिषेक के खिलाफ थाना बमरौली कटारा में शिकायती पत्र दिया। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की सूचना पर शनिवार को नगला रामबल पीड़ित परिवार से मिलने सपा सांसद रामजी लाल सुमन पहुंचे। उन्होंने आरोपी युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

## नगर निगम व एनएचएआई ने संयुक्त रुप से शुरु किया अभियान

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

बरसाती मौसम में टेढ़ी बगिया हाथरस रोड पर हो रहे जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ मिलकर नाला सफाई अभियान की शुरूआत की है।
इस अभियान के तहत क्षेत्र में भूमिगत नाले की गहन सफाई कराई जा रही है। ब्लाक हुए नाले की स्लैब को मशीनों की मदद से उठवाकर अंदर जमा सिल्ट और कचरे को बाहर निकाल कर तुरंत निस्तारण केंद्र तक पहुंचाया जा रहा है। सफाई के बाद नाले को फिर से स्लैब से ढ़कवाया जा रहा है, ताकि बरसात के दौरान कोई अप्रिय घटना घटित न हो। अधिकारियों का कहना है, कि यह कार्रवाई जरूरी थी, क्योंकि कई स्थानों पर बरसात में पानी भरने से यातायात और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।
वहीं, टेढ़ी बगिया से कालिंदी विहार की ओर जाने वाले पक्के नाले के पांच स्थानों पर धंस जाने से जलनिकासी बाधित हो रही थी। इन स्थानों पर लगातार जलभराव की समस्या बनी हुई थी। इसे देखते हुए नगर निगम ने वहां पंप लगवाकर पानी की निकासी शुरू करवा दी है। इससे क्षेत्र की कई गलियों में जलभराव की स्थिति में सुधार हुआ है। नगर निगम के जोनल सैनिटरी ऑफिसर (जेडएसओ) आशुतोष वर्मा स्वयं मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य की निगरानी कर रहे हैं और टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

# सरकारी स्कूल बंद होते ही सड़कों पर उतरेगी आप

### जिस जनपद में स्कूल बंद किये जाएंगे वहां के मुख्यालय में आंदोलन करेगी आप: डॉ हृदेश चौधरी

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों के मर्ज किए जाने पर आम आदमी पार्टी में भारी आक्रोश है। पार्टी कार्यालय पर ब्रज प्रांत अध्यक्ष डॉ. हृदेश चौधरी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसका विरोध जताते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के 27 हजार सरकारी स्कूलों को बंद किए जाने के फैसले के खिलाफ लोगों में आक्रोश है, गांव-गांव में इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि पिछले 4 सालों में 42 लाख बच्चों ने सरकारी स्कूलों की शिक्षा छोड़ी है, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार यूपी में एक साल में 8 लाख बच्चों ने सरकारी स्कूलों की शिक्षा छोड़ी है, और प्रदेश की सरकार विद्यालय के ऊपर ही बुलडोजर चला रही है। उन्होंने कहा कि 5,695 स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल एक शिक्षक ही तैनात है।
जनपद अलीगढ़ में ही 58 हजार बच्चों ने सरकारी स्कूल की शिक्षा छोड़ दी। वहीं पूरे प्रदेश में जहां-जहां भी स्कूल बंद किए जाएंगे, वहां आम आदमी पार्टी उन गांव के अंदर और जिला मुख्यालयों पर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि हम विद्यालयों को कतई बंद नहीं होने देंगे। आम आदमी पार्टी इसकी लड़ाई लड़ने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि योगी सरकार स्कूलों को मर्ज नहीं बल्कि बंद करने का काम कर रहे है। आगरा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार तर्क दे रही है, कि बच्चे कम आ रहे हैं, सवाल यह है कि बच्चों को प्रेरित करने की जिम्मेदारी किसकी है? आरटीई एक्ट में लिखा है, कि एक किलोमीटर के दायरे में स्कूल होना चाहिए और अगर आबादी को देखते हुए वहां स्कूल खोला गया है, तो उसे बंद करने का क्या कारण है? स्कूलों में मिड डे मील की योजना इसलिए शुरू की गई थी, कि बहुत से ऐसे गरीब परिवार हैं, जिनके पास अपने बच्चों को खाना खिलाने तक के पैसे नहीं है। ऐसे में मिड डे मील के लिए बच्चे स्कूल में आने के लिए प्रेरित हुए थे, लेकिन प्रदेश में समय-समय पर मिड डे मील में नमक रोटी देने या खाने में कीड़े मकोड़े निकलने की बात सामने आती रही है। बजाय इसके की सरकार मिड डे मील की गुणवत्ता में सुधार करें, लेकिन वह तो मदिरालय खोलने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि सरकार को स्कूल कतई बन्द नही करने देंगे, हम प्रदेश में बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होने देंगे।

## आगरा की ट्रेफिक व्यवस्था में होगा सुधार

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को संभागीय परिवहन प्राधिकरण की 50वीं बैठक संपन्न हुई। जिसमें मथुरा केंद्र के सीएनजी ऑटो के परमिट रिन्युअल व फिटनेश न कराए जाने पर उनके परमिट निरस्त करते हुए ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा नए परमिट जारी करने के निर्देश दिए।
वहीं आगरा में जाम की समस्या से निपटने के लिए डीसीपी टेःफिक की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश दिये। शुक्रवार को लघु सभागार में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की 50वीं बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार ने की। बैठक में विगत 5 महिने में आगरा मंडल में जारी नए परमिट, परमिट नवीनीकरण, वाहन प्रतिस्थापन, परमिट निरस्तीकरण आदि का विवरण प्रस्तुत किया गया। जिसमें बताया गया कि जनपद आगरा में विभिन्न श्रेणी के वाहनों के नये जारी परमिटों की संख्या 957, फिरोजाबाद में 711, मथुरा में 820 और मैनपुरी में 484 हैं। कुबेरपुर से नोएडा सेक्टर-37 वाया परीचौक पर एक आवेदक के परमिट आवेदन पर भी विचार किया गया। विभिन्न तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त परमिट जारी करने का निर्णय लिया गया। स्थायी सवारी गाड़ी के परमिट हस्तान्तरण के आवेदन पर विचार किया गया। हस्तान्तरण की स्वीकृति प्रदान करते हुए मंडलायुक्त द्वारा निर्देश दिए गये, कि दोनों पक्षों से एफिडेविट लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में बताया गया कि मथुरा-वृंदावन केन्द्र में 19 दिसंबर 2016 तक 3035 सीएनजी ऑटो परमिट जारी किए गए थे, तत्पश्चात नवीन परमिट जारी करने पर रोक लगा दी गई थी।

# नगर पंचायत बनकटी कार्यालय का हुआ भूमि पूजन

- सपा के सांसद, विधायक विकास कार्यों के प्रति गंभीर नहीं– हरीश द्विवेदी
- आदर्श नगर पंचायत बनकटी में तेज हुये विकास के कार्य– ई. अरविन्द पाल

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के अस प्रभारी एवं पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने आदर्श नगर पंचायत बनकटी के कार्यालय भवन का विधि विधान से वैदिक मंत्रों के बीच भूमि पूजन किया। कार्यक्रम के बाद आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुये हरीश द्विवेदी ने भाजपा सरकार के उपलब्धियों की चर्चा करते हुये सपा पर निशाना साधा। कहा कि सपा के सांसद, विधायक विकास कार्यों के प्रति गंभीर नहीं है। भाजपा नेता ई. अरविन्द पाल की सराहना करते हुये हरीश द्विवेदी ने कहा कि उनके प्रयास का ही फल है कि नगर पंचायत बनकटी निरन्तर प्रगति की ओर है। अब उसके पास अपना कार्यालय भवन होगा। कहा कि राजनीति में हार-जीत का क्रम चलता रहता है किन्तु लक्ष्य के प्रति हौसले कमजोर नही होने चाहिये। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि ई. अरविन्द पाल ने कहा कि नगर पंचायत बनकटी की गठन प्रक्रिया से लेकर अब तक का साक्षी हूं। पिछले कार्यकाल में सड़कों, नालियों और विकास कार्यों की स्थिति दयनीय थी, जब उर्मिला देवी अध्यक्ष हुईं तो जमीनी धरातल पर विकास के कार्यो में तेजी आयी। बनकटी सबसे बड़ा क्षेत्रफल वाली नगर पंचायत है। उसके पास अपना भवन तक नहीं था, लम्बे प्रयास के बाद लगभग 2 करोड़ की लागत से शीघ्र भवन बनकर तैयार होगा जो सभी जरूरी सुविधाओं से लैश होगा। कहा कि वार्ड स्तर पर विकास कार्यों में तेजी आयी है। इसमें पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी का विशेष योगदान है। नगर पंचायत नगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राना दिनेश प्रताप सिंह, जगदीश प्रसाद शुक्ल, अरूणा सिंह पटेल, बालकृष्ण त्रिपाठी, रघुनाथ सिंह, सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, पवन कसौधन, कृष्णचन्द्र सिंह, अंकित पाण्डेय, विवेकानन्द शुक्ल, अतुल पाल, अभिमन्यु पाल, डा. अनिल मौर्य आदि ने सम्बोधित करते हुये विकास की पहल को सराहा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राधेश्याम पाण्डेय, रविचन्द पाण्डेय, बाबूराम चौधरी, नवीन कुमार पाल, विद्या देवी, निर्मला देवी, रिकूं, प्रमिला, ऋषिराज मुनि, लवकुश, शबनम बानो, दिनेश कुमार, सावित्री, कौशल कुमार, मालती देवी, हफीज, श्यामसुन्दर, राजेन्द्र यादव, लड्डू यादव, विन्ध्याचल यादव, रामअशीष चौधरी, राम अदालत, राजाराम, अजय अग्रहरि, रोहित दूबे, गिरजेश पाल, सूर्य नारायण पाल, अनिल पाल, नन्हें पाल , रमाकान्त, मनोज पाण्डेय के साथ ही अधिशासी अधिकारी ऋचा सिंह, अनेक सभासद, क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# जौनपुर के व्यापारियों को मिला बड़ा सम्मान, जीएसटी में रिकॉर्ड भरपाई पर मंत्री ने बांटे प्रशंसा-पत्र

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जौनपुर के कलेक्ट्री सभागार में शुक्रवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिले के दर्जनों व्यापारियों को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) भरने में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने सभी व्यापारियों को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया और उनके योगदान को सराहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह ने की, जबकि मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। यह आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले में ईमानदारी और व्यापारिक पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। जौनपुर में अब तक कुल 10 करोड़ से अधिक का जीएसटी जमा किया गया है, जो जिले की आर्थिक सक्रियता और व्यापारियों की जागरूकता का परिचायक है। इस अवसर पर मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा जौनपुर के व्यापारी हमेशा एक कदम आगे बढ़कर देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान देते हैं। मैं सभी व्यापारियों को हृदय से धन्यवाद देता हूं। भविष्य में व्यापार को और अधिक प्रोत्साहन देने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

सम्मानित होने वालों में शारदा ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रबंध निदेशक और लखनऊ देहरादून से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के जन एक्सप्रेस की प्रबंध निदेशक इंद्र बहादुर सिंह सहित जिले के कई प्रतिष्ठित व्यापारी शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे इसी तरह पारदर्शिता के साथ कर भरते रहें और जिले के विकास में भागीदार बनें।

# जल संरक्षण योजनाओं को ठेंगा, कचरे से पटे ऐतिहासिक कुएं

- विकास खंड कार्यालय और शिवधाम बेलवाई में उपेक्षा की पराकाष्ठा, धार्मिक आस्था और पर्यटन को पहुंच रहा नुकसान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**सुल्तानपुर/अखण्डनगर।** सरकार द्वारा जल संरक्षण, धार्मिक पर्यटन और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं पर भले ही करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हों, लेकिन जब ज़मीनी स्तर पर उनकी क्रियान्विति न के बराबर हो, तो सवाल उठना स्वाभाविक है। जौनपुर, सुल्तानपुर और आजमगढ़ जनपद के एकदम सीमा से सेट अखण्डनगर विकास खंड कार्यालय परिसर और प्रसिद्ध शिवधाम बेलवाई मंदिर परिसर इसकी सटीक मिसाल हैं। जहां ऐतिहासिक कुएं आज मलबे और प्लास्टिक कचरे से पटे पड़े हैं। ऐसी ही बात इंतजामी विकास खंड कार्यालय परिसर में स्थित कुआं पर बनी हुई है। कभी वहां के कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए पेयजल का प्रमुख स्रोत हुआ करता था। आज उसकी हालत यह है कि वह पूरी तरह कचरे, मलबे और पॉलीथिन से भर गया है। जिस जगह से सरकारी योजनाएं संचालित होती हैं, वहीं यदि इस प्रकार की अनदेखी हो, तो अन्य क्षेत्रों की स्थिति सहज ही समझी जा सकती है।

यह दृश्य न केवल जल संरक्षण के प्रयासों का उपहास है, बल्कि सरकारी तंत्र की गंभीर उदासीनता का प्रमाण भी है।

### शिवधाम बेलवाई- उपेक्षा का शिकार हुआ धार्मिक धरोहर स्थल

अखंड नगर। काशी और अयोध्या के बीच स्थित बेलवाई का शिवधाम वर्षों से श्रद्धा और आस्था का केंद्र रहा है। 2007 में इसे उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यटन स्थल घोषित किया था, जिससे लोगों को उम्मीद थी कि यहां विकास कार्य होंगे और ऐतिहासिक संरचनाओं को संरक्षित किया जाएगा। लेकिन सच्चाई यह है कि मंदिर परिसर में कभी मौजूद छह ऐतिहासिक कुओं में से तीन पूरी तरह पाट दिए गए हैं और एक कूड़े से भरकर बेकार हो चुका है। केवल दो कुएं ही किसी तरह अपना अस्तित्व बचाए हुए हैं।

### भूजल संरक्षण व सांस्कृतिक विरासत दोनों पर संकट

अखण्ड नगर। यह कुएं न केवल धार्मिक महत्व रखते थे, बल्कि लंबे समय तक स्थानीय निवासियों की जल आवश्यकताओं की पूर्ति भी करते रहे। इनके नष्ट होने से न केवल जल संकट को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत भी खतरे में पड़ रही है।

### कागज़ी योजनाओं की पोल खोलती जमीनी हकीकत

अखंड नगर। जल शक्ति अभियान, कैच द रेन, अमृत सरोवर, स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाएं पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण की बात करती हैं। लेकिन जब सरकारी कार्यालय और पर्यटन स्थल खुद उपेक्षा का शिकार हों, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि ये योजनाएं केवल कागजों पर ही सिमटी हुई हैं।

### प्रकरण संज्ञान में जल्द होगी कार्रवाई

अखंड नगर। खंड विकास अधिकारी राधेश्याम ने शनिवार को बताया कि यह बात मेरे संज्ञान में आई है । वीडियो कार्यालय परिसर में स्थित एक पुराना कुआं कचरे से पाठ दिया गया है। जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं स्वयं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रारंभिक जांच के आधार पर जिम्मेदारी तय की जाएगी दोषियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उक्त कुएं की सफाई और पुनरुद्धार की प्रक्रिया जलद प्रारंभ की जाएगी।

# टीवीएस मोपेड की खरीद में 70 हजार की ठगी, दर्ज हुआ मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी मो. साहिद के साथ धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने 8 मई 2025 को लाईनबाजार स्थित श्री शारदा ट्रैक्टर्स पर एक टीसीएस एक्सेल मोपेड खरीदने के लिए 70,000 रुपये नकद भुगतान किया। मौके पर मौजूद टाटा कैपिटल फाइनेंस के कर्मचारी अरविंद सिंह निवासी देनुआ, बदलापुर ने उन्हें वाहन सुपुर्द किया और रसीद भी प्रदान की।

बाद में जब साहिद गाड़ी के कागजात लेने गए तो पता चला कि वाहन फाइनेंस पर खरीदा गया है। जबकि उन्होंने पूरी राशि पहले ही जमा कर दी थी। पीड़ित के अनुसार, अरविंद सिंह ने उन्हें जानबूझकर फर्जी दस्तावेज देकर ठगा। शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच के बाद आज 28 जून को लाइनबाजार थाने में धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) बीएनएसएस के तहत एफआईआर संख्या 0263 दर्ज कर ली है।

मामले की विवेचना का कार्य उपनिरीक्षक अमन दुबे को सौंपा गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है।

# फेसबुक से हुए प्रेम सम्बन्ध को लेकर हुआ बवाल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



क्षेत्र के केशवपुर गांव निवासी एक युवती का एक युवक से फेसबुक के जरिये प्रेम सम्बन्ध हो गया। जो दो वर्ष से चल रहा था। शनिवार को नत्थनपुर बगीचे में दोनो को लड़की के परिजनों ने देख लिया। पहले तो मारपीट और विवाद की नौबत आ गई। फिर बाद में दोनो पक्षों के लोगो के बीच घन्टो देर तक पंचायत हुई। कुछ लोगों ने पुलिस को भी फोन करके सूचना दिया। उसके बाद दोनो ने शहर के परमानतपुर स्थित मैहर माता मंदिर में जाकर शादी कर लिया। केशवपुर गांव निवासी बेबी कुमारी पुत्री अशोक कुमार का वाराणसी के फूलपुर थाना क्षेत्र के बढ़ौना निवासी सूरज कुमार पुत्र रंगू के साथ फेसबुक पर हुआ प्रेम सम्बन्ध काफी आगे बढ़ गया। सूरज अक्सर बेबी के घर के पास आता और उसे अपनी बाइक से बिठाकर घुमाने ले जाता। वह दोनो मोबाइल पर बातें करते रहते थे। सूरज को जब भी मौका मिलता वह बेबी से मिंलने आ जाता। यह बात युवती के परिवार तथा आसपास के लोगों को भी मालूम हो गयी थी। शनिवार को दोनो बेबी के घर से लगभग तीन किमी दूर नत्थनपुर बगीचे में सूरज आया था। वहां बेबी भी पहुंच गयी। बेबी के परिजन मौके पर पहुंच गए। उन लोगों ने लड़के के परिजनों को बुलवाया। वे लोग भी आ गए। घण्टों पंचायत चली। उसके बाद दोनो पक्षों ने रजामंदी से मैहर मंदिर में जाकर शादी कर लिया।

# जौनपुर में दिनदहाड़े छात्रा का अपहरण, बाइक सवार बदमाशों पर आरोप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जलालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर (चक्के) गांव के पास दिनदहाड़े एक छात्रा के अपहरण की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। परिजनों के अनुसार, युवती स्कूल से लौटते समय बाइक सवार बदमाशों द्वारा अगवा कर ली गई।

पीड़ित परिवार ने बताया कि छात्रा जैसे ही स्कूल से पढ़कर घर लौट रही थी, तभी रास्ते में बाइक पर सवार करीब आधा दर्जन बदमाशों ने उसे जबरन पकड़ लिया और चक्के की ओर उसे लेकर भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही परिवार ने तत्काल जलालपुर थाना पुलिस को सूचना दी।

परिजनों ने बेटी की सकुशल बरामदगी के साथ इलाके में चारो तरफ नाकाबंदी कर बदमाशों की गिरफ्तारी की गुहार लगाई है। हलांकि पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# यूटा के शिक्षकों ने विद्यालय मर्जर के विरोध में मंत्री, विधायकों को दिया ज्ञापन



### ज्ञापन देने के समय यह रहे मौजूद

जौनपुर। जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन देते समय शिक्षक नेता चंद्रेश यादव वरिठ उपाध्यक्ष, डॉ.आशीष सिंह जिला कोषाध्यक्ष, प्रमोद शुक्ला, कृष्णा पांडेय, चंचल पाठक, यशवंत सिंह प्रभाकर उपाध्याय, अजय कुमार, डॉ विपिन सिंह, डॉ प्रदीप सिंह, पंकज सिंह, सतीश सिंह, विजय बहादुर यादव, राजेश यादव उपस्थित रहे।

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन यूटा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा पूर्ण निर्धारित कार्यक्रम के अनुक्रम में शनिवार को विद्यालय मर्जर को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया। जिले भर के सैकड़ो शिक्षकों ने अपनी मांगों के समर्थन में एक जुटता दिखाते हुए सरकार की इस नई प्रक्रिया का विरोध भी शुरू कर दिया है।

जिसके अनुपालन में विधायकों के जरिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में सदर विधायक व खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, शाहगंज के विधायक रमेश सिंह, मल्हनी के सपा विधायक लकी यादव, मुंगराबादशाहपुर के विधायक पंकज पटेल से मिले। इस दौरान उन्हें विद्यालय मर्ज होने वाली दिक्कतों से अवगत कराया। बताया कि यदि विद्यालय मर्ज होते हैं, तो ग्रामीण क्षेत्र में गांव और विद्यालय की दूरी बढ़ जाएगी।

जिससे बच्चे विद्यालय नहीं पहुंच पाएंगे और गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे।

जिला मंत्री लक्ष्मी नारायण तिवारी ने बताया विद्यालय में नामांकन कम होने से भविष्य में शिक्षकों के पद कम कर दिए जाएंगे। जिससे आने वाले पढ़े लिखे नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर कम होंगे। इसलिए विद्यालय मर्ज के आदेश पर विचार किया जाए।

# प्रमोद संरक्षक, मनमोहन त्रिपाठी, मालती देवी अध्यक्ष घोषित

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल, राष्ट्रीय महिला परिषद का शनिवार को गठन किया गया। प्रेस क्लब सभागार में राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष मनमोहन त्रिपाठी, अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला संरक्षक प्रमोद पाण्डेय, जिलाध्यक्ष स्नेह कुमार कं संयोजन आयोजित कार्यक्रम में हिन्दू हितों पर चर्चा और मातृ शक्ति के योगदान पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि प्रान्ती महामंत्री चन्द्रेश्वर ने कहा कि मातृ शक्ति के योगदान से ही लक्ष्य साकार होंगे। विशिष्ट अतिथि अनिल, राणा, रंजीत, विशाल आदि ने उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रमोद पाण्डेय को अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद का जिला संरक्षक, स्नेह कुमार जिला अध्यक्ष, रविन्द्र कश्यप, अजय मिश्रा, अजय चौधरी, मोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष, बलराम प्रजापति, इन्द्रपाल प्रजापति, राकेश पाण्डेय जिला मंत्री, वशिष्ठ मुनि महामंत्री, संदीप कुमार, लवकुश यादव, आदित्य चौधरी मीडिया प्रभारी, डा.संजय कुमार विभाग अध्यक्ष घोषित किये गये।

इसी कड़ी में मनमोहन त्रिपाठी राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष, सोनू चौहान, अजय मिश्रा, विनय चौधरी, विजय चौरसिया जिला उपाध्यक्ष, अभिषेक कुमार, विनोद निषाद, अनिल प्रजापति मंत्री और ऊषा किरन राष्ट्रीय महिला परिषद जिलाध्यक्ष, मालती देवी, प्रभावती देवी, चन्द्रावती गौतम जिला उपाध्यक्ष, गीता देवी महामंत्री, फूलमती मूर्ति देवी मंत्री घोषित की गई।

धर्मेन्द्र कन्नौजिया को विधि प्रकोष्ठ का दायित्व सौंपा गया है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# समाजसेवी ने अपने जन्मदिन पर शबरी माता मंदिर के लिए किया भूमि पूजन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



**गौराबादशाहपुर।** मुफ्तीगंज ब्लाक के भदेवरा गांव निवासी समाजसेवी और प्रधान प्रतिनिधि सत्यानंद चौबे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर वनवासी समुदाय की बस्ती में शबरी माता मंदिर बनवाने के लिए भूमि पूजन किया। भदेवरा गांव निवासी सत्यानंद चौबे ने बताया कि हर वर्ष वह अपने जन्मदिन के अवसर पर समाज के शोषित वंचित वर्गों के लिए कुछ न कुछ नया करने का प्रयास करते हैं। इसी क्रम में उन्होंने अपने गांव के और बनवासी समुदाय की श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए शबरी माता मंदिर बनवाने के लिए भूमि पूजन किया है। जल्द ही सामाजिक सहयोग द्वारा उक्त मंदिर का भव्य निर्माण पूर्ण किया जाएगा। इस अवसर पर मंगल मुसहर, बबलू मुसहर, उर्मिला बनवासी, शशिकला बनवासी, प्रमोद सिंह, संजय पाठक, पीयूष सिंह, सतीश चतुर्वेदी, सुरेंद्र सिंह, बबलू चौबे, साहिल चौबे आदि मौजूद रहे। पुरोहित भास्कर पाठक ने भूमि पूजन का कार्य संपन्न कराया।

# अवैध तमंचे और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में युवक संजय प्रजापति पुत्र जय श्री प्रजापति निवासी अरजानीपुर थाना परसरामपुर को चेकिंग के दौरान जीव नारायणपुर के पास से अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में उ0नि0 कुर्बान अली,का0 गोपाल राय का0 शिव यादव कां0 नितेश यादव थाना परसरामपुर जनपद बस्ती शामिल रहे।

# शौच के लिए गई युवती से युवकों ने किया छेड़छाड़

## शोर मचाने पर जुटे ग्रामीणों ने एक को पकड़ा दूसरा फरार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**गौराबादशाहपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार की सुबह शौच के लिए गई युवती को उसी गांव निवासी दूसरे समुदाय के दो युवकों ने पकड़ कर छेड़छाड़ कर दिया। युवती द्वारा शोर मचाने पर पहुंचे लोगों ने एक आरोपी को पकड़ लिया। जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। आरोप है कि अनुसूचित जाति की उक्त युवती रविवार की सुबह शौच के लिए खेतों की तरफ गई थी। तभी वहां दूसरे समुदाय के दो युवक पहुंच गए तथा युवती से छेड़छाड़ करने लगे। घबराई युवती द्वारा शोर मचाने पर पहुंचे लोगों ने भाग रहे आरोपितों में से एक को पकड़ लिया।

जबकि दूसरा आरोपित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पकड़े गए आरोपित को हिरासत में ले लिया। युवती के पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस छानबीन में लगी हुई है। पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध छेड़छाड़ तथा एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गैंगस्टर में वांछित 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले की पुलिस टीम द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत शनिवार को सिकरारा थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में पाबंद 25 हजार के एक इनामी अपराधी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दावा किया कि पूर्व की सपा सरकार में इस अपराधी की तूती बोलती थी। इसका आतंक जिले के आधा दर्जन थाना क्षेत्र में खुलेआम दिखता था। नई उम्र के स्वजातीय लड़कों को अपने गिरोह में शामिल कर उनसे शराब, गांजा, असलहा समेत अन्य समाज विरोधी कार्य यह पैसे लेकर करवाता था। युवकों के रहने, खाने दो पहिया से लेकर चार पहिया लग्जरी वाहनों की सुविधा उपलब्ध कराना इसका शगल था। सिकरारा थाने के प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने बताया कि यूपी गैंगस्टर एक्ट में पाबन्द इस अपराधी की पहचान संगम यादव पुत्र तालुकदार यादव निवासी हुसैनाबाद थाना शाहगंज व हाल पता अंगुली पोखरा थाना खुटहन जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। मुखबिर की सूचना के आधार पर सिकरारा थाना अंतर्गत सई नदी बरगूदर पुल के पास से इसे घेराबंदी करके शनिवार को पकड़ लिया गया। पुलिस टीम वहां से इस थाने ले आई। इसके बाद जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में इसके खिलाफ दर्ज मुकदमों के साथ विधिक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया है। सीओ सदर परमानंद कुशवाहा ने मीडिया को बताया कि पूर्वांचल के इस कुख्यात शराब माफिया के खिलाफ, धोखाधड़ी, हत्या के प्रयास समेत बेहद ही संगीन धाराओं में डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। यूपी गैंगस्टर एक्ट में पाबंद होने के बाद जिले की पुलिस टीम ने इस पर ईनाम घोषित कर दिया। इस कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारी के लिए जिले की एसओजी और आधा दर्जन थानों की पुलिस टीम निरंतर सुरागरसी कर रही थी लेकिन यह अपराधी पुलिस को बेहद ही शातिर अंदाज में चकमा देकर फरार हो जाता था। इस अपराधी के खिलाफ जनपद के आधा दर्जन थानों में डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। सबसे अधिक पांच मुकदमें जिले के खुटहन थाना में अलग-अलग तिथियां में दर्ज हैं। बदलापुर थाना अंतर्गत यूपी गैंगस्टर एक्ट और आबकारी एक्ट में दो मुकदमें दर्ज हैं। थाना लाइन बाजार में मादक पदार्थ शराब ,गांजा के साथ ही जिला कारागार में सरकारी संपत्ति को नुकसान करने का गंभीर धाराओं में तीन अलग अलग मुकदमा दर्ज है। शाहगंज कोतवाली में यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत घर में घुस कर मारने, पीटने, जानलेवा हमला करने के साथ ही जालसाजी का मुकदमा दर्ज है। थाना सरायख्वाजा में एक मुकदमा दर्ज है।

जिले के सिकरारा थाने में यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत नया मुकदमा दर्ज हुआ है।

**जौनपुर। जौनपुर पुलिस के लिए वांटेड बने 25 हजार के इस इनामी अपराधी के ऊपर निम्न गंभीर धाराओं में यह मुकदमें दर्ज हैं। जिसका अपराधिक इतिहास यह है।**

1.मु0अ0स0 71/19 धारा 272, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 60, 60(), 63 आबकारी अधि0 थाना खुटहन जनपद जौनपुर।
2.मु0अ0सं0 72/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खुटहन जनपद जौनपुर।
3.मु0अ0सं0 91/21धारा 504/506 भादवि थाना खुटहन जनपद जौनपुर।
4.मु0अ0सं0 203/19 धारा 272, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 60, 63 आबकारी अधि0 थाना खुटहन जनपद जौनपुर।
5.मु0अ0सं0 248/23 धारा 323, 504, 506 भादवि थाना खुटहन जनपद जौनपुर।
6.मु0अ0सं0 70/20 धारा 3(1) यू0पी0 गैगेस्टर एक्ट थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।
7.मु0अ0सं0 187/19 धारा 272, 273, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 60, 63 आबकारी अधि0 थाना बदलापुर जनपद जौनपुर।
8.मु0अ0सं0 130/25 धारा 191(2)/115(2)/121(1)/132 बीएनएस व व 45 कारागार अधि0 व 3/5 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधि01984 थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर।
9.मु0अ0सं0 365/22 धारा 419, 420, 465, 468 भादवि व 60 आबकारी अधि.थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर।
10.मु0अ0सं0 366/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर ।
11.मु0अ0सं0 94/24 धारा 3(1) यू0पी0 गैगेस्टर एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर ।
12.मु0अ0सं0 316/23 धारा 307, 419, 420, 467, 468 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर ।
13.मु0अ0सं0 75/23 धारा 279, 304 भादवि थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर ।
14.मु0अ0सं0–195/2025 धारा 3(1) गैगैस्टर एक्ट थाना सिकरारा जनपद जौनपुर ।

# मनरेगा में जेसीबी से कराई जा रही थी सड़क पटाई, पूर्व प्रधान की शिकायत पर कार्य रुका



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**टिकैतनगर।** सरयू और घाघरा नदियों के बीच बसा टिकरी गांव एक बार फिर से मनरेगा योजना में अनियमितता को लेकर सुर्खियों में है। ग्राम प्रधान द्वारा बिना स्वीकृति के जेसीबी से सड़क निर्माण कार्य कराए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने बीडीओ शिवजीत ने कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से कार्य को रुकवा दिया है और जांच के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत टिकरी में राजू सिंह के घर से राम बहादुर के घर तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क की पटाई का कार्य चल रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कार्य मनरेगा योजना के तहत दिखाया जा रहा था, लेकिन इसे योजना के नियमों के विरुद्ध जेसीबी मशीन से कराया गया। मनरेगा के तहत मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की शर्त होती है, लेकिन प्रधान ने इस नियम की अवहेलना की। पूर्व प्रधान केशव राम सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बीडीओ से शिकायत की। जांच के दौरान यह सामने आया कि उक्त कार्य के लिए ब्लॉक स्तर से कोई कार्य स्वीकृति जारी नहीं की गई थी। ग्राम प्रधान ने अपनी मर्जी से बिना अनुमति के कार्य शुरू कराया और अधिकांश हिस्सा जेसीबी मशीन से ही पटवा दिया। बीडीओ शिवजीत ने बताया कि, यह कार्य न तो स्वीकृत है और न ही भुगतान योग्य है। इसे श्रमदान के रूप में दर्ज किया जाएगा। सरकारी फंड से किसी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाएगा। मामले की विस्तृत जांच कराई जा रही है। अगर इसमें अन्य गड़बड़ियां पाई गईं तो संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गांव की दुर्गम स्थिति और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण यहां वर्षों से अधिकारी मौके पर निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचते। इस स्थिति का लाभ उठाकर ग्राम प्रधान द्वारा कई विकास कार्य कागजों पर ही दर्शा दिए गए हैं। जैसे- शौचालय निर्माण, नाली निर्माण, चबूतरे, सोलर लाइट, आदि कार्यों का जिक्र तो कागजों में है, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका कोई अस्तित्व नहीं है। ग्रामीणों ने इन फर्जी कार्यों का भुगतान ग्राम प्रधान द्वारा हड़पने का आरोप लगाया है। पूर्व प्रधान केशव राम ने कहा कि, गांव में जितने भी मनरेगा या अन्य योजना के तहत कार्य दिखाए गए हैं, उनमें से अधिकांश या तो अधूरे हैं या कागजों पर ही पूरे कर दिए गए हैं। यह मामला सिर्फ एक सड़क का नहीं है, बल्कि वर्षों से गांव में योजनाओं का दुरुपयोग होता आ रहा है। इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए।

### अधिकारियों की अनुपस्थिति से भ्रष्टाचार को बढ़ावा

टिकरी गांव की भौगोलिक स्थिति काफी विषम है। यह दो नदियों के बीच स्थित है, जहां तक पहुंचने के लिए नाव ही एकमात्र सहारा है। प्रशासनिक अधिकारियों की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर गांव में लंबे समय से योजनाओं का फर्जीवाड़ा होता आ रहा है। अब ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से इस पर आवाज उठाई है और व्यापक जांच की मांग की है। ग्रामीणों की मांग है कि न केवल वर्तमान सड़क कार्य बल्कि पिछले वर्षों में दर्शाए गए सभी कार्यों की जांच किसी उच्च स्तरीय टीम से कराई जाए। साथ ही, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि आगे से योजनाओं का दुरुपयोग न हो सके और वास्तविक लाभार्थियों को ही योजनाओं का लाभ मिल सके।

## स्वतंत्र देव ने किया नहर का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिले के छिबरामऊ के बलदेव नगला गांव में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नहर का लोकार्पण किया। यह नहर डार्क जोन में जल सिंचाई योजना के तहत बनाई गई है। छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय की पहल पर यह परियोजना शुरू की गई है। किसानों के लिए चल रही सरकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि मोदी और योगी सरकार में योजनाओं का लाभ सीधे किसानों तक पहुंच रहा है। उन्होंने लोगों को गाय पालन के लिए भी प्रेरित किया। मंत्री ने भ्रष्टाचार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी काम नहीं करता या भ्रष्टाचार करता है, तो इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की जा सकती है। इटावा कांड पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जातिवाद का जहर घोलना गलत है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार में हो रही भर्तियां निष्पक्ष हैं और पुलिस भर्ती में किसी से पैसा नहीं लिया गया।

## पोल से टकराई तेज रफ्तार बाइक, एक की मौत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



**टिकैतनगर।** टिकैतनगर क्षेत्र में शनिवार को एक तेज रफ्तार बाइक दुर्घटना का शिकार हो गई, जिससे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा टिकैतनगर-भेलसर मार्ग पर स्थित अजईमऊ मोड़ के पास हुआ, जहां बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। जानकारी के अनुसार थाना टिकैतनगर अंतर्गत गौरा ठाकुरान गांव निवासी मालिक राम व उसी गांव का विनय कुमार शनिवार को बाइक से टिकैतनगर बाजार गए थे। दोपहर लगभग दो बजे के आसपास दोनों युवक वापस अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे टिकैतनगर-भेलसर मार्ग पर अजईमऊ मोड़ के पास पहुंचे, उनकी बाइक तेज गति में होने के कारण संतुलन खो बैठी और सीधे विद्युत पोल से जा भिड़ी। इस भीषण टक्कर में बाइक चला रहे मालिक राम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक के पीछे बैठे विनय कुमार को गंभीर चोटें आईं। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी और घायल विनय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकैतनगर पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही टिकैतनगर थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामराज यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया गया तथा उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। हादसे की जानकारी जब मृतक के परिजनों को मिली तो पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मालिक राम की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

कोतवाल रत्नेश पांडे ने बताया कि बाइक सवार युवकों में से एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज गति को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है।

## समाधान दिवस पर आयीं दस शिकायतें, एक निस्तारित

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**जैदपुर।** शनिवार को थाना समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें ग्राम गोठिया में जमीन के कब्जेदारी के मामले को मौके पर सुलझा दिया गया। नायब तहसीलदार प्रिया शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित थाना समाधान दिवस में ग्राम पंचायत बलछत के गांधी ग्राम, हरख व अन्य ग्राम पंचायतों के मामले सामने आए। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह गोठिया गाँव में जमीन कब्जेदारी के मामले को निपटा दिया। मौके पर अतिरिक्त थाना प्रभारी निर्मल सिंह,राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शुक्ला, लेखपाल पंजक कुमार मिश्रा, आलोक कुमार श्रीवास्तव, दरोगा सुरेंद्र सिंह, आलोक सिंह, जयचंद्र सिंह, दरोगा हलीम बाबू,दीवान जलालुद्दीन, सुरेंद्र कुमार वर्मा, सुनील कुमार यादव, सुग्रीव कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

### समाधान दिवस सम्पन्न

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बदोसरांय कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। नायब तहसीलदार दिनेश पांडेय की अध्यक्षता और प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार के संयोजन में यह कार्यक्रम थाना परिसर के आगंतुक कक्ष में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कुल 10 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। दरीगापुर निवासी प्रवेश गौतम ने पैमाइश कराने की मांग की थी, जिसका निस्तारण कर दिया गया। राजा पुर के नवीन कुमार ने अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत दर्ज कराई।नायब तहसीलदार ने सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जय प्रकाश, लक्ष्मीकांत तिवारी, प्रेमचंद्र, राधेश्याम वर्मा, शुभेंद्र अवस्थी, महेंद्र जायसवाल, बृजेश वर्मा, अवधेश शुक्ला, लेखपाल चकबंदी और ग्राम प्रधान निसार मेहंदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बेहद सीख देने वाला और प्रेरणादायक रहा कार्यकाल : डॉ पल्लवी सिंह

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ. पल्लवी सिंह के कांसगंज जनपद स्थानांतरण होने पर संबंधित विभागीय कर्मचारियों और चाइल्ड हेल्पलाइन की पूरी टीम ने शनिवार को भावभीनी विदाई दी। यह कार्यक्रम सिर्फ एक औपचारिक विदाई नहीं था, बल्कि उनके ईमानदार कार्य, जनसेवा और करुणामयी व्यवहार के प्रति उनके सहकर्मियों की कृतज्ञता का प्रतीक बना। जिला प्रोबेशन कार्यालय पर आयोजित समारोह में दौरान उनकी कार्यकुशलता, सौम्यता और व्यक्तित्व की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। सहकर्मियों ने उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं फूलमाला देकर सम्मानपूर्वक विदा किया। जानकारी के मुताबिक, डॉ पल्लवी सिंह ने जुलाई 2021 में जिला मुख्यालय पर जिला प्रोबेशन अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला था। वह अपनी प्रशासनिक दक्षता और निष्ठा के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने बाराबंकी में अपनी सरकारी सेवाकाल की यात्रा को याद किया और कहा कि विभाग में उन्हें भरपूर सहयोग और मार्गदर्शन मिला। बाराबंकी में बिताए लगभग 4 वर्षों का सफर उनके लिए बेहद सीख देने वाला और प्रेरणादायक रहा। डॉ पल्लवी सिंह ने कहा, उनका लगभग चार वर्ष का कार्यकाल बाराबंकी में रहा। यह सम्मान मेरे लिए किसी पद से बड़ा है। बाराबंकी में कार्य करना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में आने का ध्येय ही जनता के लिए काम करना है। इसलिए यह ध्येय हमेशा अपने ध्यान में रखना चाहिए। सभी कर्मचारी अपनी अपनी जिम्मेदारी को बिना किसी लोभलालच के निभाएं। बता दें कि डीपीओ डॉ पल्लवी सिंह हमेशा सरल, विनम्र और जन-संवेदनशील बनी रहीं। डॉ पल्लवी सिंह का भले ही गैर जनपद स्थानंतरण हो गया हो, लेकिन सहकर्मियों के बीच उनकी जगह बनी रहेगी। यह विदाई नहीं, उनके कर्तव्य, करुणा और कर्म की सच्ची वंदना थी। इस मौके पर कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर बाल संरक्षण अधिकारी हरीश मोहन पाण्डेय, आभा, प्रियंका आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रियांशु और हर्ष का हुआ नीट में चयन





जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**जैदपुर।** नीट (यू.जी.) 2025 में श्री साईं इण्टर कालेज जैदपुर का दूसरा छात्र हर्ष आनन्द चयनित हुआ है। ऑल इंडिया रैंक 9041 इसी कालेज की दूसरी छात्रा प्रियांशु वर्मा चयनित हुई थी। श्री साईं इंटर कॉलेज जैदपुर के दो छात्रों के चयन होने से शिक्षा के एतबार से अच्छा माहौल क्षेत्र में दिया। इस कालेज के छात्र देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में चयनित होने पर प्रबन्धक डीके वर्मा कहते हैं की मेरा छोटा सा जवाब है क्वालिटी एजुकेशन और नीट फाउंडेशन की नियमित पढ़ाई के साथ पैटर्न प्रूफ टेस्ट कराया जाता है। चयनित सभी छात्रों को जल्द ही पुरस्कृत किया जाएगा।

## समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने फरियादियों की भूमि संबंधी शिकायतों को सुना और उनके तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस बल को विवादित स्थलों पर भेजकर मौके पर ही समस्याओं को हल करने को कहा।

समाधान दिवस में कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सभी भूमि विवाद से संबंधित थे। उन्नाव निवासी अशोक गुप्ता ने शिकायत की कि उनकी जमीन पर तहसील प्रशासन ने दो बार मेढ़ लगवाई, लेकिन हर बार दबंग लोग उसे तोड़ देते हैं। डीएम ने कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार को विपक्षियों पर कार्रवाई करने और मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त पूर्व सभासद सुशील कुमार ने नगर के वार्ड नंबर एक में जमीन पर जबरन कब्जे की शिकायत की। चौकी इंचार्ज मुकुल दुबे को इस पर तुरंत रोक लगाने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अन्य मामलों में भी पुलिस को भेजकर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान उपजिलाधिकारी हसनगंज प्रज्ञा पाण्डेय, तहसीलदार प्रीति सिंह सहित कोतवाली का स्टाफ मौजूद रहा।

## डेढ़ माह से लापता चांद बाबू, दर-दर भटक रही है मां

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**जैदपुर।** चार बेटियों में इकलौते बेटे के गुमशुदा होने के बाद से बदहवास माँ दर दर भटक रही है। और अपने बेटे को तलाश करने के लिए हर जगह जारही है। लेकिन कोई पता नही चल रहा है। जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इंधौलिया निवासी सरवर की चार बेटियां में चांदबाबू इकलौता है। जो 6 मई को घर से बाहर गया तब से आजतक लौटकर वापस नही आया है। इकलौते बेटे चांदबाबू (18) की मां रिहाना बानों तलाश करने के लिए इधर उधर भटक रही है। शनिवार को भी जैदपुर थाने में बेटे के बारे में कुछ पता चलने के लिए पुलिस वालों से पूछ रही थी। बेटे के खोने का गम मां के चेहरे पार साफ दिखाई दे रहा था। डेढ़ माह होने वाले हैं लेकिन चांदबाबू के बारे में कोई पता नही चल पारहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया की लापता युवक कुछ मनबुद्धि का है। जिसके लिए पुलिस भी अपने एतबार से पता करने का प्रयास कर रही है।

# मासूम के साथ हैवानियत, आरोपी मुठभेड़ में घायल पुलिस अधीक्षक ने दिये थे कड़ी कार्यवाही के निर्देश

- मासूम से हैवानियत- चचेरे भाई ने की दरिंदगी, हत्या कर शव नहर में फेंका
- नहर से झाड़ियों में फंसा मिला शव 19 घंटे बाद मुठभेड़ में पकड़ा गया आरोपी

जन एक्सप्रेस। उन्नाव







उन्नाव/औरास। उन्नाव जलिे के औरास थाना क्षेत्र से एक दिल को झकझोर देने वाली वारदात सामने आई है। गुरुवार रात लापता हुई छह वर्षीय बच्ची का शव शुक्रवार दोपहर नहर की पुलिया के पास अर्द्धनग्न हालत में मिला जिससे पूरे गांव में मातम और गुस्से की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों के आक्रोश के बीच जब शव को सीएचसी पहुंचाया गया, तो दादी बेहोश हो गईं और पिता बेटी के शव से लिपटकर रो पड़े। शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे जब अचानक पुलिया से बहकर एक बच्ची का शव झाड़ियों में फंसा दिखा तो लोगों की भीड़ लग गई। बच्ची की पहचान जैसे ही हुई, गांव में कोहराम मच गया। शव के शरीर पर केवल सफेद बनियान थी। अंडरवियर और प्लाज़ो गायब था। होंठ और गाल पर चोट के निशान मिले जानकारी के अनुसार बच्ची को वीडियो दिखाता था आरोपी पुलिस ने घटनास्थल के आसपास बाग में रखवाली करने वाले 8 लोगों को उठाकर पूछताछ शुरू की। एक युवक पर पहले से शक था वह बच्ची को अक्सर फोन पर वीडियो दिखाता था और लापता होने के वक्त भी बाग में मौजूद था। इसी दौरान बच्ची के बाबा ने खुलासा किया कि उनका ही पौत्र यानी मृतका का चचेरा भाई भी गायब है। माइनर से मिले कपड़े, नशे में किया था दुष्कर्म पूछताछ में एक आरोपी के भाई ने बताया कि शुक्रवार शाम को वह अपने भाई को बच्ची के साथ देख चुका था। एसपी दीपक भूकर ने तत्काल दबिश के आदेश दिए। आरोपी शाहपुर तोंदा गांव में जनसेवा केंद्र चलाता है। शुक्रवार रात करीब 9 बजे मैनीभावा खेड़ा गांव के पास मुठभेड़ में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसे पुलिस की गोली बाएं पैर में लगी।आरोपी ने कुबूल किया गुनाह एसपी ने बताया कि आरोपी ने कबूला कि नशे की हालत में बच्ची से दुष्कर्म किया।जब बच्ची लहूलुहान होकर बेहोश हो गई, तो करतूत उजागर होने के डर से उसने गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया। कपड़े भी पानी में बहा दिए।पुलिस ने नहर का पानी बंद करवा कर कपड़ों की तलाश शुरू की। आरोपी के कपड़ों पर खून लगा था, जिसे उसने धो दिया था। फॉरेंसिक टीम ने कपड़ों से साक्ष्य जुटा लिए हैं।गांव में मातम और गुस्सा बेटी का शव देखकर मां चीख पड़ी उसने लाल फ्रॉक पहना था, पर अब सिर्फ बनियान थी।बच्ची आंगनबाड़ी में पढ़ती थी और बाबा को पानी देने निकली थी।

उस पर क्या बीती, यह जानकर गांववालों की आंखों में खून उतर आया है पुलिस में आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारियों से अभद्रता, सभासद पति और पुत्र पर लगा आरोप

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। नगर पंचायत कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने वार्ड नंबर 5 की महिला सभासद के पति और पुत्र पर गाली-गलौज और पैसे मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। कर्मचारियों ने अजगैन कोतवाली में इस संबंध में लिखित शिकायत दी। नगर पंचायत कर्मचारी तुफैल अहमद, संजीव मिश्रा और शिवा दीक्षित द्वारा कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि सभासद पति थानेदार और पुत्र सचिन अकसर कार्यालय आकर पैसों की मांग करते हैं और अभद्रता करते हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि शुक्रवार की शाम को भी उन्होंने पैसों की मांग की। जब कर्मचारियों ने असमर्थता जताई, तो उनके साथ जमकर गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। कर्मचारियों का यह भी आरोप है कि उन्हें सरकारी कार्य करने से रोका गया। सभासद पति थानेदार ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि पैसे मांगने और गाली-गलौज का आरोप गलत है। उन्होंने बताया कि वे वार्ड में सफाई न होने की शिकायत करने गए थे और इसी को लेकर कहासुनी हुई थी। इस मामले पर नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी का कहना है कि कुछ कहासुनी हुई है और दोनों पक्षों को समझाया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मामला सुलझ जाएगा और इसे कुछ गलतफहमी बताया। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि उन्हें प्रार्थना पत्र मिला है और मामले की जांच की जा रही है।

### पुरवा विधानसभा में पंचायत उत्सव भवन निर्माण कराए जाने के लिये भूमि चिन्हित की गई

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। शनिवार को सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा में पंचायत उत्सव भवन निर्माण कराए जाने के निर्देश के बाद तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत दरेहटा में तहसील प्रशासन ने भूमि संख्या 27 ख रकबा 0.161हेक्टेयर व भूमि संख्या 32 ख रकबा 0.139 हेक्टेयर कुल रकबा 0.300 हेक्टेयर (3000) वर्ग मीटर का प्रस्ताव भूमि प्रबंधन समिति द्वारा पास किया गया है।उक्त भूमि पर पंचायत उत्सव भवन के नाम दर्ज किए जाने व पत्रावली अनुमोदन किए जाने को लेकर तहसील प्रशासन ने जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी है।एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देश के क्रम में विधानसभा के गांव दरेहटा में पंचायत उत्सव भवन के लिए भूमि का चयन किया गया है।जिसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी गई है।

## नई सड़क की जर्जर हालत देख मंत्री ने जताई नाराज़गी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

सदर विधायक व समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने शनिवार को वछज्जापुर से मीरपुर के बीच नव निर्मित सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मंत्री ने पाया कि नव निर्मित सड़क का एक भाग उखड रहा है जिससे सड़क जर्जर एव काफ़ी पहले की बनी हुई लग रही है। नई सड़क को ऐसी हालत में देख मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से नाराज़गी जताते हुए ख़राब बनी सड़क का पुनः निर्माण एक सप्ताह के भीतर करवाने का निर्देश दिया। मंत्री ने सख्त लहजे और कठोर शब्दों में अधिकारियों और ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कहा कि एक सप्ताह में सड़क का निर्माण पुनः नहीं हुआ तो सख्त कार्यवाही होगी।

पानी की टंकी का किया निरीक्षण

इसके अतिरिक्त सदर विधायक व मंत्री असीम अरुण ने मीरपुर में नवनिर्मित पानी की टंकी का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बातचीत की। मंत्री ने इस मौके पर कहा कि टंकी के निर्माण से न सिर्फ साफ जल मिलेगा बल्कि जलजनित बीमारियों से भी मुक्ति मिलेगी।

ग्रामीणों ने बताया कि पानी की टंकी बन जाने से सभी को काफी सहूलियत मिली है। इधर उधर से पानी न भरने से काफ़ी समय बच जाता है.टंकी से दिन में दो-दो बार पानी की आपूर्ति की जाती है. इस मौके पर ग्रामीणों ने सदर विधायक व प्रदेश सरकार का आभार जताया।

# सर्वाधिक कर चुकाने वाले जिले के व्यापारी भामाशाह सम्मानित

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री, (स्व0प्र0) असीम अरुण एवं विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत तथा जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने संयुक्त रूप से दानवीर भामाशाह की जयंती की पूर्व संध्या पर कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में दीप प्रज्जवलित कर तथा भामाशाह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया तथा सर्वोच्च राजस्व कर देने वाले जनपद के एम0एल0 मोटर्स, मिश्रा आटो मोबाइल्स, मेसर्स गुलाब एण्ड कम्पनी, मेसर्स श्री नाथ जी कन्ट्रक्शन एवं प्रिस्टाइन परफ्यूम के व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि टैक्स अदा कर रहे लोग देश के विकास के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं। दानवीर भामाशाह भारतीय इतिहास के ऐसे प्रेरणास्त्रोत हैं, जिन्होंने राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि मानते हुए अपनी सम्पूर्ण संपत्ति मातृभूमि के लिए समर्पित कर दी थी। आज भी उनका जीवन प्रत्येक व्यापारी, उद्योगपति और नागरिक के लिए आदर्श है। हम सबको भामाशाह के आदर्शों को अपने जीवन में उतारते हुए देश और समाज के विकास में सक्रिय योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का व्यापारी वर्ग केवल लाभ कमाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों में भी योगदान दे रहे है। ईमानदारी से कर देने वाले व्यापारी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। ऐसे व्यापारियों को पहचानना और सम्मानित करना सरकार की प्राथमिकता में है, जिससे अन्य उद्यमी भी प्रोत्साहित हों और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होनें कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अन्तर्गत लगभग 750 नये युवाओं को स्वयं का रोजगार खड़ा करने के लिये ब्याजमुक्त ऋण दिया गया है। ऐसे युवा उद्यमियों को आगे ले जाने हेतु सहयोग करें। विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने कहा कि देश के विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के विकास के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। आज देश की अर्थव्यवस्था विश्व की चौथी हो गई है, जल्द ही देश की अर्थ व्यवस्था तीसरी होगी और हम सभी लोग विकसित भारत की ओर अग्रसर होगें। कहा कि राज्य और देश की प्रगति में ईमानदारी से कर चुकाने वाले व्यापारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भामाशाह सम्मान ऐसे ही कर्मठ और राष्ट्रभक्त व्यापारियों के सम्मान का प्रतीक है, जो न केवल व्यापार में पारदर्शिता रखते हैं बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी रहते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों द्वारा दिया गया कर न केवल राष्ट्र की आर्थिक रीढ़ को मजबूत करता है, बल्कि यह विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में भी अहम भूमिका निभाता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने आये हुये अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, महामंत्री शैलेन्द्र द्विवेदी, आदि संबंधित अधिकारी एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी ने स्पेस मिशन पर गए शुभांशु से बात की

## भारतीय एस्ट्रोनॉट बोले, अंतरिक्ष से भारत भव्य दिखता है, रोज 16 सूर्योदय, 16 सूर्यास्त देखते हैं

■ दोनों के बीच 18 मिनट 25 सेकेंड बातचीत हुई। शुभांशु ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा, अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्सियम मिशन 4 पर गए भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला से वीडियो कॉल पर बातचीत की। प्राइम मिनिस्टर ऑफिस ने शनिवार शाम 5.49 बजे इस बातचीत का वीडियो जारी किया। दोनों के बीच 18 मिनट 25 सेकेंड बातचीत हुई। शुभांशु ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा- अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। हम दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा कि हां साथियों के साथ बैठकर खाया। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु दो दिन पहले 26 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे हैं। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं। वे एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। ये मिशन तकनीकी खराबी और मौसमी दिक्कतों के कारण 6 बार टाला गया था।




### प्रधानमंत्री मोदी की शुभांशु शुक्ला से पूरी बातचीत...

- **प्रधानमंत्री**- आज आप हमारी मातृभूमि से दूर हैं, लेकिन आप भारतीयों के दिलों के सबसे करीब हैं। आपके नाम में भी शुभ है और आपकी यात्रा नए युग का शुभारंभ भी है। इस समय सिर्फ हम दोनों ही बात कर रहे हैं, लेकिन 140 करोड़ भारतीयों की भावनाएं भी मेरे साथ हैं। मेरी आवाज में सभी भारतीयों का उत्साह और उमंग है। मैं आपको अंतरिक्ष में हमारा झंडा फहराने के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। क्या वहां सब ठीक है? क्या आप ठीक हैं?
- **शुभांशु**- पीएम मोदी आपकी और 140 करोड़ भारतीयों की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। मैं यहां ठीक और सुरक्षित हूं। मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, यह एक नया अनुभव है। यह यात्रा सिर्फ मेरी नहीं बल्कि पूरे देश की यात्रा है। आपके नेतृत्व में आज का भारत अपने सपनों को पूरा करने के लिए कई मौके देता है। मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।
- **प्रधानमंत्री**- आप जो गाजर का हलवा ले गए हैं, क्या उसे अपने साथियों को खिलाया है?
- **शुभांशु**- हां, मैं गाजर का हलवा, मूंग दाल का हलवा और आम रस लाया। मैं चाहता था कि दूसरे देशों से मेरे साथ आए सभी लोग समृद्ध भारतीय पाककला का आनंद लें। हम सभी ने इसे एक साथ खाया और सभी को यह पसंद आया।
- **प्रधानमंत्री**- आपको पृथ्वी माता की परिक्रमा का मौका मिला है, आप अभी कहां हैं?
- **शुभांशु**- हम 16 बार परिक्रमा करते हैं, 16 सनराइज और 16 सनसेट देखते हैं। 28 हजार किमी/घंटे की रफ्तार से चलते हैं। यह गति दिखाती है कि हमारा देश कितनी गति से आगे चल रहा है।
- **प्रधानमंत्री**- अंतरिक्ष की विशालता देखकर सबसे पहला ख्याल क्या आया?
- **शुभांशु**- पहला व्यू पृथ्वी का था। इसे देखकर पहला ख्याल ये आया कि पृथ्वी एक जैसी है। बाहर से सीमा रेखा, कोई बॉर्डर नहीं दिखता। भारत को देखा तो वो बहुत भव्य और बड़ा दिखता है। अनेकता में एकता दिखती है पृथ्वी की। पृथ्वी हमारा घर है और हम सब एक हैं।
- **प्रधानमंत्री**- आप वास्तविक स्थिति में हैं, वहां की परिस्थितियां कितनी अलग हैं?
- **शुभांशु**- जब पहली बार हम लोग ऑर्बिट में पहुंचे तो पहला व्यू पृथ्वी का था। जब अंतरिक्ष से भारत को देखा तो पता लगा कि जो हम मैप में अपने देश को देखते हैं, वो उतना नहीं है, लेकिन भारत सच में बहुत भव्य और बड़ा दिखता है, जितना हम मैप पर देखते हैं, उससे कहीं ज्यादा हमें यहां से महसूस होता है कि कोई बॉर्डर नहीं है, कोई देश नहीं है। हम सब इंसानियत का हिस्सा हैं। आपसे बात करते वक्त मैंने अपने पैर बांध रखे हैं क्योंकि यहां जीरो ग्रेविटी है, ऐसा नहीं करूंगा तो उड़ने लगूंगा। यहां सोना बहुत बड़ी चुनौती है।

## एअर इंडिया ने 4 कर्मचारियों से इस्तीफा मांगा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

एअर इंडिया ने अपने ग्राउंड हैंडलिंग वेंचर AISATS के 4 कर्मचारियों को इस्तीफा देने के लिए कहा है। ये कार्रवाई इनकी एक पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद की गई। इन कर्मचारियों ने अहमदाबाद प्लेन हादसे के 8 दिन बाद यह पार्टी की थी। एअर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, अहमदाबाद प्लेन हादसे की दुखद घटना से प्रभावित परिवारों के साथ हम पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। वायरल वीडियो में कर्मचारियों का व्यवहार है, यह हमारी कंपनी की पॉलिसी के खिलाफ है। हमने जिम्मेदार लोगों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि एअर इंडिया के स्टाफ ने 20 जून को AISATS के गुरुग्राम ऑफिस में पार्टी की थी। ये खबर वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने इन कर्मचारियों को निंदा की। कहा कि एअर इंडिया के प्लेन क्रैश के बाद कोई जश्न कैसे मना सकता है। यूजर एअर इंडिया की संवेदनशीलता पर सवाल उठा रहे थे। इस दौरान एयरलाइन को ट्रोल भी किया गया। अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। डीजीसीए ने 21 जून को एअर इंडिया को 3 अफसरों को हटाने का आदेश दिया था।

### संघर्ष से सफलता की कहानी

# जुनून, जज़्बा और जीत की मिसाल
# एक्शन हीरो गुलाब सलाट

**जन एक्सप्रेस। विशेष रिपोर्ट**

जब हौसले बुलंद हों और इरादे मजबूत, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं होती– यह कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है एक्शन एक्टर गुलाब सलाट की जिंदगी पर। गुजरात के छोटे से जिले आणंद में एक बेहद गरीब परिवार में जन्मे गुलाब सलाट का सपना था एक बड़ा एक्शन हीरो बनना। लेकिन उनके लिए यह सपना देखना जितना साहसिक था, उसे पूरा करना उससे कहीं ज्यादा कठिन। बचपन से ही संघर्षों से जूझते हुए उन्होंने कभी हार नहीं मानी।




"मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। अगर सपनों के पीछे सच्चाई और संघर्ष हो, तो कामयाबी एक दिन आपके कदम चूमती है।"
– गुलाब सलाट

### मेहनत से तराशा हुनर

गुलाब ने एक्शन की बारीकियाँ सीखने के लिए हैदराबाद का रुख किया। उन्होंने 5 साल तक कड़ी मेहनत कर मार्शल आर्ट और स्टंट की ट्रेनिंग ली, जिसका खर्च उन्होंने खुद उठाया – कभी मजदूरी कर, कभी छोटे-मोटे काम कर। हर महीने 15,000 रुपये सिर्फ ट्रेनिंग पर खर्च होते थे। यह सब करते हुए भी उनका मनोबल कभी नहीं टूटा।

### परिवार की जिम्मेदारियाँ, फिर भी नहीं रुके

ट्रेनिंग के दौरान गुलाब को निजी जीवन में कई झटके लगे। उनके पिता और भाई का निधन हो गया। घर की पूरी जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। आर्थिक संकट गहराने लगे, लेकिन उन्होंने अपने सपनों को नहीं छोड़ा। अपने संघर्षों से लड़ते हुए वे मुंबई पहुँचे, जहाँ उनके करियर की असली परीक्षा शुरू हुई।

### ऑडिशन, अस्वीकृति और फिर सफलता

मुंबई में शुरुआत आसान नहीं थी। उन्होंने कई ऑडिशन दिए, अस्वीकृतियाँ झेलीं, लेकिन फिर एक दिन किस्मत ने करवट ली। जय श्रीराम और जय बजरंगबली जैसी धार्मिक सीरियल्स में उन्हें काम मिला। इसके बाद उन्हें गदर 2 और रॉकी हैंडसम जैसी फिल्मों में एक्शन रोल करने का मौका मिला।

### सोशल मीडिया बना ताकत

गुलाब सलाट ने अपने एक्शन वीडियो सोशल मीडिया पर डाले, जिन्हें लाखों लोगों ने देखा और सराहा। इससे उन्हें पहचान मिली और कई एक्शन अवॉर्ड्स भी।

### प्रेरणा का स्रोत

गुलाब सलाट आज उन युवाओं के लिए मिसाल हैं, जो संसाधनों के अभाव में अपने सपनों से समझौता कर बैठते हैं। उनका सफर बताता है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी मुश्किल हों, अगर इरादे मजबूत हों तो सफलता जरूर मिलती है।

# देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंग




■ बिहार की 42 नगर पालिकाओं के चुनाव के लिए मतदान खत्म, कुल 62.41 फीसदी वोटिंग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना**

देश में पहली बार मोबाइल एप से वोटिंग हुई। शनिवार को बिहार के 26 जिलों की 42 नगर पालिकाओं के उपचुनाव हुए। कुल 62.41 फीसदी वोटिंग हुई। इसमें छह नगर पालिकाओं में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ई-वोटिंग हुई। ई वोटिंग, बूथ वोटिंग से 16 फीसदी अधिक दर्ज हुई। ई वोटिंग का प्रतिशत 70.20 रहा। वहीं बूथ वोटिंग 54 फीसदी दर्ज की गई है। यह प्रोजेक्ट वोटिंग सेंटर्स तक पहुंचने में असमर्थ लोगों को आसानी से वोटिंग कराने के लिए किया गया है। वोटिंग के लिए दो एप लॉन्च किए गए। यह सुविधा लेने के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराना था। चुनाव आयोग के अनुसार ई-वोटिंग के लिए 50 हजार से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक ई-वोटिंग हुई। दुबई, कतर जैसे देशों में रह रहे प्रवासी बिहारियों ने भी एप के जरिए वोटिंग की। मोतिहारी की विभा ने एप से पहला वोट डाला, जिससे वह देश की पहली ई-वोटर बन गई हैं।

### पटना की खुसरूपुर नगर पंचायत में 1 बजे तक 42.60 प्रतिशत वोटिंग हुई

पटना जिले के बिक्रम और नौबतपुर नगर पंचायत में शनिवार की सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी है। खुसरूपुर नगर पंचायत में 1 बजे तक 42.60 प्रतिशत वोटिंग हुई है। मतदान करने पहुंची मालती देवी ने कहा, बूथ पर आई तो पता चला कि मेरा वोट पड़ चुका है। मुझे स्याही लगा कर वापस भेज दिया गया है। मेरे पास कोई स्मार्टफोन नहीं है। अकेले रहती हूं। इसके बावजूद वोट दूसरा कैसे दे सकता है। वहीं, इस मामले पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार को दी गई है। इसकी जांच जारी है।

### ई वोटिंग के जरिए दुबई, कतर से भी मतदान

बुजुर्ग, दिव्यांग, असाध्य रोग से पीड़ित या प्रवासी मतदाता ई वोटिंग कर सकते हैं। इसके लिए 22 जून तक रजिस्ट्रेशन कराने का अंतिम तारीख थी। जिन्होंने रजिस्ट्रेशन किया है सिर्फ वहीं मतदान कर सकते है।

### 136 सीटों के लिए वोटिंग हो रही है

- बिहार में आज 6 नगर निकाय की 136 सीटों के लिए वोटिंग हो रही है। इसमें 3 नगर निकायों का कार्यकाल पूरा होने पर मतदान हो रहा है। जबकि बाकी जगह पर उपचुनाव हो रहा है।
- पटना जिले में तीन नगर पंचायत नौबतपुर, बिक्रम, खुसरुपुर में कार्यकाल पूरा हुआ है। तीनों में चुनाव हो रहा है।
- नौबतपुर में 17 पदों के लिए वोटिंग हो रही है। जिसमें 15 वार्ड पार्षद, एक मुख्य पार्षद, एक उप मुख्य पार्षद है।
- बिक्रम में 16 सीटों के लिए मतदान हो रहा है, जिसमें 14 वार्ड पार्षद, एक मुख्य पार्षद और एक उप मुख्य पार्षद हैं।
- खुसरूपुर में 10 वार्ड हैं, जिनके लिए चुनाव हो रहा है। इसमें 10 पार्षद, एक मुख्य पार्षद के पद हैं।
- खुसरूपुर नगर पंचायत चुनाव में शाम 5 बजे तक 68.26 प्रतिशत वोटिंग
- पटना के खुसरूपुर में शाम 5 बजे तक ईबीएम से कुल 68.26 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है।
- बिक्रम और नौबतपुर नगर पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।
- नौबतपुर नगर पंचायत में लगभग 60 प्रतिशत मतदान हुआ।

## कोलकाता गैंगरेप केस: मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता के लॉ कालेज में गैंगरेप की पीड़ित छात्रा की मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हो गई है। मेडिकल जांच कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में की गई थी। कस्बा पुलिस के अधिकारी के मुताबिक पीड़ित के साथ जबरदस्ती करने, शरीर पर काटने और नाखून से खरोंचने के निशान मिले हैं। उससे मारपीट की भी पुष्टि हुई है। गैंगरेप केस के तीनों आरोपियों को कोर्ट ने शुक्रवार को 1 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस ने 26 जून को 2 आरोपियों और तीसरे आरोपी को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार किया था। वहीं लॉ कॉलेज के गार्ड पिनाकी बनर्जी (55) को भी शनिवार को अरेस्ट कर लिया गया। ञ्जस्ष्ट सांसद कल्याण बनर्जी ने घटना को लेकर विवादित बयान दिया। बनर्जी ने कहा- अगर कोई दोस्त अपने दोस्त के साथ बलात्कार करता है तो क्या किया जा सकता है। घटना 25 जून को हुई थी, वारदात कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर के गार्ड रूम में हुई थी। आरोपियों में मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) शामिल हैं। मनोजीत मुख्य आरोपी है और कॉलेज का पूर्व छात्र है। जबकि जैब और प्रमित कॉलेज के छात्र हैं। भाजपा लगातार मामले को लेकर राज्य सरकार पर हमलावर है। इस बीच भाजपा ने चार सदस्यीय जांच समिति बनाई है।

# दुबई-जयपुर फ्लाइट में एयर होस्टेस से छेड़छाड़

■ गलत तरीके से छुआ, विमान में शराब पी रहे पैसेंजर को महिला क्रू मेंबर ने रोका था

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर**

दुबई से जयपुर आ रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में महिला क्रू मेंबर (एयर होस्टेस) के साथ पैसेंजर ने छेड़खानी की। उसने एयर होस्टेस को गलत तरीके से टच किया। आरोप है कि पैसेंजर पाबंदी के बावजूद फ्लाइट में शराब पी रहा था। उसे रोका गया तो हंगामा करने लगा। पूरी यात्रा के दौरान कई बार उसने एयर होस्टेस के साथ बदतमीजी की। जयपुर एयरपोर्ट पर फ्लाइट के पहुंचने के बाद क्रू मेंबर ने छ्ठ्ठस्स्न जवानों को बुलाया। छ्ठ्ठस्स्न ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। एअर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन की ओर से जयपुर एयरपोर्ट थाने में एयर होस्टेस के साथ छेड़खानी की शिकायत दी गई है।

### क्रू मेंबर ने बड़ी मुश्किल से ग्लास लिया

शुक्रवार की रात 12:45 पर फ्लाइट ढ्ढ्न-196 दुबई से जयपुर के लिए रवाना हुई थी। रात 2:40 बजे फ्लाइट जयपुर पहुंची थी। आरोप है कि 15-बी सीट पर पैसेंजर (युवक) शराब पी रहा था। उससे एयर होस्टेस ने पूछा- यह क्या कर रहे हैं? युवक ने जवाब दिया- संतरे का जूस पी रहा हूं। एयर होस्टेस ने कहा कि यह जूस नहीं शराब है। इसे युवक ने दुबई ड्यूटी फ्री (शॉप) से खरीदा था। स्टाफ ने फ्लाइट में शराब पीने से मना किया। पैसेंजर से ग्लास देने के लिए कहा। वह बहस करने लगा। एयर होस्टेस ने अन्य क्रू मेंबर की मदद से ग्लास ले लिया। इसके बाद पैसेंजर ने नशे में हंगामा करना शुरू कर दिया।

### पूरी उड़ान के दौरान परेशान किया

रिपोर्ट के अनुसार, थोड़ी देर बाद नशे में पैसेंजर शराब का ग्लास मांगने के लिए केबिन की ओर आ गया। आरोप है कि युवक ने एयर होस्टेस के करीब आने की कोशिश की। स्टाफ ने ग्लास देने से साफ मना कर दिया। इसके कुछ देर बाद वह अपनी सीट के पास पहुंच गया। उड़ान के दौरान जब एयर होस्टेस पैसेंजर की सीट के नजदीक पहुंची, तब उसकी पीठ पैसेंजर की तरफ थी। पैसेंजर ने गलत तरीके से टच किया। वह पूरी उड़ान के दौरान परेशान करता रहा। लैंडिंग के बाद भी उसने अपनी गलती नहीं मानी।

### शिकायत की सूचना पर माफी मांगने लगा

पीड़ित स्टाफ ने बताया कि जब आरोपी पैसेंजर को लगा कि अब ये लोग शिकायत करने की तैयारी कर रहे हैं, तब माफी मांगने लगा। फ्लाइट के जयपुर पहुंचने के बाद उसने अपना बोर्डिंग पास देने से इनकार कर दिया। बोर्डिंग पास को अपने पासपोर्ट में रख लिया और हमें परेशान करने लगा। इस दौरान सीआईएसएफ के जवानों को बुलाकर युवक को काबू किया गया। एयरपोर्ट थानाधिकारी संदीप बसेरा ने बताया कि दुबई से जयपुर आ रही फ्लाइट में दिनेश नाम के पैसेंजर ने एयर होस्टेस के साथ बदतमीजी की है। इसकी शिकायत विमान कंपनी ने थाने में दी है। मामले की जांच की जा रही है।

### प्रेम से...जी-भर के.....!

देखो तो....!
बाजार अवध का ज़नाब....
आम के दाम गिरे हुए हैं धड़ाम...
फलों का राजा आम.....!
हो गया है आज यहाँ बेहद आम....
बीते दिनों दशहरी ने....!
कुछ हाथ-पाँव थे पसारे....
पर जल्द ही....हो गया वह यहाँ
बेचारा..
लंगड़ा तो तेज़ी से यहाँ....!
सरपट दौड़ रहा है प्यारे.....
सच मानिए तो लोगों में....!
झूठ के लिए बदनाम हो गया है...
चौसा को चूसने की.....!
कवायद अभी जारी है....
मिठाई का यहाँ तो....इस समय....
काम तमाम सा हो गया है....
आम के लिए यहाँ....!
कहीं दिखती ही नहीं मारा-मारी,
हर किसी का झोला....!
हुआ है यहाँ आम से ही भारी...
यदि कहीं रिश्तेदारियों में प्रेम बश....
पहुँच गया लखनऊ का आम....तो...
लोग दिखाते हैं अजीब सी लाचारी...
देखो तो प्यारे....यहाँ गाँव में भी....!
आज आम को....कोई पालता नहीं....
भूल कर भी....अब इसे....
भूसे में कोई डालता नहीं....
सड़कों पर बिखेर दिए हैं,
बड़े व्यापारियों ने आम.....
कहते हैं....सुन लो ज़नाब....
मिल नहीं रहे हैं अच्छे से इनके
दाम..दाल से तो कब का हुआ दूर था
चटनी से भी होती नहीं है....!
अब....आम भाई की राम-राम....
कुछ इस तरह की तौहीनियों से....!
जूझ रहा आज यहाँ आम है...और...
घूम-घूम के कह रहा है कि....!
फालतू में ही मेरा बड़ा नाम है....
इसके उलट प्यारे...गौरतलब है कि..
यहाँ खुश भी दिख रहा आम है...
क्योंकि...आम के लिए आज...!
यहाँ कोई नहीं मोहताज़ है....
एक बात और जो उसे है मालूम
कि....जानते सभी हैं यहाँ
कि....राजा की पहुँच तो....!
आम-जन तक होनी ही चाहिए....
परेशानियाँ कुछ भी हों.....!
मज़बूती से....सामना उसका....
करना ही चाहिए....
इसी लिए कह रहा हूँ पाठकों....
इसे आप फलराज की....!
तौहीनी या बेचारगी न मानिए....
सुलभ है जो यहाँ आम आज
आम आदमी के लिए....
बस इसकी मिठास का....!
आप सभी आनन्द लीजिए....
कोसिए न इस आम को....
बस भूल जाइए कुछ दिनों के लिए
आप शाम के जाम को....क्योंकि...
हो न हो दिन कभी ऐसा आ जाये....
कि....तरस जाएं आप सभी.....!
चूसने को आम को...
सलाह एक नेक मेरी मानिए
सरकार, दुत्कारिये नहीं इस प्यारे
आम को.... बाल्टी में
भिगोकर...सुबह-शाम...!
प्रेम से....जी-भर के....
चूसिये या खाइये आम को....

**रचनाकार.....**
जितेन्द्र कुमार दुबे
अपर पुलिस उपायुक्त, लखनऊ

Maa Sharda Mahavidyalaya
Suithakalan, Shahganj, Jaunpur
REQUIRED
for D.El.Ed.(BTC) Course
PRINCIPAL-01
LECTURER
Foundation in Education (01)
Humanities & Social Science (01)
Maths (01), Language (01)
Fine Arts/Performing Arts (01)
INSTRUCTOR-01
Health & Physical Education
Qualification & Experience as per the norms of SCERT/NCTE/ State Govt. of U.P.
Send your resume within 15 days at hr.maasharda@gmail.com
7235090000

# केरल के स्कूलों में जुम्बा क्लास, मुस्लिम संगठन का विरोध

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल के स्कूलों में इस साल से जुम्बा क्लास शुरू की जाएंगी। कुछ स्कूलों में ये क्लास शुरू भी हो गई है। केरल शिक्षा विभाग ने नशा विरोधी अभियान के तहत स्कूलों में फिटनेस कार्यक्रम शुरू किया है। इसी के तहत कई स्कूलों ने जुम्बा ट्रेनिंग देना शुरू कर दिया है। मुस्लिम संगठनों ने जुम्बा डांस का विरोध किया है। इन संगठनों ने लड़के-लड़कियों के एक दूसरे के साथ घुलने-मिलने और कम कपड़े पहनकर साथ में डांस करने पर ऐतराज जताया है। मुस्लिम संगठनों का कहना है कि यह अश्लीलता को बढ़ावा देने जैसा है। हमें इसे स्वीकार नहीं करेंगे। विजडम इस्लामिक संगठन के महासचिव टीके अशरफ ने कहा- मेरा बेटा इस सेशन में भाग नहीं लेगा। शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने कहा कि ऐसी सोच समाज में नशीली दवाओं से भी ज्यादा घातक जहर घोल देंगी।

### 'फिटनेस के नाम पर अश्लीलता ना थोपें'

एक मुस्लिम संगठन समस्ता के नेता नसर फैजी कूदाथाई ने इस कदम को व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन और शारीरिक फिटनेस के नाम पर अश्लीलता थोपना बताया। उन्होंने



कहा- जुम्बा में कम से कम कपड़े पहनकर साथ में डांस किया जाता है। अगर सरकार ने बड़े बच्चों को भी ऐसा करने का निर्देश दिया है, तो यह आपत्तिजनक है। नसर फैजी ने कहा, मौजूदा फिजिकल ट्रेनिंग को बेहतर बनाने के बजाय, हमें अश्लीलता करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह उन छात्रों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का भी उल्लंघन है, जिनके नैतिक मूल्य भी डांस करने की अनुमति नहीं देते हैं।

### शिक्षा मंत्री ने कहा, बच्चों को हंसने और स्वस्थ रहने दें

केरल के शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने सरकार के फैसले का बचाव किया और फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया। जिसमें मुस्लिम छात्र जुम्बा सेशन में भाग लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो कासरगोड के थानबीहुल इस्लाम हायर सेकेंडरी स्कूल का है। शिवनकुट्टी ने कहा, बच्चों को खेलने, हंसने, मौज-मस्ती करने और स्वस्थ रहने दें। इस तरह की आपत्तियां समाज में नशीली दवाओं से भी ज्यादा घातक जहर घोल देंगी।

### किसी को कम कपड़े पहनने को नहीं कहा गया: शिवनकुट्टी

शिवनकुट्टी ने कहा कि शिक्षा के अधिकार के अनुसार, बच्चों को सरकार द्वारा निर्धारित सीखने की प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा, इस मामले में माता-पिता के पास कोई विकल्प नहीं है। पेरेंट्स को समझना चाहिए कि यह नशा विरोधी अभियान और जागरूकता कक्षाओं के हिस्से के रूप में आयोजित किया जा रहा है। आपत्तियां शिक्षा में सुधार के बजाय सांप्रदायिकता और मतभेदों को बढ़ावा देंगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)